आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 54, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके 14

परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा 13


मूर्ति विसर्जन पर बवाल

# पथराव व फायरिंग, युवक की मौत

## बहराइच के महराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर विवाद, मौत के बाद वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच।

**अमृत विचार :** बहराइच के महसी तहसील के महराजगंज बाजार में रविवार शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने और जयकारा लगाने को लेकर समुदाय विशेष ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद फायरिंग करने लगे। फायरिंग में युवक को गोली लगी, उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज के सामने युवक का शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।वहीं,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए लखनऊ में जारी बयान में कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एडीजी गोरखपुर एसकेएस प्रताप, देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीजीपी ने एसपी से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। उधर देर शाम थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए रविवार शाम जुलूस निकला। जुलूस हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज बाजार स्थित धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकल रही थी। जुलूस में युवक जयकारा लगा रहे थे। डीजे भी तेज आवाज में बज रहा था। इस पर समुदाय विशेष के लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव के कारण जुलूस में भगदड़ मच गई। अभी लोग संभल पाते कि अराजकतत्वों ने फायरिंग शुरू कर दी। रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा (22) घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गई। पथराव में बहोरिकापुर के तिवारी पुरवा निवासी मक्कर तिवारी, महाराजगंज निवासी सरोज तिवारी समेत 7 लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं, बवाल के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों पर जमकर लाठीचार्ज किया। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। मृतक का नाखून उखाड़ने व 18 से 20 राउंड गोली चलने की बात को पुलिस ने गलत बताया है।



बहराइच के महाराजगंज में विवाद के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

- मेडिकल कॉलेज के सामने शव रखकर प्रदर्शन, पीएसी ने किया लाठी चार्ज
- क्षेत्र में तनाव, एसओ हरदी और चौकी इंचार्ज महसी निलंबित, जांच शुरू

मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। –**एसकेएस प्रताप**, एडीजी जोन गोरखपुर

### महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक संगठनों से संवाद कर मूर्ति विसर्जन समय पर करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। बताया कि सभी को सुरक्षा देने की गारंटी सरकार की है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। जिसकी लापरवाही से घटना हुई उनको चिह्नित करें उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### शव रखकर प्रदर्शन, विसर्जन पर रोक

रामगोपाल का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास चला। सूचना पाकर देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। महराजगंज में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, एसडीम, एडीएम और एएसपी पुलिस व पीएससी के साथ कैंप कर रहे हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में गोली और पथराव को लेकर फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष हरदी एसके वर्मा और चौकी इंचार्ज महसी शिव कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग

## सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- सलमान की मदद करने वाले हिसाब लगा ले

- हत्याकांड में शामिल 4 लोगों में दो बहराइच के
- छह साल पहले गए मुंबई, पंजाब जेल में की मुलाकात

एजेंसी/राज्य ब्यूरो, मुंबई/लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गैंग ने कहा है कि जो सलमान खान की मदद करेगा अपना हिसाब लगाकर रख लेना।

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) को मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात को गोली मार दी थी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि उस सोशल मीडिया पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े बहराइच के रहने वाले शिवा गौतम और धर्मराज कश्यप की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। इन दोनों के अलावा हरियाणा का गुरमेल भी पकड़ा गया है जबकि चौथा शूटर पंजाब के जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैसरगंज कोतवाली की टीम दोनों के परिजन से पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग सिर्फ इतना बता रहे हैं दोनों पुणे में कबाड़ का काम करने गए थे।



मुंबई में पोस्टमार्टम के बाहर उपस्थित एनसीपी के नेता व परिवार के सदस्य।

### बालीवुड के सितारों से थे करीबी संबंध

सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित बॉलीवुड के कई सितारों के करीबी के रूप में भी जाना जाता था। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।



बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के दो शूटरों के नाम सामने आए। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। यूपी पुलिस से जो जानकारी मुंबई पुलिस मांगेगी, उपलब्ध कराई जाएगी। –**अमिताभ यश**, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

### एक नजर

#### हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने को पर्यवेक्षक बने शाह

**नई दिल्ली।** भाजपा ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

#### किसानों ने सड़कें जाम कीं रेल पटरियों पर धरना दिया

**लुधियाना/अमृतसर।** पंजाब के किसानों ने चालू खरीफ विपणन सत्र में धान की कथित धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जहां दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी सड़क नाकेबंदी का आह्वान किया।

# नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

## मुख्यमंत्री लोगों की सुनी समस्याएं, कहा- कमजोरों को उजाड़ने वाले न बख्शे जाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्तता के बाद रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर मंदिर परिसर में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।

योगी ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए।



गोरखपुर में फरियादियों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# दीपावली बाद होली में भी मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली के बाद होली में भी एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह शासनादेश जारी हो गया है।

सरकार के इस निर्णय का सीधा लाभ प्रदेश के 1.85 करोड़ उज्जवला लाभार्थियों को होगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना पूरे देश में चलाई जा रही है। पिछले साल साल दो सिलेंडर निशुल्क उज्जवला लाभार्थियों को दिए गए थे। इस वर्ष लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई है। पिछले साल करीब 85 लाख महिला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला था।

# 9 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### यूपी उप चुनाव

- प्रत्याशियों पर हाईकमान ने लगाई मुहर, नए चेहरों पर लगाएगी दांव
- एक सीट पर लड़ेगी रालोद, संजय निषाद को मनाएंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने रविवार को सभी प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगा दी। भाजपा 9 सीटों पर लड़ेगी, ज्यादातर नए प्रत्याशी उतारे जाएंगे। एक सीट रालोद को दी गई है। साथ ही, निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री को दी गई है। तय हुआ कि प्रत्याशियों के नामों की घोषणा चुनाव अधिसूचना को ध्यान में रखकर 20 अक्टूबर तक की जाएगी।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर रविवार देर शाम हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसास मौर्य और ब्रजेश पाठक समते महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी पहुंचे। दो घंटे मंथन के बाद केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी गई हर सीट से दो-दो प्रत्याशी के पैनल से एक-एक नाम पर सर्वानुमति बनी। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही हिदायत दे रखी थी कि प्रदेश कोर कमेटी खुद हर सीट पर प्रत्याशी तय करे, यदि नहीं कर पाती है, तो पैनल में दो से ज्यादा नाम नहीं होने चाहिए। सहयोगी दलों में रालोद और निषाद पार्टी ने दो-दो सीटों पर दावेदारी पहले ही केंद्रीय नेतृत्व को भेज रखी थी।

सूत्रों का कहना है कि इसमें सिर्फ मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट की रालोद के खाते में गई, जहां वह अपने चुनाव निशान पर प्रत्याशी घोषित करेगें, लेकिन प्रत्याशी चयन में भाजपा की सर्वानुमति भी ली जाएगी। यह भी तय हुआ कि पिछली बार 2022 में जिन दो सीटों पर निषाद पार्टी के कोटे से प्रत्याशी उतारे गए थे, वहां इसबार भाजपा प्रत्याशी की ही प्रत्याशी लड़ेगा। इन प्रत्याशियों के नाम भी तय किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने के साथ चुनाव प्रचार में सभी सीटों पर उनका सहयोग लेने को कहा गया।

# ट्रेन से अपहरण कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## भिंड के सोनी स्टेशन से इटावा आने के लिए कोटा एक्सप्रेस में सवार हुई थी युवती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** इटावा जिले की रहने वाली युवती का शनिवार रात ट्रेन से अपहरण करके सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अपराधी देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर उझियानी गांव के पास फेंक कर फरार हो गए। बाद में युवती ने ग्रामीणों की मदद से परिजनों को फोन कर जानकारी दी। युवती के परिजनों ने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया।

पुलिस के अनुसार इटावा जिले के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शुक्रवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले के एक मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। वह शनिवार शाम भिंड के सोनी रेलवे स्टेशन से कोटा एक्सप्रेस में इटावा आने के लिए सवार हुई। ट्रेन शाम करीब 6 बजे वहां से चली। युवती ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में एक युवक मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो युवक के साथ उसकी कहासुनी हुई। इसके बाद युवक दूसरे कोच में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने पुनः कोच में आकर युवती को बहाने से कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। युवती को जब होश आया तो उसने अपने आप को एक कमरे में बंद पाया। जहां उसे 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उस कमरे में तीन युवक मौजूद थे। तीनों युवकों ने उससे दुष्कर्म किया। देर रात उसे आगरा-कानपुर हाईवे पर उझियानी के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। बकेवर पुलिस ने युवती को रिकवर किया। परिजन भी थाने पहुंच गए।



### दरिंदगी

- रास्ते में ट्रेन में वीडियो बनाने पर हुआ विवाद तो युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया
- शनिवार देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर फेंककर आरोपी फरार

पीड़िता के बयान के आधार पर घटनास्थल का अवलोकन कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। – **शैलेश निगम**, प्रभारी, जीआरपी इटावा

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। – **सत्यपाल सिंह** एसपी (ग्रामीण) इटावा

# महापंचायत पर डासना मंदिर के बाहर बवाल, लाठीचार्ज

**गाजियाबाद।** पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। वहीं लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए।

- उग्र महापंचायत ने नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश की

# महाकुंभ में 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके खुलेगा नेत्र कुंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंख के मरीजों को मुफ्त सुविधा, मिलेगा दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ में आंख की बीमारी से पीड़ित श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके 'नेत्र कुंभ' के जरिए दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण भी मुफ्त करेगी।





महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं को आंख से जुड़ी से परेशानियों के इलाज को लेकर 'नेत्र कुंभ' का शिविर लगाकर सरकार और मेला प्रशासन इलाज की विशेष व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए 9.15 करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी।

### सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डिजिटल डाटा

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

# बाढ़ प्रभावित 3,12,866 किसानों को मिले 163.15 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। 34 जिलों में कुल 1,10,989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी, जिसमें सर्वाधिक लखीमपुर खीरी के किसान शामिल हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ से 371370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 110105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान हुआ है। इसी तरह ललितपुर के प्रभावित 81,839 किसानों में से 54462 किसानों को 21.9 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई।

### यह जिले बाढ़ से रहे प्रभावित

लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, ललितपुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी।

# 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक

## बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर लागू होगी ओटीपी व्यवस्था, तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए चल रहे टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक लग सकेगा। इस नंबर पर ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

इस सेवा पर दर्ज हो रही शिकायतों के निस्तारण पर सवाल उठते रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग ने शिकायत दर्ज कराई थी, साथ ही, इस सेवा में ओटीपी की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। उपभोक्ता परिषद का कहना था है कि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी किए जाएं। साथ ही शिकायत दूर होने के बाद ओटीपी का नंबर बताने पर शिकायत की निस्तारण प्रक्रिया बंद की जाए। आयोग ने नए टैरिफ आदेश में ओटीपी व्यवस्था हर हाल में तीन महीने में लागू करने का निर्देश दिया है।

**दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका- उपभोक्ता परिषद :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 33 हजार करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसके एवज में दरों में कमी नहीं की गई है।



### निस्तारण न होने पर आसानी से मिलेगा मुआवजा

आयोग के निर्देश के तहत अब बिजली बिल के पीछे उपभोक्ताओं को मुआवजा का दावा करने संबंधी जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, बिजली दुर्घटनाओं पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने का समय व प्राप्त धनराशि की जानकारी को वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य कर दिया है। इससे शिकायत निस्तारण न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना आसान हो सकेगा।

# सड़क हादसे में दो विदेशी महिलाओं सहित 3 की मौत

संवाददाता, बसरेहर (इटावा)

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन में पीछे से घुसी कार

**अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात एक कार आगे चल रहे वाहन में पीछे से टकरा गई जिससे कार में सवार दो विदेशी महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा करीब सवा दस बजे ऊसराहार क्षेत्र में किलोमीटर 125 खरगुआ गांव के पास हादसा हुआ। दिल्ली के नंबर की कार से तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार लखनऊ से दिल्ली जा रहा था। उसके साथ कार में तुगलकाबाद निवासी राहुल उर्फ देवेंद्र, मूल निवास अफगानिस्तान हाल पता दिल्ली लाजपत नगर की क्रिस्टीन (20) आतिफा (27), नाज (30) तथा मूलरूप से रूस निवासी हाल पता दिल्ली की कैटरीना (22) सवार थीं।

राहगीरों की सूचना पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, मनोहर सिंह एंबुलेंस सहित पहुंचे और सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। वहां इलाज के दौरान कार चालक संजीव कुमार, नाज तथा कैटरीना की मौत हो गई।

# नर्सिंग होम की एंबुलेंस रास्ते में खराब, मरीज की मौत

## ऑपरेशन से प्रसव के बाद नर्सिंगहोम में पड़ गया था हार्ट अटैक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कॉर्डियोलॉजी ले जाते समय जरीबचौकी के बाद बंद हो गई एंबुलेंस
- हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप, रिपोर्ट दर्ज कराएंगे परिजन

**अमृत विचार।** मरीज को कॉर्डियोलॉजी ले जा रही श्यामनगर स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल की खटारा एंबुलेंस रास्ते में खराब हो गई। जिससे मरीज की हालत बिगड़ गई। बाद में परिजन मरीज को ऑटो से लेकर कॉर्डियोलॉजी पहुंचे लेकिन तब तक मरीज की जान जा चुकी थी। परिजनों ने हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

नौबस्ता के मौरंग मंडी निवासी रजत की 26 वर्षीय पत्नी खुशबू को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर श्यामनगर स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां आपरेशन से खुशबू ने बेटे को जन्म दिया। खुशबू के जेठ चंद्रशेखर ने बताया कि शनिवार शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई।


घटना की जानकारी देते जेठ चंद्रशेखर।

दशहरा होने के कारण हॉस्पिटल में उस समय स्टाफ न के बराबर था। काफी दौड़ भाग के बाद डाक्टर आए और हार्ट अटैक होने की बात कहकर हॉस्पिटल की एंबुलेंस से कॉर्डियोलॉजी के लिए भेजा। रास्ते में जरीब चौकी के पास एंबुलेंस अचानक बंद हो गई। चालक के काफी प्रयास पर जब नहीं चालू हुई तो पुलिसकर्मियों ने मदद की और एक ऑटो से खुशबू को अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। चंद्रशेखर के अनुसार अगर हॉस्पिटल में मौके पर डाक्टर मौजूद होते या रास्ते में एंबुलेंस न बंद होती तो समय से कॉर्डियोलॉजी पहुंच जाते और खुशबू की जान बच सकती थी। उन्होंने हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। वहीं खुशबू के मायकेवालों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। इस बारे में चकेरी थाना प्रभारी ने कहा कि तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होगी।

# चेस्ट अस्पताल के सीएमएस पर अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला कर्मी सीएमएस के पास गई थी निशुल्क एक्सरे कराने
- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और महिला आयोग से शिकायत

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आने वाले डॉ.मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के सीएमएस पर ग्राम पंचायत विभाग की सफाई कर्मी ने अभद्रता करने का आरोप लगाया। महिला सफाई कर्मी ने सीएमएस की शिकायत कॉलेज के प्राचार्य और राज्य महिला आयोग अनीता गुप्ता को पत्र लिखकर की है।

बर्रा सात न्यू एलआईजी निवासी सुनीता देवी ने बताया कि वह ग्राम पंचायत विभाग के अंतर्गत सरवनखेड़ा विकास खंड में सफाईकर्मी है। वह 25 सितंबर को डॉ. मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में पर्चा बनवाकर ओपीडी में डॉ. अवधेश कुमार से परामर्श लिया, डाक्टर ने एक्सरे कराने को कहा। सरकारी कर्मचारी होने के कारण वह एक्सरे फार्म लेकर मुख्य चिकित्साधीक्षक के पास गई और उनसे एक्सरे निशुल्क करने का अनुरोध किया। आरोप है कि सीएमएस बोले कि ग्राम पंचायत विभाग के कर्मचारी को निशुल्क जांच का अधिकार नहीं है। तेज शब्दों में अभद्रता के साथ बोले कि सफाई कर्मचारी होकर इतने अच्छे कपड़े पहनकर आ सकती हो तो क्या एक्सरे का पैसा नहीं दे पा रही हो। आरोप है कि शिकायत करने की बात कहने पर सीएमएस आग बबूला हो गए और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया। महिला ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला और महिला राज्य आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबध में सीएमएस डॉ.एस के सिंह ने बताया कि महिला कर्मी किसी के कहने पर ऐसे झूठे आरोप लगा रही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


अजय कपूर और भाजपा में शामिल पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# अजय कपूर ने इंटक में लगाई झाड़ू

विशेष संवाददाता, कानपुर

- बड़े नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**अमृत विचार।** भाजपा नेता पूर्व विधायक अजय कपूर ने उपचुनाव से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया है। कोपरगंज खलवा मिल कंपाउंड में कांग्रेस के श्रमिक संगठन इंटक और नवयुवक क्रांति दल के नेता और कार्यकर्ता अजय के नेतृत्व में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।

नवयुवक क्रांतिदल के संयोजक इंटक के पूर्व नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार दुबे, इंटक के प्रदेश के जोनल अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, संगठन मंत्री रवि बाल्मिकी, उपाध्यक्ष (उन्नाव) जे एन शर्मा, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, अमित त्रिपाठी, उमाशंकर, अनिल कुमार, शिव कुमार, अमन, रमन कुमार, अजीत शर्मा, मंत्री शिवा बाल्मिकी, अनूप कुमार, संयुक्त मंत्री जितेंद्र कुमार, मंत्री ( घाटमपुर) दया प्रसाद द्विवेदी, मंत्री (पतारा) रवि शंकर तिवारी, मंत्री रतन लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी अस्वश्थामा शुक्ला, कानपुर अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, कोमल शर्मा, सदस्य अनिल तिवारी, मनीष कुमार, नितिन कुमार गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को अजय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। अजय कपूर ने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं। उपचुनाव में भाजपा सभी दस सीटें जीतेगी। इस अवसर पर अंबुज शुक्ला, महेश प्रसाद दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, शिवप्रसाद लोधी, राजू तिवारी आदि का सहयोग रहा।


पंजाब नेशनल बैंक में आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# पंजाब नेशनल बैंक में आग से अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एसी में आग लगने से अफरातफरी मच गई। कर्नलगंज फायर स्टेशन से दो दमकल मौके पर पहुंचीं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रविवार को सुबह 9 बजे नवाबगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं उठते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी जिससे कर्नलगंज फायर स्टेशन के प्रभारी प्रदीश शर्मा की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची। बैंक अधिकारी विनय वर्धन भी आ गए।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने दोपहर 12 बजे आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

# बंगाल के शिक्षक ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** मूलरूप से बंगाल के हुबली निवासी अंग्रेजी के शिक्षक ने शनिवार को कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिक्षक चार दिन पहले ही अलीगढ़ से शहर आया था।

हुबली निवासी शहजाद अली का 28 वर्षीय शिक्षक बेटा मुशफ्फर पत्नी इश्मो खातून व पांच वर्षीय बेटे के साथ अलीगढ़ में रहता था। चार दिन पहले ही वह नौकरी की तलाश में शहर आया था। उसके मामा ससुर सुजाउद्दीन ने बताया कि वह यहां मुंशीपुरवा में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। शनिवार शाम करीब पांच बजे उसके मकान मालिक ने शव फंदे से लटका देखा तो इसकी खबर बाबूपुरवा पुलिस को दी।

पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मुशफ्फर का प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक लड़की के बुलाने पर शहर आया था। उक्त युवती को परिजनों के साथ बुलाया गया है।

# जुलूस-ए-गौसिया कल निकलेगा 10 फिट से ऊंचे झंडे पर प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बड़े पीर साहब की याद में नीची सड़क कर्नलगंज, फेथफुलगंज, रावतपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस-ए-गौसिया निकाला जायेगा। हाईटेंशन बिजली के लाइनों से अलम को बचाने के लिए 10 फिट से ऊंचे झंडे पर रोक लगा दी गई है।

रविवार को आल इंडिया सुन्नी जमीअत उलमा की कर्नलगंज में जुलूस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई जिसकी अध्यक्ष अंजुमन गौसिया के प्रमुख नफीस नूरी ने की। अंजुमन फिदायाने मुस्तफा के बैनर तले फेथफुलगंज से जुलूस उठेगा जिसकी तैयारियों को लेकर रविवार को मस्जिद दीन मोहम्मद सौदागर फेथफुलगंज में बैठक हुई। अध्यक्षता शहरकाजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने की। अंजुमनों से कहा गया कि जुलूस में 10 फिट से ऊंचा झंडा लेकर नहीं चलें। जुलूस में डीजे कतई नहीं बजाएं बल्कि माइक से नात शरीफ पढ़ते चलें। कोई ऐसा नारा नहीं लगाएं जिससे किसी भी भावनाएं आहत हों। बैठक में कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी नायब शहर काजी, कारी अनवर उल हक, मोहम्मद इमरान अंसारी, हाफिज सैयद फैज उल रहमान बरकाती, महबूब आलम खान, अखलाक अहमद चिश्ती, अयाज अहमद चिश्ती, कलीमुल मुबीन, सरफराज, मोहम्मद दानिश, महबूब वारसी, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद शारिक आदि थे।


जुलूस-ए-गौसिया की तैयारियों को लेकर बैठक करते उलेमा। अमृत विचार

- नीची सड़क कर्नलगंज, फेथफुलगंज, रावतपुर समेत कई क्षेत्रों में उठेगा जुलूस

## सार-संक्षेप

### सड़क पर गिरा सब्जी दुकानदार, मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के मिर्जापुर नई बस्ती निवासी सब्जी दुकानदार सुखबीर उर्फ काली (52) शनिवार दोपहर किसी काम से आवास विकास सेक्टर-1 गया था। एलआईसी बिल्डिंग के पास अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने काली को समीप के अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में काली की पत्नी मंजू व भाई ने शिनाख्त की। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईटी की छात्रा को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** गहोई वैश्य समाज ने समाज की होनहार बिटिया प्रगति खरया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आईआईटी में पीएचडी का छात्रा प्रगति फांसी लगाकर जान दे दी थी। प्रगति के ताऊ डॉ. गोपाल दास खरया ने बताया कि आईआईटी से अभी तक किसी ने संपर्क नहीं किया न ही संवेदना व्यक्त की। कहाकि ऐसे गुरु नहीं होने चाहिए जिन्हें अपने शिष्यों की कोई परवाह न हो। श्रद्धांजलि सभा में प्रगति के जीवन पर चर्चा हुई। प्रगति के नजदीक रहे लोगों ने यादें साझा कीं। श्रद्धांजलि सभा में पी. सी. कुरेले, गुलाब चंद्र नगरिया, उमा शंकर गुप्ता, संजय बिस्वारी, उमेश लोहिया, निर्भय प्रकाश रेजा, जयंत सेठ, चंद्र कांत सेठ, नरसिंह गुप्ता आदि रहे।

### घर-घर गए भाजपाई, कुंडी खटखटा बनाए सदस्य

**कानपुर।** रविवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री, एमएलसी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता के नेतृत्व में भाजपाई बाजार-बाजार घूमे और सदस्य बनाए। अनूप गुप्ता ने आर्य नगर विधानसभा के जनरल गंज मंडल से सदस्यता महाअभियान की शुरुआत की। लईया बाजार स्थित भगवान व्यंकटेश मंदिर में आरती के बाद दानाखोरी, हूलागंज से गड़रिया मोहाल, लखनऊ फाटक तक अनूप गुप्ता और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सैकड़ों व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। इसके बाद कलक्टरगंज मंडल में सदस्यता अभियान में अनूप गुप्ता और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने दलित बस्ती लक्ष्मीपुरवा, कुम्हार वाली गली में घर-घर कुंडी खटखटाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सीसामऊ विधानसभा के रायपुरवा मंडल के राखी मंडी और कारवालो नगर में घर-घर सदस्यता अभियान चलाया गया। कौशलपुरी मंडल के गुमटी नंबर 5 बाजार में दुकानों में भी सदस्यता अभियान चलाया गया।

# पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में मेहरबान सिंह का पुरवा में बुधवार रात जलकर मरी महिला के भाई ने उसके पति समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंदिरानगर, सरस्वती विहार निवासी राखी कश्यप (33) के भाई बसंत ने बताया कि 2015 में बहन की शादी मेहरबान सिंह का पुरवा निवासी जलकल में संविदाकर्मी सुनील से हुई थी। आरोप है कि सुनील का परिवार की महिला से अवैध संबंध है, जिसका राखी विरोध करती थी। सुनील के साथ बहन के जेठ सुशील और सास सुशीला देवी व एक अन्य उसे प्रताड़ित करते थे। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि बसंत की तहरीर पर पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# रावतपुर में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया

कल्याणपुर संवाददाता

**अमृत विचार।** रावतपुर में भाजपा की सदस्यता लेने वाले मुस्लिम युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक स्टोरी लगाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया। बजरंग दल समेत अन्य संगठनों ने तहरीर पुलिस को दी है।

रावतपुर के गणेश नगर निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता पवन सविता के मुताबिक इलाके में रहने वाले एक मुस्लिम युवक ने भाजपा की सदस्यता ली है। युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक स्टोरी लगाई है जिसमें रामलला स्कूल के पास से निकल रहे जलूस में भारत विरोधी गीत बजते हुए सुनाई दे रहे हैं। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर कारवाई की जाएगी।

### गाय के ऊपर रखकर पटाखा छुड़ाया

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में गाय के ऊपर रखकर पटाखा छुड़ाने वाले शरारती किशोर को पकड़कर पुलिस पूछताछ कर रही है। किशोर के पास से पुलिस ने पटाखे बरामद किए हैं। पनकी चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक शरारती किशोर ने गाय के ऊपर बम रखकर उसमें आग लगा दी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने किशोर को पकड़ लिया है। उसके पास से पुलिस ने तीन दईमार बम भी बरामद किए हैं। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक युवक ने विश्वविद्यालय में साथ पढ़ने वाली छात्रा को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। शादी से इनकार करने पर छात्रा ने आरोपी छात्र के खिलाफ रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छात्रा के मुताबिक डेढ़ साल पहले विवि के ही एक छात्र ऋतिक पटेल से उसके प्रेम संबंध हुए। ऋतिक उसे अपने परिजनों से मिलाने घर भी ले जाने लगा। आरोप है कि उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

कुछ दिन पहले उसने शादी से इनकार कर दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नामांतरण शुल्क के मुद्दे पर व्यापारी साथ आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व पार्षद फोरम का एक प्रतिनिधि मंडल संयोजक मदनलाल भाटिया के नेतृत्व में महाराजपुर विधानसभा के प्रमुख बाजारों में घूमा और व्यापार मंडलों एवं व्यापारिक संगठनों से नगर निगम में वसूले जा रहे नामांतरण शुल्क एवं गृहकर वृद्धि का विरोध किया। व्यापारियों को मांग पत्र देकर समर्थन मांगा।

पार्षद फोरम ने हरजिंदर नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, लाल बंगला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह, होटल गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सुखबीर सिंह मलिक, महामंत्री राजकुमार भक्तानी, रामादेवी व्यापार मंडल के राकेश वर्मा, महामंत्री आरएस विश्नोई, जाजमऊ व्यापार मंडल के अखलाक अहमद को मांग पत्र सौंपा। लाल बंगला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना हमारे संरक्षक हैं, हम लाल बंगला के व्यापारियों की तरफ से उनसे यह मांग करेंगे कि जन विरोधी कानून एवं वसूली को रुकवाएं। रामादेवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने आश्वासन दिया कि व्यापार मंडल के सदस्यों की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पास करेंगे। अखलाक अहमद ने कहा कि पूर्व पार्षद फोरम की इस लड़ाई में हम साथ हैं। मदन लाल भाटिया ने बताया कि फोरम के सदस्यों की अगली बैठक 16 अक्टूबर को 80 फीट रोड में पूर्व पार्षद सुमन तिवारी के आवास पर होगी। अरुण कुमार द्विवेदी, तहव्वर खान, अबरार अहमद, अमीन बाबा, अंजीला वर्मा, योगेश वर्मा, देवी प्रसाद निषाद, बाबूराम सोनकर आदि रहे।


व्यापारियों को मांग पत्र देते पार्षद फोरम के सदस्य।

चुनाव | अख्तर हुसैन अख्तर महामंत्री बने, नसीरुद्दीन बने उपाध्यक्ष

# यतीमखाना प्रबंध समिति में हाफिज अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड स्थित अंजुमन यतीमखाना प्रबंध समिति में हाफिज मोहम्मद उमर अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर अख्तर हुसैन अख्तर निर्वाचित हुए।

रविववार को यतीमखाना प्रबंध समिति में अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर चुनाव हुआ। दोनों ही पद के लिए दो-दो उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव अधिकारी मोहम्मद आसिफ अली एडवोकेट की देखरेख में प्रबंध समिति के 34 सदस्यों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों पूर्व विधायक हाफिज मोहम्मद उमर और डॉ. तारिक रजा फात्मी को 17-17 मत मिले जिससे चुनाव टाई हो गया लेकिन पूर्व विधायक को बुजुर्ग होने का लाभ देते हुए 80 वर्ष तक अध्यक्ष पद पर रहने के लिए सर्वसम्मति से रजामंदी हुई। अख्तर हुसैन अख्तर एक बार पुनः महामंत्री के पद पर निर्वाचित हुए हैं। महामंत्री चुनाव में फिरोज आलम को 14 वोट जबकि अख्तर हुसैन अख्तर को 20 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर नसीरुद्दीन एडवोकेट, संयुक्त सचिव पर मोहम्मद शारिक, वित्त सचिव पद पर जफर फिरोज, इंटरनल ऑडिट पद पर मसरुर अहमद चुने गये।

महामंत्री का कहना है कि जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी और यतीमखाना के विकास पर रणनीति बनाई जाएगी। सकुशल मतदान कराने में कैंट विधायक रुमी हसन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर हाजी मोहम्मद सलीस आदि मौजूद रहे। इसके अलावा फिरोज आलम, डॉ. गयासुद्दीन मोहम्मद, रुही खालिद, मोहम्मद कय्यूम, डॉ. जमालुद्दीन अहमद, मोहम्मद जुनैद इराकी, शाहिद कामरान खान कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए।


यतीमखाना प्रबंध समिति के निर्वाचित अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद उमर, महामंत्री अख्तर हुसैन और अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# संदिग्ध दशा में पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

**कानपुर।** बर्रा आठ स्थित एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है, जबकि पेट्रोल पंप प्रबंधन हार्ट अटैक बता रहे हैं।

बांदा के पैलानी निवासी राजकुमार सागर कई सालों से परिवार संग वरुण विहार कच्ची बस्ती में रह रहे हैं। उनके परिवार में गर्भवती पत्नी आरती और तीन बेटियां हैं। राजकुमार छह माह से पेट्रोल पंप पर हवा भरने का काम कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि पेट्रोल पंप पर जेनरेटर के पास करंट लगने से उसकी मौत हुई है। वहीं, पेट्रोल पंप के मैनेजर जीतेन्द्र मिश्रा ने बताया कि राजकुमार सुबह हवा मशीन चालू कर काफी देर कुर्सी पर बैठा रहा। बाद में पानी पीने गया था। वहीं हार्ट अटैक पड़ गया। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# भाजपा में प्रचारकों को भेजने के प्रस्ताव पर विचार संभव

विशेष संवाददाता, कानपुर

- मथुरा में तय होगा आरएसएस शताब्दी वर्ष मनाने का ब्लू प्रिंट
- शताब्दी वर्ष में उपलब्धियों का ढिंढोरा नहीं पीटेगा आरएसएस

**अमृत विचार।** आरएसएस 24 और 25 अक्टूबर को मथुरा में अखिल भारतीय कार्यकारी समिति की बैठक में कुछ बड़ा करने का तानाबाना बुनने में जुट गयी है।

आरएसएस के सूत्र बताते हैं कि शताब्दी वर्ष में उपलब्धियों को जन-जन तक ले जाने के लिए नया ब्लू-प्रिंट तैयार किया गया है जिस पर मथुरा में चर्चा होगी। एक लाख तक शाखा संख्या बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही आनुषांगिक संगठनों की वैचारिक मजबूती और जनस्वीकार्यता पर भी संघ योजना बना रहा है। भाजपा को प्रचारक देने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा सकता है। यह बैठक वृंदावन के परखम में होगी। इसमें संघ के सभी 45 प्रांतों और 11 क्षेत्रों के संघ चालक शामिल होंगे। कानपुर प्रांत के प्रचारक श्रीराम सिंह भी शामिल होंगे।

नागपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत पहले ही कह चुके हैं कि संघ अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा क्योंकि कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की उसकी मंशा नहीं है। सौ वर्षों में संसाधनों के अभाव में संघ की जमीनी मजबूती और बढ़ती शाखाओं से हिंदुत्व के पक्ष में माहौल बना है जिसका राजनीतिक लाभ मिला है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 खत्म करने में मदद मिली। केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारों के कार्यकाल में हिंदू जागरण में खासी प्रगति हुई है। सामंजस्य बनाए रखने के लिए भाजपा में संघ का परोक्ष हस्तक्षेप प्रभावी ढंग से बनाए रखने पर चिंतन किया जाएगा। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। संघ के लोग कहते हैं कि स्थापना के सौ वर्षों के दौरान हासिल हुई प्रमुख उपलब्धियों में राम मंदिर निर्माण को मुख्य माना जा रहा है। भाजपा को सत्ता तक पहुंचाना भी बड़ी उपलब्धियों की श्रेणी में है। जनमानस के मन में हिंदू राष्ट्र की भावना को लेकर गौरव का भाव उत्पन्न सबसे अहम एजेंडा हो सकता है। समस्त हिंदू समुदाय को एक सूत्र में पिरोने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेगा। जाति,वर्ग भेद से ऊपर उठकर व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण का कार्य भी संघ का स्थायी एजेंडा है।

**आज का मौसम**

अगले पांच दिन हल्के बादल छाये रहने के आसार।

| 31.4° | 23.4° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 07 | सूर्यास्त 05 : 41 |

## एक नजर

### दीपावली तक खुला रहेगा गोविंद नगर बाजार

**कानपुर।** दीपावली पर्व तक गोविंद नगर बाजार में मंगलवार की बंदी नहीं होगी। गोविंद नगर के व्यापारियों ने रविवार को बैठक कर यह निर्णय लिया है। बैठक में गोविंद नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य ने कहा कि साप्ताहिक बंदी के दिन गोविंद नगर बाजार खुला रखने का फैसला गोविंद नगर व्यापार मंडल की ओर से लिया गया है। बैठक में अंकुर खन्ना, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, हरप्रीत सिंह स्वीटी, अरुण कुमार बाजपेयी, राजेन्द्र मेहता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### कैबिनेट मंत्री ने गुरु से आर्शीवाद लिया

**कानपुर।** कैबिनेट मंत्री राकेश सचान रविवार को फत्तेपुर स्थित नित्तेश्वर धाम में अपने गुरु से आर्शीवाद लेने पहुंचे। सचान ने कहाकि उनके जीवन में गुरु महाराज का बड़ा महत्व है। महाराज श्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा की मानव सेवा से बड़ी कोई दूसरी सेवा नहीं हो सकती। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय प्रचारक मनोज गुप्ता सोनू, समाजसेवी अनिल तिवारी मौजूद रहे।



उर्सला में इलाज कराने पहुंचे घायल दरोगा गौरव सोनकर। अमृत विचार


आरोपी युवक को टांगकर कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार


पथराव के बाद घटनास्थल पर बिखरे पड़े पत्थर। अमृत विचार

# चार घंटे पथराव, दरोगा-सिपाही समेत छह घायल

## युवक ने किरायेदारों से मकान खाली कराने के लिए उनकी गृहस्थी की तहस-तहस, फायर ब्रिगेड ने उपद्रवी युवक को मशक्कत करके नीचे उतारा

कार्यालय संवाददाता कानपुर

- आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज, परिजन बोले, युवक मानसिक बीमार
- ग्वालटोली चूड़ी वाली गली में मचा कोहराम, आस-पास की गलियां सूनी हो गईं

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में दशहरा के दिन किरायेदारों से मकान खाली कराने के लिए युवक ने पूरे क्षेत्र का माहौल खराब कर दिया। युवक किरायेदारों की गृहस्थी तहस-नहस करने के बाद मुख्य गेट पर अंदर से कुंडी लगाकर चौथी मंजिल पर चढ़ गया और वहां से करीब चार घंटे तक जमकर पथराव किया। पथराव से मकान के आसपास इलाके में भगदड़ मच गई। लोग किसी तरह जान बचाकर भागे। गलियां सूनी हो गईं। पथराव में छह लोग घायल हो गए जिनमें एक दरोगा व सिपाही भी हैं। चार घंटे की अफरातफरी के बाद फायर ब्रिगेड टीम ने मशक्कत कर आरोपी युवक को किसी तरह चौथी मंजिल से नीचे उतारा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं परिजन आरोपी युवक को मानसिक रोगी बता रहे हैं। घायल पुलिसकर्मियों का उर्सला में इलाज कराया गया।

ग्वालटोली चूड़ी वाली गली में कोयला व्यापारी संजय गुप्ता का चार मंजिला मकान है। जहां अनिल, सूरजबली, मैकू, अलीशा आदि किरायेदार हैं। किरायेदारों ने पुलिस को बताया कि मकान मालिक का 30 वर्षीय बेटा गौरव गुप्ता उर्फ मालू उनसे मकान खाली करने को कह रहा था। आरोप है कि दशहरा वाले दिन सुबह 7 बजे मालू ने सभी से गालीगलौज करते हुए घर के बाहर बाहर निकाल दिया। इसके बाद उनके कमरों में जाकर गृहस्थी तहस-नहस कर दी। जान से मारने की धमकी दी। कुछ सामान उठाकर नीचे सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद अंदर से कुंडी लगाकर खुद चौथी मंजिल पर चढ़ गया और वहां से पथराव करना शुरू कर दिया।

पथराव में अनिल, उसकी पत्नी अनीता, सूरज बली, मैकू घायल हो गए। पुलिस पहुंची तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर भी पथराव कर दिया। जिसमें दरोगा गौरव सोनकर और सिपाही मिलन सिंह घायल हो गए। लहूलुहान अवस्था में दोनों पुलिसकर्मियों को उर्सला अस्पताल भेजा गया। पथराव में पीआरवी वाहन का शीशा भी टूट गया। तब तक सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थितियां बिगड़ती देख पुलिस ने फायर ब्रिगेड कर्मियों को बुलाया। आरोपी ने सिलेंडर का पाइप खोलकर नीचे फेंककर धमाका करने व खुद को चाकू मारकर आत्महत्या करने की धमकी दी। फायर ब्रिगेड कर्मी सीढ़ी के सहारे किसी तरह चौथी मंजिल पर पहुंचे और मशक्कत कर आरोपी को नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। करीब चार घंटे से अधिक इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा। कई थानों का फोर्स मौके पर मौजूद रहा और सड़क व गलियों में ईंट-पत्थर फैले रहे। घटना के संबंध में एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि पथराव में दरोगा-सिपाही व अन्य लोग घायल हुए हैं।

आरोपी युवक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य संगीत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है। उसके परिजनों ने उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही है।

### सुनवाई नहीं हुई तब यह कदम उठाया

आरोपी गौरव गुप्ता का उर्सला में मेडिकल कराया गया। वहां डॉक्टर के पूछने पर वह एक-एक प्रश्न का उत्तर देता रहा। उसने कहा कि किरायेदारों से मकान खाली कराने के लिए कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। ग्वालटोली थाने जाकर कई बार अधिकारियों से कहा और चक्कर काटे, लेकिन उसकी कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार थक हारकर उसे यह कदम उठाना पड़ा।

### पुलिस देखती रही तमाशा

शनिवार सुबह 7 :30 बजे युवक के बवाल करने की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो आरोपी ने जमकर उत्पात मचाया। पथराव होते देख आसपास रहने वाले अपने घरों में दुबक गए। पथराव के कारण पुलिसकर्मी भी दूर किसी आड़ का सहारा लिए तमाशबीन बने रहे। चार घंटे बाद आरोपी पुलिस की पकड़ में आया। सुबह करीब 11 :45 बजे मामला शांत हुआ।

### मीडिया कर्मियों पर भड़के पुलिसकर्मी

ग्वालटोली में पथराव की कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों को पुलिसकर्मियों ने रोका और धमकी दी। इसके बाद जब घायल दरोगा-सिपाही को पुलिस उर्सला लेकर पहुंची और कवरेज करने मीडिया कर्मी पहुंचे तो वहां भी पुलिस ने कैमरे पकड़ लिए।

## बरौनी समेत कई ट्रेनों के रूट बदले कई निरस्त

**कानपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के डोमिनगढ़ एवं जगतबेला स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों का निरस्तीकरण और कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। कई ट्रेनों का कुछ स्टेशनों पर ठहराव खत्म कर दिया गया है। ये जानकारी उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने दी।



**ये ट्रेनें निरस्तः**छपरा-मथुरा-छपरा 16 से 25 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस 16 से 26 अक्टूबर तक रद रहेगी। बरौनी ग्वालियर 17 से 27 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी।

**इन गाड़ियों का रूट बदलाः** 02563 एवं 02564 बरौनी नई दिल्ली, 02569 एवं 02570 नई दिल्ली दरभंगा वाया कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, छपरा होते चलेंगी। इन गाड़ियों का ठहराव सीवान, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर स्टेशन पर नहीं होगा।

15707 एवं 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस छपरा, औडिहार, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल स्टेशन होकर चलेगी लेकिन इस ट्रेन का ठहराव सीवान, मेरवा, देवरिया सदर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, बादशाह नगर, ऐशबाग और उन्नाव नहीं होगा।

### बरसे पुष्प...


श्रीरामलीला भवन मेस्टन रोड में श्रीराम-भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। प्रभु राम से गले मिलकर भरत और शत्रुघ्न रो पड़े। भाइयों के मिलन की इस लीला को देख दर्शकों की आंखें भी नम हो गईं। लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया।

## केपीएम अस्पताल की 17 दवाएं जांच के लिए भेजीं

**कानपुर।** बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल से ड्रग विभाग की टीम ने 17 दवाओं के नमूने एकत्र करके जांच के लिए लखनऊ स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है।

ड्रग विभाग की टीम ने केपीएम से 17 तरह की दवाओं के नमूने लिए हैं, जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान के मुताबिक एंटीबायोटिक, गैस, वायरल आदि मर्ज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के नमूने लेकर लखनऊ प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जांचरिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि दवाओं में कितने प्रतिशत तत्व उपलब्ध हैं।

### दवाओं में मिला खड़िया और चूना

ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान के मुताबिक बिरहाना रोड स्थित दो मेडिकल स्टोरों से लिए गए नमूनों की रिपोर्ट आने पर जानकारी मिली कि काइमोरल फोर्ट के दो अलग-अलग बैच थे। इसमें सॉल्ट बिल्कुल भी नहीं पाया गया। इन दवाओं में खड़िया या चूने का इस्तेमाल किया जा रहा था। 18 नमूनों में से छह की रिपोर्ट आ गई है। यह नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। 12 तरह की दवाओं की रिपोर्ट आनी बाकी है। इनकी पैकेजिंग देख और बिल न दे पाने पर शक हुआ था। दोनों मेडिकल स्टोर की क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी है। इनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

## पुलिस को सौंपे लैपटॉप-मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑक्सीजन थेरेपी देकर बूढ़ों को जवान करने का मामला
- दस्तावेज व पीड़ितों के दावों के मिलान में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** इस्राइल की मशीन से ऑक्सीजन थेरेपी देकर बूढ़ों को जवान करने का दावा करने वाले आरोपी दंपति ने पुलिस को अपना कार्यालय रजिस्टर, लैपटॉप, मोबाइल समेत कई अन्य दस्तावेज सौंपे हैं। पुलिस दस्तावेज व पीड़ितों के दावों के मिलान में जुटी है।

आरोपी दंपति स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे व उसकी पत्नी रश्मि के खिलाफ रेनू सिंह चंदेल ने 20 सितंबर को धोखाधड़ी और ठगी के आरोप में किदवईनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद कई और पीड़ित पुलिस के सामने आए और ऑक्सीजन थेरेपी के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप लगाया। सात अक्टूबर को आरोपी राजीव दुबे ने पुलिस के सामने आकर खुद को निर्दोष बताया। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा के मुताबिक फर्म के खाते में 76 लाख के लेनदेन होने के सबूत हैं, लेकिन खाते में ज्यादा रुपये नहीं हैं।

### दावे करने वाले नहीं दे पा रहे सबूत

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि ठगी हुई है, लेकिन जितने करोड़ रुपये की ठगी का दावा किया जा रहा है, उतना नहीं है। दावा करने वाले सबूत नहीं दे पा रहे हैं।

### गार्ड का आरोप, नहीं मिला वेतन

रिवाइवल वर्ल्ड कंपनी कार्यालय के गार्ड ने भी पुलिस से गुहार लगाई है कि उनका वेतन नहीं दिया गया है। गार्ड ने पुलिस अधिकारियों को तहरीर दी है कि वह काफी समय से कंपनी में गार्ड है, लेकिन कई बार मांगने के बाद भी उनका वेतन नहीं दिया गया। आरोपी दंपति टरकाते रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गार्ड के लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## पारा गिरा, आज हल्की बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच दिन तक प्रभावित रहेगा शहर का मौसम



**अमृत विचार।** मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार को हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम में आए बदलाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान गिरा है। पांच दिन तक मौसम में बदलाव की संभावना है।

रविवार को अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह शनिवार के मुकाबले तीन डिग्री कम है। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री नीचे चला गया। इस महीने में ऐसा पहली बार हुआ है जब अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे है। हालांकि न्यूनतम तापमान में बादलों के कारण वृद्धि हुई। न्यूनतम पारा 22.8 से बढ़कर 23.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग का मानना है कि 15 अक्टूबर तक हल्के बादल छाए रहेंगे। सोमवार को हल्की बारिश की संभावना है। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में मची उथल पुथल ने उत्तर भारत समेत कई राज्यों के मौसम को प्रभावित कर दिया है। दक्षिण के कई राज्य बारिश की चपेट में हैं। दो मौसमी सिस्टम बन जाने से बादलों का डेरा कई राज्यों में आंशिक रूप से हो गया है। इससे निम्न दबाव होने से बारिश की संभावना है। मौसम में अगले पांच दिनों तक परिवर्तन बना रह सकता है। सोमवार को पैची रेन से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। 15 अक्टूबर के बाद तापमान में और उतार-चढ़ाव होगा।

## नर्सिंग होम संचालन में बहुत दिक्कतें, जल्द सरकार को बताएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन का यूपीकॉन 2024 के तहत हुआ सम्मेलन

**अमृत विचार।** तिलक नगर स्थित होटल विजय विला में रविवार को उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन ने यूपीकॉन 2024 के तहत सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमे उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, कर्नाटक, केरल, राजस्थान समेत आदि प्रदेश के डॉक्टर शामिल हुए। नर्सिंग होम संचालकों ने संचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की और निदान कैसे हो सकता है, इस पर विचार किया।

उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन ने कोलकाता में डॉक्टर की हत्या पर गुस्सा प्रकट कर विरोध किया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों व मेडिकल छात्र-छात्राओं पर हमला न किए जाने की मांग सरकार से की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.एमके सरावगी ने कहा कि इंश्योरेंस कंपनी अपना रेट कम करती चलीं जा रहीं हैं, जिसकी वजह से नर्सिंग होम संचालकों को कई प्रकार की दिक्कतें हो रही हैं। ऑपरेशन, जांच व मरीज के इलाज करने पर भी संचालकों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है, जिसकी अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष की करनी चाहिए। साथ ही आयुष्मान के तहत नर्सिंग होम में इलाज कराने के नियम में कुछ बदलाव भी करने चाहिए। इसके साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार को पत्र लिखा जाएगा। सम्मेलन में पनेशिया हॉस्पिटल के संचालक डॉ.विकास शुक्ला को बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.विकास शुक्ला न्यूरो से संबंधित समस्याओं को दूर करने में कई प्रकार की तकनीकों का प्रयोग बड़ी ही सरलता से करते हैं, जिसकी वजह से मरीज जल्द स्वस्थ होते हैं। इसके साथ ही वह मिर्गी, माइग्रेन, ब्रेन स्ट्रोक व न्यूरो से संबंधित बीमारी पर कई जागरूकता अभियान का भी संचालन नियमित करते रहते हैं। इस दौरान एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ.सुनील सिन्हा, डॉ.आरएन चौरसिया, डॉ.दीपक श्रीवास्तव, डॉ.जेएस कुशवाहा, डॉ.रेनू गहलोत आदि डॉक्टर मौजूद रहे।



पनेशिया अस्पताल के संस्थापक डॉ. विकास शुक्ला का सम्मान हुआ। अमृत विचार

**विकास की राह** | जलभराव, नाली व सड़क निर्माण होंगे, नगर निगम निधि से होंगे कार्य

## नौघड़ा, दालमंडी समेत कई बाजारों की सुधरेगी हालत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम पुरानी बाजारों में जलभराव, खराब सड़कों और टूटी नालियों की समस्या ठीक करने जा रहा है। कोपरगंज, दालमंडी, नौघड़ा कपड़ा बाजार, धनकुट्टी समेत कई बाजारों में नगर निगम निधि से कार्य होंगे। मंगलवार को करीब 4.12 करोड़ रुपये से 54 कामों के लिये निविदा डाली जाएगी।

नगर निगम सभी जोन में अलग-अलग 54 कार्य कराने जा रहा है। इसमें सड़क, पैचवर्क, नाली निर्माण, सीवर संबंधी कार्य होना है। जोन 1 में कोपरगंज चौराहे से न्यू हमराज तक नाली का निर्माण होना है। यहां नाली न होने की वजह से जलभराव हो रहा है। इसी तरह दालमंडी में नाली निर्माण व सीसी सड़क का निर्माण होना है। यहां आरा मशीन वाली सड़क खराब है। नौघड़ा कपड़ा बाजा सुतनाखाना और धनकुट्टी में जलनिकासी की समस्या है। इसके अतिरिक्त विजय नगर धोबीघाट से मलिन बस्ती तक सीवर लाइन डालने का कार्य होगा यहां सीवर भराव की समस्या से लोग परेशान हैं। सुरमा मंदिर के पास भारत माता स्थल का सुधार, जामा मस्जिद होते हुये तकिया पार्क तक गली का सुधार कार्य, कोयला नगर में सड़क व नाली सुधार, संजीव नगर वार्ड 31 में गली और नाली का सुधार कार्य, रूमा में सड़क व नाली का निर्माण, नरपत नगर, मंगलाविहार समेत अन्य जगह विकास कार्य होना है।


दाल मंडी में टूटी पड़ी सड़क। अमृत विचार


नौघड़ा बाजार में सीवर भराव। अमृत विचार

- 4.12 करोड़ रुपये से होंगे कार्य नगर निगम में 15 अक्टूबर को पड़ेंगे टेंडर

> मंगलवार को लगभग सवा 4 करोड़ रुपये के टेंडर आमंत्रित होंगे। बाजारों के साथ ही अन्य जगह भी विकास कार्य होंगे।
>
> –सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, मुख्य अभियंता सिविल

## 125 बच्चों को छात्रवृति बांटी

कानपुर। दिवंगत पारस दास जैन मेमोरियल सोसाइटी ने होनहार और जरूरत मन्द छात्रों को छात्रवृति वितरण व छात्र अलंकरण समारोह सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज आनंदपुरी में आयोजित किया। मुख्य अतिथि एमएलसी अरुण पाठक थे। संस्था के प्रमुख डॉ. अनूप जैन ने बताया कि लगभग 21 वर्षों से छात्रवृति वितरण समारोह हो रहा है। 10 विद्यालयों के लगभग 125 बच्चों को छात्रवृति अरुण पाठक ने प्रदान की। संस्था द्वारा विद्यालय के चयनित 5 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों में डॉ अंगद सिंह, महेंद्र कटारिया, प्रियंका श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राघवेंद्र वर्मा, राम मिलन, पूजा अवस्थी, संजय अग्रवाल थे। समारोह में आर के सिंह, विकास जैन, देवेश तिवारी, राजीव धवन, मार्मिक, अमोल जैन, लवली जैन, प्रीति जैन मौजूद रहे।

## जीजा ने साले को मारी गोली धमकी देकर भाग निकला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट युवक हैलट में भर्ती
- घरेलू कलह के कारण पत्नी मायके में रह रही, आरोपी की तलाश जारी

**अमृत विचार।** घरेलू कलह के कारण मायके में रह रही पत्नी से मिलने आए पति ने विवाद के बाद साले को तमंचे से सीने पर गोली मार दी और भाग निकला। घायल को हैलट में भर्ती कराया गया है। छावनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

छावनी थानाक्षेत्र के कटहरी बाग पंडित होटल के पास रहने वाली प्रीति यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 जून 2018 को उनकी शादी कन्नौज के ठठिया निवासी प्रतीक यादव उर्फ राजन से हुई थी। प्रीति का आरोप है कि पति आएदिन कलह करते थे, जिस कारण वह अपने भाई शुभम के घर आकर यहीं रह रही थी। 10 अक्टूबर को वह और भाई शुभम घर पर ही मौजूद थे, तभी रात करीब 8.30 बजे उनका पति प्रतीक घर पर आया और गालीगलौज करने लगा। भाई शुभम ने विरोध किया तो तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी। गोली भाई के सीने पर बाईं तरफ लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद प्रतीक ने दूसरा फायर करने की कोशिश की लेकिन पड़ोसियों के आने पर वह भाग गया। छावनी के प्रभारी निरीक्षक कमलेश राय ने बताया कि प्रीति की तहरीर पर आरोपी उसके पति प्रतीक यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें बनाई गई हैं।

# राम ने किया रावण का वध, गूंजी जय-जयकार

## परेड में ड्रोन लाइटिंग शो, लेजर शो और भव्य आतिशबाजी से आसमान हुआ सतरंगी, उमड़ी भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजय दशमी पर रामलीलाओं में रावण वध की लीला का मंचन किया गया। प्रभु राम ने रावण का वध किया तो जय- जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान हुई भव्य आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। परेड रामलीला ग्राउंड में ड्रोन लाइटिंग शो, लेजर शो ने हर किसी का मन मोह लिया।

परेड, छावनी, रेलबाजार, रायपुरवा, लाल बंगला, कल्याणपुर, नवाबंगज, छोटा सेंट्रल पार्क, गुजैनी, हंसपुरम, गोविंदनगर, अर्मापुर, पनकी, मोतीझील सहित शहर में दो दर्जन से अधिक जगहों पर मेले का आयोजन किया गया। परेड रामलीला से पहले रामलीला भवन मेस्टन रोड में प्रभु श्रीराम की आरती हुई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। यहां सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्त, सांसद रमेश अवस्थी, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेई, जिलाधिकारी राकेश कुमार, एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, प्रधानमंत्री कमलकिशोर अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, अमरनाथ मेहरोत्रा, आलोक अग्रवाल, राज कुमार लोहिया आदि ने प्रभु की आरती की। इसके बाद ड्रोन लाइटिंग शो, लेजर शो के साथ जबरदस्त आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया।

- दशहरा मेले का दर्शकों ने उठाया आनंद, बच्चों ने जमकर खरीदे खिलौने


परेड रामलीला में राम-रावण का युद्ध हुआ। अमृत विचार


रावतपुर में जलता दशानन का पुतला। अमृत विचार


शिवाला में दशानन मंदिर एक दिन के लिए खोला गया तो लोगों ने की पूजा।

### डांडिया में मचाया धमाल

**कानपुर।** श्याम नगर स्थित लोहिया भवन में श्री अग्रवाल लोहिया जैन परिषद ने डांडिया धमाल कार्यक्रम किया। उद्घाटन अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, उपाध्यक्ष आनंद जैन, प्रवीण जैन व परिषद की कार्यकारिणी ने किया। निर्मल कुमार जैन एंड कम्पनी, एनआर इस्पात, सतीश एंड ब्रदर्स और क्रीलम डेकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों का सम्मान किया गया। इस दौरान परिषद की प्रबंधकरिणी मंर महामंत्री अमित कुमार जैन, पंकज जैन, अंकुर जैन, सचिन जैन, अरुल जैन, पुष्कर जैन, चिराग जैन, सौरभ जैन, अतिन जैन, विशाल जैन आदि रहे।

## उल्टी दिशा में आने वाले वाहनों का चालान

**कानपुर।** नौबस्ता, चकेरी, महाराजपुर, जाजमऊ चुंगी, रामादेवी फ्लाईओवर, चकरपुर समेत हाईवे के कई स्थानों पर संभागीय परिवहन की टीम ने चेकिंग की। उल्टी दिशा में आने वाले वाहनों के चालान किए।

रविवार को संभागीय परिवहन अधिकारी विदिशा सिंह की अगुवाई में एआरटीओ आरके वर्मा, अंबुज भास्कर, कहकशां खातून, डीके सिंह, दीपक सिंह, यात्री कर अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह आदि की अगुवाई में हाईवे पर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों की जांच की गई। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्रों की भी जांच की गई और बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहनों के चालान किये गये। संभागीय परिवहन अधिकारी विदिशा सिंह ने बताया कि 1862 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई और 435 से अधिक वाहनों के चालान किये गये। टीमों ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कहा कि दोपहिया वाहन चालक अच्छी क्वालिटी का हेलमेट जरूर लगाएं और चौपहिया वाहन सवार सीट बेल्ट जरूर बांधे।

## सार-संक्षेप


किदवई नगर में सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन हुआ। अमृत विचार

### शस्त्र पूजन में गूंजा हर-हर महादेव

**कानपुर।** किदवई नगर में शस्त्र पूजन में आचार्य पं विमल शास्त्री एवं अन्य ब्राह्मणों ने विधि विधान से पूजन कराया। वीरेंद्र सिंह वैवाहिक मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण कर आयोजक वीरेन्द्र चौहान ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह चौहान, पीयूष मिश्रा, रवि सिंह, रमेश शर्मा, केडी पांडेय, मनोज सिंह, अमित मिश्रा, रामशरण सिंह, कुलजीत सिंह, सुरजीत सिंह चड्ढा, इंद्रजीत सिंह, मयंक गुप्ता आदि थे।

### मेट्रो स्टेशन का नाम विलायती राम कत्याल पर हो

**कानपुर।** मेट्रो स्टेशन का नामकरण दिवंगत कांग्रेस विधायक विलायती राम कत्याल के नाम पर करने की मांग को लेकर महिलाओं ने शहीद की प्रतिमा पर मोमबत्ती रोशन की। प्रधानमंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया। अनुचर सेवा संस्थान की अध्यक्ष सिंपल चौहान एवं विलायती राम कत्याल स्मारक समिति के महासचिव रमेश सिंहवानी ने मोमबत्ती जलाईं। रुबी गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, रंजना सेगर, विमला चौहान, किरन सचान, शशि, सावित्री पासवान, संजय, पंकज तिवारी ,मुबीन अहमद, संजय शाह आदि थे।

### बादशाहीनाका थाने की नवनिर्मित इमारत का निरीक्षण

**कानपुर।** बादशाहीनाका थाने की नव निर्मित इमारत का शनिवार डीजी पुलिस आवास प्रेमचंद्र मीणा व पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने मालखाना, बैरक, भोजनालय में समय से काम पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीजी आवास ने कहा कि इमारत निर्माण में मालखाना ( संपत्ति भंडारण कक्ष) की सुरक्षा का प्रबंधन सख्त होना चाहिए। पुलिसकर्मियों और जनता की सुविधाओं को नजर में रखकर काम को बढ़ाएं। मानक व गुणवत्ता के साथ काम को समय से पूरा करें।


श्री राधा कृष्ण मंदिर न्यास के पदाधिकारी। अमृत विचार

### श्री राधा कृष्ण मंदिर न्यास के अध्यक्ष बने अभिषेक द्विवेदी

**कानपुर।** शारदा नगर श्री राधा कृष्ण मंदिर न्यास में पदाधिकारियों व सदस्यों के बीच बैठक हुई, जिसमे सभी लोगों ने पूर्व अध्यक्ष स्व. डॉ. शिव बालक द्विवेदी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उनके पुत्र अभिषेक द्विवेदी को न्यास का नया अध्यक्ष चुना गया। न्यास के उपाध्यक्ष पं. रमाकांत मिश्र, सचिव दिनेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विमल अवस्थी, सदस्य रामकुमार बाजपेई, जेपी त्रिवेदी, सुनील बाजपेई समेत न्यास के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

### डॉ. गया प्रसाद के नाम हो एयरपोर्ट का नाम

**कानपुर।** कुर्मि क्षत्रिय सभा ने केंद्रीय नागरिक उड्डनयन मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि कानपुर एयरपोर्ट का नाम क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गया प्रसाद कटियार के नाम पर हो। रविवार को सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएम कटियार ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लिखे गए पत्र में कहा है कि सेनानी डॉ. गया प्रसाद कानपुर के रहने वाले थे। उन्हें असेंबली बम कांड एवं सांडर्स हत्याकांड में आरोपी ठहराकर लाहौर षडयंत्र केस में 7 अक्टूबर 1930 को काला पानी की सजा सुनाई गई थी। पोर्ट ब्लेयर की सेल्यूलर जेल में उन्होंने 17 वर्ष सजा काटी।

### खड़े ट्रक में लगी आग

**कानपुर।** रविवार को तड़के करीब साढ़े चार बजे थाना फजलगंज के अंतर्गत मिल एरिया पुलिस चौकी के सामने खड़े एक ट्रक में आग लग गई। आस-पास के लोगों की सूचना पर फजलगंज से फायर टैंकर और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई।

### दुकानदार ने भतीजे को मारी रॉड

**कानपुर।** शास्त्रीनगर में दो सगे भाइयों के बीच विवाद होने पर एक ने लोहे की रॉड से भतीजे पर हमला कर दिया। हेड इंजरी होने पर भजीते को हैलट में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। शास्त्रीनगर निवासी राजीव व महीप कटियार की क्षेत्र में ही अगल-बगल जूते की दुकान है। रविवार को महीप राजीव की दुकान के पास गड्ढा खोद रहा था। राजीव व उनके बेटे कृष्णा (25) ने विरोध किया तो महीप ने लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। सिर पर रॉड लगने से कृष्णा घायल हो गया। उसे हैलट में भर्ती कराया गया। काकादेव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार विवाद के पीछे व्यापारिक और पारिवारिक विवाद है। जांच की जा रही है।

### सील तोड़कर निर्माण करने पर तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ने अनवरंगज में एफआईआर दर्ज कराई कि बांसमंडी में प्रवीण अग्रवाल के सील किए गए 300 वर्गमीटर के भूखंड पर चोरी छिपे निर्माण कराया जा रहा था। इसी प्रकार हरीश और विकास भी सील तोड़कर भूखंड में निर्माण करा रहे थे। इस पर तीनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# नाचते-गाते विदा किया मां जगदंबा को


एबी विद्यालय से प्रतिमा को कंधों पर ले जाते भक्त। अमृत विचार


विसर्जन से पहले महिलाओं ने सिंदूर खेला। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कृत्रिम तालाबों में किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन

**अमृत विचार।** मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन इस बार विजय दशमी के साथ ही रविवार को भी किया गया। पूजन पंडालों में महिलाओं ने पहले एक दूसरे की मांग में सिंदूर भरा और फिर आतिशबाजी व ढोल की थाप पर नाचते गाते भक्त विसर्जन के लिए मां की प्रतिमाओं को लेकर चले। रास्ते में भजनों पर झूमते भक्तों ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। एबी विद्यालय मालरोड से भक्त मां की प्रतिमा को कंधे पर लेकर विसर्जन के लिए पहुंचे।

बंगाली थीम पर आधारित दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों ने मां दुर्गा का दर्पण विसर्जन कर सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने यात्रा शुरू करने से पहले मां का चेहरा दर्पण में देखा और फिर महिला श्रद्धालुओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर भर कर अखंड सौभाग्य की कामना की। अर्मापुर, शास्त्री नगर, अशोक नगर, मोतीझील, डीएवी लॉन, माल रोड स्थित एबी विद्यालय, हीरा पन्ना गेस्ट हाउस में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# केंद्र में 2000 परीक्षार्थी तक परीक्षा दे सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र में दो हजार तक परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेंगे। पहले यह संख्या अधिकतम 1200 थी। बोर्ड के आदेश के तहत शिक्षा विभाग की ओर से ऐसे केंद्रों की जांच शुरू कर दी गई है। जिले में प्रस्तावित परीक्षा केंद्र में कक्षों की संख्या और सीटों की उपलब्धता को भी परखा जा रहा है। सोमवार से ऐसे परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन लोकेशन ली जाएगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्तमान सत्र की बोर्ड परीक्षा के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। आगामी बोर्ड परीक्षा में अब एक केंद्र में अधिकतम दो हजार तक परीक्षार्थी शामिल हो सकेंगे। पिछले साल तक 1200 छात्रों के ही एक केंद्र में बैठना सीमित था। परीक्षा केंद्रों की दूरी में भी बदलाव किया गया है। दसवीं के परीक्षार्थियों के लिए 12 किमी और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 15 किमी की दूरी तक केंद्र आवंटित किए जाएंगे। पिछले साल तक आठ किमी की दूरी तक परीक्षा केंद्र बनते थे। वहीं, छात्राओं और दिव्यांग बच्चों को अब पांच की बजाय सात किमी की दूरी पर बने केंद्रों पर परीक्षा देने जाना होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद से नई गाइडलाइंस के आते ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने तैयारियां शुरू करा दी हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि राजकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यों ने प्रस्तावित केंद्रों में मूलभूत व सुरक्षा व्यवस्थाओं का सत्यापन शुरू करा दिया है।

# कमलेश परिचालन शाखा में अध्यक्ष, ऋषभ मंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की कानपुर परिचालन शाखा में कमलेश पासवान अध्यक्ष एवं ऋषभ तिवारी मंत्री बने। कार्यकारिणी का भी चुनाव हुआ। रेलवे विकास निगम लिमिटेड के वित्त अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे।

परिचालन शाखा का पुर्नगठन करने के लिए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परमपुरवा में बैठक हुई। पूर्व शाखा अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने अध्यक्षता की एवं आई पी एस चौहान मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी में शाखा अध्यक्ष कमलेश पासवान एवं शाखा मंत्री ऋषभ तिवारी को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, संगठन मंत्री सतीश चंद्र बर्मा, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, सह कोषाध्यक्ष श्रीसत्यनारायण, संयुक्त मंत्री राकेश रंजन, संयुक्त संगठन सचिव शिवम यादव, प्रचार मंत्री शोभन बाजपेयी बनाया गया। उपाध्यक्ष बी एल मौर्या, प्रवीण मिश्रा, विरेन्द्र कुमार एवं सहायक सचिव में प्रवीण सिंह चौहान, आलोक कश्यप, संदेश कुमार शर्मा बनाए गए। इस कार्यक्रम में परिचालन शाखा जीएमसी का युवा मोर्चा का भी गठन किया गया। जिसमें मणिहरण को अध्यक्ष, विपिन मिश्रा को शाखा मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पाल को बनाया गया।

# गेमिंग आईडी हड़पकर 95 हजार ठगे

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में हरजेंदर नगर निवासी मनीष चौधरी के अनुसार कुछ दिनों पहले शिवम नाम के युवक उनको फोन किया और उनकी 1.50 लाख रुपये में बनाई गेमिंग आईडी खरीदने की बात कही।

आरोप है कि शिवम ने उन्हें केवल 55 हजार रुपये देकर उनकी गेमिंग आईडी हड़प ली। मनीष का आरोप है कि उन्होंने पता किया तो जानकारी हुई शिवम कई लोगों से लाखों की ठगी कर चुका है। जिसके बाद उन्होंने चकेरी पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पंकज अध्यक्ष व शिव नारायण उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए सिग्नेचर ग्रींस फ्लैट ओनर्स एसोसिएशन का चुनाव रविवार को हुआ। पंकज पाण्डेय अध्यक्ष व शिव नारायण सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष बने हैं। श्री बीएचके उपाध्यक्ष पद व श्री बीएचके संयुक्त मंत्री पद के लिए वोटिंग कराई गई।

एसोसिएशन का चुनाव चुनाव अधिकारी आरसी गोयल, आरके सिंह, अमर सिंह व बब्बू सिंह की निगरानी में हुआ। दो पदों पर एसोसिएशन के सदस्यों ने वोट किया। इनमें श्री बीएचके उपाध्यक्ष पद के लिये 211 मत पड़े। इनमें अमितेश सिंह सेंगर को (23) मत हासिल हुए। 139 मत हासिल कर विनय वर्धन विजयी घोषित किए गए। इसी तरह श्री बीएचके संयुक्त मंत्री पद के लिए (211) मत पड़े। इनमें अजय गुप्ता को (67) मत प्राप्त हुये। एम मोहन श्रीवास्तव 141 मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुए। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर पंकज पाण्डेय, उपाध्यक्ष पद पर शिव नारायण सिंह, उपाध्यक्ष महिला अर्चना साहू, मंत्री पद पर दिवाकर पटेल, संयुक्त पद पर सचिन मिश्रा, संयुक्त मंत्री महिमा पद पर हेमा सिन्हा व कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अग्निहोत्री को चुना गया।


एसोसिएशन के विजयी पदाधिकारी। अमृत विचार

### ये चुने गए प्रतिनिधि

जितेन्द्र सिंह, जयनेन्द्र कुमार जैन, विवेक अग्रवाल, नवल किशोर, संजय कुमार सिंह, अमित अरोड़ा, अशोक कुमार, प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, तपस्या गौतम, अजय श्रीवास्तव, नीतू सिंह व राजेंद्र कुमार खन्ना।

धर्म-अध्यात्म | सेवा भारती कानपुर प्रांत ने केशव नगर में किया रामकथा का आयोजन

# शिव और पार्वती श्रद्धा व विश्वास के प्रतीक हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिव और पार्वती श्रद्धा व विश्वास के प्रतीक हैं। इसीलिए रामकथा में पहले शिव और पार्वती की कथा है। उनकी बारात में भूत-प्रेत भी शामिल थे, लेकिन वह बहुत ही संयमित रहते थे। परंतु आज की क्या स्थिति है हम सब को इस पर विचार करना चाहिए। बच्चों में संस्कार देने के लिए रामकथा जरूर सुनाएं। यह बातें रामकथा में आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहीं।

केशव नगर डब्ल्यू ब्लाक कामर्शियल ग्राउंड में रविवार को सेवा भारती कानपुर प्रांत ने रामकथा का आयोजन किया। सुबह आचार्य शांतनु महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भावना वेल्फेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम जैन के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम के तहत आचार्य शांतनु महाराज, प्रांत संघचालक भवानी भीख, प्रांत प्रचारक श्रीरामजी व आदि ने कथा स्थल पार्क में वृक्षारोपण किया किया। अपने प्रकल्पों और केंद्रों के सेवित बच्चों से दीप प्रज्वलन करवाकर कथा की शुरूआत की। श्रीराम कथा के प्रथम दिन आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से ही हम सब सन्मार्ग की ओर प्रेरित होते हैं। माता पार्वती की शंका का समाधान करते हुए महादेव ने बताया है कि देवी ईश्वर सगुण भी है और निर्गुण भी। भक्त जिस रूप में चाहता है, प्रभु उसी रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

मानस की महिमा बताते हुए कहा कि ये रामायण कल्पवृक्ष के समान है, इसको गाने वाला जो चाहता है वो उसको मिलता है। रामकथा संयोजक संजीव जैन नेता जी ने कथा के लिए पांच लाख रुपये दिए।

इस दौरान देवेंद्र भदौरिया, शशि भदौरिया,कानपुर प्रांत संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, राकेश श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण कटियार, रमाशंकर, लीलाधर, संतोष, सुरेश, रतन मेहरोत्रा, विपुल मिश्रा, नीतीश त्रिपाठी, निरंजन मिश्रा, विश्वजीत, अतुल निगम, रमा दवे, नीता अवस्थी, माया वर्मा, संजीव पाठक, विवेक द्विवेदी व प्रचार विभाग प्रमुख निर्मल त्रिपाठी रहे।


महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। अमृत विचार


कथावाचक शांतनु महाराज का स्वागत किया गया। अमृत विचार

## शाम को उमड़ी भीड़, कई जगह भीषण जाम

**कानपुर।** रविवार की शाम को बाजारों में खरीदारी के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी, इस दौरान कई इलाकों में जाम लग गया। विजय नगर से जरीब चौकी आने वाले कालपी रोड पर, घंटाघर से एक्सप्रेस रोड, जरीब चौकी समेत विभिन्न मार्गों पर जाम लगा जिसमें हजारों वाहन उलझे रहे। टाटमिल चौराहे पर नया पुल का जाम बाबूपुरवा कोतवाली के सामने तक पहुंच गया। रविवार की शाम जरीब चौकी क्रासिंग गेट बंद होने से शाम 6 बजे भीषण जाम लगा। कालपी रोड पर फजलगंज चौराहा से जरीब चौकी तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। शाम को घंटाघर से एक्सप्रेस रोड से होते हुए माल रोड जाने वालों को जाम का सामना करना पड़ा। घंटाघर से टाटमिल चौराहा तक भी वाहन फंसे रहे।

# यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट आज से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीराम जी करेंगे उद्घाटन
- 14 से 16 अक्टूबर तक 'द स्पोर्ट्स हब' में होगा टूर्नामेंट

**अमृत विचार।** 'द स्पोर्ट्स हब' और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आरंभ सोमवार 14 अक्टूबर से होगा। 16 अक्टूबर तक द स्पोर्ट्स हब आर्यनगर में होने वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न जनपदों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीरामजी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक 'बॉबी', द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर ऑपरेशंस पीके श्रीवास्तव और डायरेक्टर स्पोर्ट्स आरपी सिंह ने बताया कि पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और महिला वर्ग में गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को प्रथम वरीयता दी गई है।

इसके अलावा कानपुर के खिलाड़ी अद्वित गुप्ता को पांचवी और सत्यम गिरी गुप्ता को आठवी वरीयता मिली है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 24 इवेंट होंगे, जिनमें पुरुष व महिला के अलावा बालक-बालिका अंडर- 11, 13, 15, 17 व 19 की एकल स्पर्धा तथा वेटरेंस में 39, 49, 59, 64, 69 और 74+ आयु वर्ग के पुरुष और महिला वर्ग शामिल हैं।

# एक रात में सेंध लगाकर तीन दुकानों में चोरी

## ककवन में कपड़े की दुकान से 7500 की नकदी और 70 हजार के कपड़े चोरी, ज्वैलर्स की दुकान बच गई

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर-ककवन चौराहे के पास आधी रात को चोरों ने धावा बोलते हुए एक साथ तीन दुकानों में सेंध लगाकर नकदी व अन्य सामान पार कर दिया। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि चोर ककवन विकासखंड कार्यालय के आवासीय परिसर की ओर से आकर तीन दुकानों की दीवार तोड़ते हुए पीछे के रास्ते अंदर घुसे थे।

रेडीमेड कपड़े के दुकानदार ज्ञानेंद्र राठौर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि रोज की तरह शुक्रवार की शाम वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली कि दीवार तोड़कर दुकान में चोरी हो गई है। मौके पर देखने पर पता चला कि उनकी दुकान से लगभग 70 हजार रुपए के कपड़े व 7500 नकदी जो गुल्लक में रखी थी उसको चोर ले गए। इसके साथ ही उनकी दुकान से सटे मेडिकल स्टोर व एक बंद पड़ी क्लीनिक की दीवार भी टूटी थी। हालांकि मेडिकल स्टोर संचालक गिरीश कुमार ने 10 हजार रुपये गुल्लक में रखे होने की बात कही है। जबकि इन तीनों दुकानों के साथ जुड़ी हुई दुकान ज्वेलर्स की थी उसको चोरों ने निशाना बनाने का प्रयास किया लेकिन मजबूत दीवार होने के चलते उस दुकान तक नहीं पहुंच सके। ज्वेलर्स की दुकान में चोरी होते-होते बच गई लेकिन चोरी की सूचना मिलते ही पूरे ककवन कस्बे में हड़कंप मच गया। तमाम दुकानदारों ने पुलिस को इस मामले में तत्काल एक्शन लेने की अपील की। वही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है इसके अलावा जो तहरीर प्राप्त हुई है उसके आधार पर जांच की जा रही है।


दीवार तोड़कर लगाई गई सेधं। अमृत विचार



थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर की जांच-पड़ताल। अमृत विचार

### शोर का फायदा उठा कर हुई घटना

ककवन कस्बे में लगातार इन दिनों में कई छिट पुट चोरी की घटनाएं भी सामने आई है। जिनके अभी तक खुलासे नहीं हो सके लगातार इन दोनों शोर शराबे के बीच ही इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है। दुर्गा मंदिर में विशाल जागरण के कार्यक्रम के दौरान ही घटना को अंजाम दिया गया। इससे पहले भी इसी प्रकार की घटना शोर शराबे के बीच ही की गई थी । लगातार हो रही चोरियों के संबंध में थाना प्रभारी की ओर से आश्वस्त किया गया कि पुलिस की टीम चोरों का सुराग लगा रही है। जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### रात में बंद हो गए सीसीटीवी कैमरा

घटना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि ज्वेलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे रात 11 बजे से लेकर सुबह तक बंद हो गए। जिसके कारण रात की फुटेज नहीं मिल सकी। हालांकि दुकानदार द्वारा यह भी कहा गया कि कैमरे को हैक कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस की टीम ने कैमरा एक्सपर्ट से इस बात की पुष्टि की तो उन्होंने बताया कि बिना इंटरनेट कनेक्शन से जुड़े कैमरे को हैक किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में पुलिस हर कड़ी को जोड़कर मामले की जांच कर रही है ।।

### ज्वेलर्स ने लगाया दो लोगों पर आरोप

ज्वेलर्स अंटु स्वर्णकार ने गांव के ही जगत सिंह और रमेश बहेलिया के विरुद्ध चोरी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनके मुताबिक दोनों व्यक्ति कुछ दिन पहले उनके दुकान की फोटो खींचते नजर आए थे। हालांकि ज्वेलर्स की दुकान में किसी प्रकार की चोरी की घटना नहीं हुई है लेकिन पुलिस की ओर से यह बताया गया की जांच का विषय है पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

# करवाचौथ पर बाजार में 160 ग्राम का हल्का करवा

**पर्व की तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करवाचौथ का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है। इस बार हल्के करवा व कलशों ने दस्तक दी है। 160 ग्राम के कलश और 80 ग्राम के दीपक खरीदारों को लुभा रहे हैं। चांदी व्यापारी खरीदारों के बदले रुझान का कारण महंग चांदी को मान रहे हैं। उनका कहना है कि पहले 7 से 800 ग्राम के चांदी के करवा की मांग रहती थी जो अब कम हो गई है।

चौक सर्राफा में 160 ग्राम के चांदी के करवा और 80 ग्राम और 100 ग्राम के चांदी के दीपक उपलब्ध हैं। इनमें राजस्थानी डिजाइन और कट डिजाइनों की मांग सबसे अधिक है। बाजार में चांदी के हल्के कलश की भी भरमार है। कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि चांदी के दामों में उछाल की वजह से हल्के आइटम अधिक बिक रहे हैं। त्योहारों में पारंपरिक सामान की खरीदारी कई ग्राहकों के लिए परंपरा को देखते हुए अनिवार्य है। ऐसे में चांदी के हल्के उत्पाद उपलब्ध हैं।


करवा की डिजाइन महिलाओं को भा रही।

- चांदी महंगी होने पर खरीदारों के रुझान में आया बदलाव
- पहले 800 ग्राम के करवा की होती थी सबसे अधिक बिक्री

कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जलज द्विवेदी ने बताया कि पहले की तरह अब चांदी के सात से आठ सौ ग्राम करवों की खरीदारी दस फीसदी ही हो रही है। बाजार में आने वाले 90 फीसदी खरीदार हल्के उत्पाद ही खरीद रहे हैं।

### पहले पर्व के लिए खास

- कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन के संगठन मंत्री श्याम कनौजिया ने बताया कि पहला करवाचौथ मना रहे लोगों के लिए सबसे अधिक खरीदारी हो रही है। इसके लिए वे सीमित बजट के भीतर ही उत्पाद खरीद रहे हैं। हल्के करवा, कलश और दीयों की बाजार में सैकड़ों वैराइटी मौजूद हैं।


"चांदी में अब निवेश से लोग बच रहे हैं। यही वजह है कि भारी आइटम की खरीदारी करने से वे बच रहे हैं। चांदी के महंगा होने के चलते बाजार हल्के सामान से भरा हुआ है।

– पं. आशू शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन


"पहले करवा चौथ को खास बनाने के लिए चांदी के कलश, करवा और दीपकों की खरीदारी हो रही है। ज्यादातर ग्राहकों का बजट सीमित है। इसलिए बाजार ने भी इसे समझकर नई व हल्की वैराइटी लांच की है।

–श्याम कनौजिया, संगठन मंत्री, कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, दो लोग घायल

**सरसौल।** महाराजपुर के सरसौल ओवर ब्रिज में फतेहपुर की तरफ जा रही कार पर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार सवार दो लोग घायल हो गए।

आजाद नगर सेन पश्चिम पारा के रहने वाले आकाश सचान व जय प्रकाश कार से महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरवामीर में अपने दोस्त के यहां जा रहे थे। सरसौल ओवर ब्रिज में चढ़ते समय ही पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार डिवाइडर को तोड़ती हुई दूसरी तरफ जा खड़ी हुई।


क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर कार में सवार घायलों का स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज कराया।

# बच्ची लेकर भागे युवक को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन थाना के मुनौव्वरपुर गांव के एक शख्स के घर में ढाई साल से नौकर बनकर काम कर रहे युवक ने बीते 27 जुलाई को 5 वर्षीय बच्ची को अगवा कर लिया था। घर से चॉकलेट दिलाने के लिए बाजार निकले नीरज ने बच्ची को लगभग 75 दिनों से अपने साथ रखे था। इधर मामला दर्ज होने के बाद ककवन पुलिस बच्ची के को ढूंढने के लिए सुराग लगा रही थी। इसी बीच सटीक जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार की अगुवाई में सीतापुर जनपद से नौकर को गिरफ्तार कर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।


माता-पिता के साथ बच्ची सोनाक्षी।

27 जुलाई को ककवन मुनौव्वरपुर गांव निवासी नीर सिंह की 5 वर्षीय बच्ची सोनाक्षी को उनके घर पर काम करने वाला नीरज राठौर बाजार से चॉकलेट दिलाने के बहाने बाइक पर बैठा कर फरार हो गया था। इसके लगभग 75 दिन के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को बच्ची के साथ सकुशल गिरफ्तार कर लिया। बच्ची परिजनों को सौंप दी। परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। बच्ची को सकुशल बरामद करने वाले चौकी इंचार्ज लोकेश पटेल समेत पूरी टीम को डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा घोषित 30 हजार का नकद इनाम दिया गया।

- ककवन मुनौव्वरपुर गांव की घटना, 27 जुलाई को घर के नौकर ने किया था अपहरण
- सीतापुर के एक फार्म हाउस में था, सटीक सूचना पर किया गया गिरफ्तार

### बेटी की तरह पाल रहा था बच्ची को

पुलिस ने बताया कि बच्ची को ले जाकर सीतापुर के एक फार्म हाउस पर नीरज काम करने लगा और बच्चे को पढ़ने के लिए एक विद्यालय में दाखिला भी कर दिया था। इसके अतिरिक्त बच्ची की पढ़ाई के लिए किताबें भी लेकर आया था। फार्म हाउस के मालिक ने बताया कि बच्ची को वह बेटी की तरह पाल रहा था। इसके साथ ही उसने बच्ची के नाम पर एफडी भी कराने की योजना पर विचार कर रहा था।

# विसर्जन के दौरान नदी में डूबा छात्र पता नहीं चल सका

**साढ़।** साढ़ थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव में रिंद में एक छात्र के डूब जाने से हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम बुलाकर खोजबीन जारी कर दी। समाचार लिखने तक छात्र का कुछ पता नहीं चला है।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर के जहानाबाद में माता दुर्गा की प्रतिमा रखी गई थी जिसका रविवार को विसर्जन का कार्यक्रम था। इस दौरान सभी भक्तों के साथ साथ नितिन यादव पुत्र विमल यादव उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी महोलिया थाना साढ़ विर्सजन कराने गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया और डूब जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे साढ़ थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि गोताखोरों की टीम लगाई है। छात्र की तलाश जारी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** हमीरपुर जिले के कंडौरा कुरारा निवासी 26 वर्षीय योगेंद्र सिंह सत्यम एलएनटी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर ऋषिकेश करनप्रयाग टनल में कार्यरत था। शुक्रवार को वह मेरठ में स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कंपनी की मीटिंग में शामिल होने गया था। वहां से वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर बंबा के पास पहुंचने तेज रफ्तार डंपर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

वहां से निकल रहे राहगीरों ने युवक का शव सड़क पर पड़ा देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते पतारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के पास से मिले मोबाइल फोन के जरिए घटना की सूचना परिजनों को दी। इसके साथ ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा हैं। ट्रक को कब्जे में लिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं धरमपुर बंबा में बाइक सवार को कुचलने के बाद ट्रक भागने लगा। इस दौरान क्षेत्र से वापस लौट रहे पतारा चौकी में तैनात सिपाही यतिन ने ट्रक का लगभग 1 किलोमीटर तक बाइक से पीछा किया इसके बाद ट्रक को पतारा कस्बा स्थित स्टेशन रोड के पास से पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया है।

# चोरी की बाइक चलाते हुए चोर गिरफ्तार

**बिल्हौर।** बिल्हौर-कानपुर पुलिस कमिश्नर के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान ककवन पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी करन पुत्र रामनरेश निवासी चक्कतापुरवा औरंगपुर सांभी को चोरी की बाइक यूपी 78 डीजे 9172 नंबर की बाइक चलाते हुए चेकिंग के दौरान कागज दिखाए जाने की मांग करने पर भागने लगा। तभी चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों ने उसको पकड़ लिया।

आरोपी के विरुद्ध ककवन और बिल्हौर के साथ कन्नौज जनपद में भी चोरी के मामले दर्ज है आरोपी युवक के विरुद्ध 6 मुकदमे दर्ज है थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।



डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प चढ़ाए गए। अमृत विचार

# डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मना कर उनके संकल्पों को किया गया याद

**शिवराजपुर।** शनिवार को कस्बे में समाजवादी विचार धारा के प्रतीक डॉ राममनोहर लोहिया की जयंती धूमधाम से मनाई गई समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डा.राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके संकल्पों को याद किया। यह कार्यक्रम पार्टी के विनय कोरी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष नीशू यादव नगर उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, संदीप तिवारी, संतोष सविता , मनोज सविता, संजीव यादव, मनोज पाल, प्रभाकर तिवारी, अनुज कोरी, नवीन यादव ' गुड्डू गुप्ता,सहित बहुत से पार्टी के कार्यकर्ता व सदस्य मौजूद रहे ।

# नवरात्र के बाद कराया भंडारा

**घाटमपुर।** उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) टाउनशिप ने हाल ही में नवरात्रि महोत्सव को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया। नवरात्रि के नौ दिनों में लगभग 2000 भक्तों ने मा दुर्गा पंडाल में निःशुल्क भंडारे का आनंद लिया, जो एकता और देवी के प्रति श्रद्धा का प्रतीक था।

इन नौ दिनों में भक्तों ने माता दुर्गा की पूजा-अर्चना की, जिसमें विभिन्न अनुष्ठान और भजन-कीर्तन शामिल थे। इस महोत्सव का समापन दशहरा के भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां रावण के पुतले का दहन किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह परंपरा निवेली टाउनशिप के निवासियों के बीच सामुदायिक भावना को और अधिक मजबूत बनाती है। नवरात्र और दशहरा हमारी परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**आयोजन** पाल्हेपुर गांव की रामलीला का इतिहास 163 वर्ष प्राचीन बताया जाता

# ऐतिहासिक पाल्हेपुर की 20 दिवसीय रामलीला शुरू

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** विकास खंड सरसौल के पाल्हेपुर गांव की 20 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला शुरू हो गई। दोपहर में रामलीला मैदान के राम दरबार में आयोजन समिति से रामलाल कृष्णलाल ट्रस्ट के सर्वराकार मनीष मिश्र द्वारा विधिवत किरीट पूजन किया गया।

बता दें कि पाल्हेपुर गांव की बीस दिवसीय रामलीला का इतिहास 163 वर्ष प्राचीन है। जिसमें देश की कई महत्वपूर्ण हस्तियों का भी योगदान रहा है। झंडागीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के रचयिता पदमश्री श्यामलाल गुप्त (पार्षद) का इस लीला से विशेष जुड़ाव रहा था। वह जब तक जीवित रहे, तब तक बराबर भागीदारी करते रहे। इधर लीला की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें सभी पात्र गांव के ही होते हैं। आधुनिकता के दौर में लीला का मंचन परंपरागत रामचरितमानस के आधार पर किया जाता है। इसमें सभी पात्र गांव के ही रहते हैं। शनिवार को संपन्न हुए किरीट पूजन में व्यास पीठ से अयोध्याकांड की प्रथम चौपाई 'जब ते राम ब्याहि घर आये, नव नित मंगल मोद बधाये.. का परंपरागत गायन हुआ। वहीं रविवार दोपहर गांव में गाजे बाजे के साथ नारद भ्रमण हुआ। नारद ने घर घर जाकर सबको रामलीला देखने आने का निमंत्रण दिया। इससे पूर्व पूजन के दौरान आयोजन समिति के कार्यकर्ता व बच्चे जय श्रीराम का जयघोष करते रहे। सुरेश बाजपेयी, राजू पांडेय, रितिक मिश्रा,राजवीर सिंह भदौरिया, विकास गुप्ता,राहुल सिंह आदि रहे। इससे पूर्व किरीट पूजन समारोह में रामलीला समिति के पदाधिकारी सरयूनाथ पांडेय, क्रष्णचंद,ब्रजकिशोर, राजकुमार बाजपेयी,बाबूराम, वीरेंद्र वर्मा, अटलबिहारी , सुरेश व विकास बाजपेयी, अनूप बाजपेयी, नकुल सिंह, मनोज दीक्षित,अजय अवस्थी, आलोक दीक्षित, कल्याण सिंह ,अनुराग दीक्षित, प्रमोद बाजपेयी, अंबरीश मिश्रा, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पूजन करते आयोजन समिति के सदस्य। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया दयानंद बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद कॉलेज का वार्षिकोत्सव

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर भीतरगांव ब्लॉक में दयानंद बेनीसिंह ज्वाला प्रसाद कॉलेज का वार्षिकोत्सव व ज्वाला प्रसाद के परनिर्वाण दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिसमे स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चो को खेल के प्रति जागरूक किया। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार खेल को बढ़ावा दे रही है। खेल शरीर को स्वस्थ रखने के अलावा अनुशासन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही कहा कि हमारे पार्टी के सस्थापक सोनेलाल जी का सपना पिछड़ों दलितों गरीबों को हिस्सेदारी दिलाना था उसी सपने को मै आगे बढ़ा रही हूं।

क्षेत्र के प्रसिद्ध कूदनी कस्बे में स्व. ज्वाला प्रसाद कुरील द्वारा लगाया गया वट वृक्ष रूपी विद्यालय आज क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा दायक विद्यालय के रूप में क्षेत्र में प्रतिस्थापित हो चुका है। जिसे उनकी बहू सरोज कुरील विधायक घाटमपुर व सत्य प्रकाश कुरील के द्वारा मेहनत से अभिसिंचित किया जा रहा है। वार्षिकोत्सव के दौरान क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपनी विधान सभा में आने के लिए मंत्री अनुप्रिया पटेल का धन्यवाद किया। बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी ने कहा कि कूदनी बाबा की नगरी है। हम क्षेत्र वासियों की तरफ़ से धन्यवाद दिया विधायक सरोज कुरील व सत्य प्रकाश ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। बच्चों ने अपने कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। संचालन रमेश शुक्ला ने किया प्रधानाचार्य सुभाष द्विवेदी ने सभी का आभार प्रगट किया।


केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को पहनाई गई फूलमाला । अमृत विचार

# रावण वध के बाद प्रभु राम का राज्याभिषेक

## राजपुर में रामलीला महोत्सव का आयोजन, रावन दहन देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी, गूंजते रहे जयकारे

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बा राजपुर में रामलीला महोत्सव के आखिरी दिन रावण दहन किया गया। वहीं रात को भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक लीला का मंचन हुआ।

राजपुर में रामलीला महोत्सव में बीते शनिवार की रात को विभीषण शरणागत, रामेश्वरम स्थापना, अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति लीला का शानदार मंचन किया गया। वहीं रविवार को दिन से शुरु हुई रामलीला में मेघनाथ, कुंभकरण व रावण वध तथा रात में श्रीराम राज्याभिषेक लीला का मंचन किया गया। महोत्सव में लक्ष्मण जी ने मेघनाथ, हनुमान जी ने अहिरावण व अंत में भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया


राजपुर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

है। रामलीला परिसर में करीब बीस फीट ऊंचे रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया गया।

इसके बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। रामलीला में भगवान राम की भूमिका कुंवर राम जी उरई, सीता करन, लक्ष्मण अंकित शुक्ला व अर्पित मिश्रा, राजा जनक पवन हमीरपुर, रावण सुग्रीव कुमार शास्त्री कानपुर देहात, परशुराम बब्लू पंडित कानपुर, विश्वामित्र संतराम हमीरपुर, वाणासुर बृजनंदन श्रीवास्तव कानपुर, अहिरावण मलखान सिंह, मेघनाथ संतराम, कुंभकरण पवन व विभीषण की भमिका भोला ठाकुर ने दी। महोत्सव में एसओ दिनेश कुमार गौतम व कस्बा इंचार्ज


रावण को मेघनाथ वध की जानकारी देती सुलोचना। अमृत विचार

सूरज पाल सिंह के नेतृत्व मे एंटी रोमियो टीम की रोशनी इंद्रा व प्रियंका मुस्तैद रही।

कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र दीक्षित ने किया। इस मौके पर गोरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, भाल प्रधान बब्बन दीक्षित, रामबली सिंह, कमेटी अध्यक्ष अवध विश्नोई, नवरात्र कमेटी अध्यक्ष आशीष विश्नोई, चुन्नी विश्नोई, ज्ञानदेव सोनी, जब्बार खां, हरिकांत पोरवाल, योगेश पोरवाल, पप्पू पोरवाल, अंकुर विश्नोई, बाजा विश्नोई, कृष्णकांत मिश्रा, ऊर्वीदत्य उपाध्याय, रामू कटियार, दीपक मिश्रा, बड़े बाबू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार अधेड़ की गई जान

**मंगलपुर।** मंगलपुर से अपने गांव साइकिल से घर जा रहे अधेड़ को भटेलिनपुरवा पुलिया के पास वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। सीएचसी में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के भटेलिनपुरवा गांव निवासी राम करण (50) शनिवार को किसी काम से कस्बा मंगलपुर गया था। देर शाम वह साइकिल से वापस घर जा रहा था। तभी भटेलिनपुरवा पुलिया के पास अज्ञात वाहन से उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सहायता से उसे सीएचसी झींझक भेजा गया। जहां चिकित्सक डॉ. जेपी सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पत्नी निरोज देवी, पुत्र कल्लू, अंकित, बलराम, बेटी रोशनी, काजल, पिंकी आदि का रो रोकर बुरा हाल रहा। उप निरीक्षक नेम सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप


विजयादशमीं पर मौजूद पूर्व चेयरमैन व अन्य लोग। अमृत विचार

### चेयरमैन ने स्टाल लगाकर लोगों को दी दशहरा की बधाई

**सिकंदरा।** कस्बा के नुमाइश मैदान के समीप विजयादशमी पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी ने मंच लगाकर मेले में आने वाले सभी राम भक्तों को शुभकामना दी। साथ ही मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि दशहरे को पाप पर पुण्य की विजय के तौर पर देखा जाता है। इसे विजयदशमी भी कहते हैं। यह वो दिन है जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने लंका के राजा रावण पर जीत हासिल की थी। देशभर में रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए जाते है। बाद में रावण के पुतला का दहन किया गया। यहां हरिराम कुशवाहा, राजेंद्र सविता, महेंद्र बाथम, अक्षय दुबे, परवेज आलम, असलम राईन, व्यापार मंडल अध्यक्ष मो. कलाम, बबलू खान, साब्बीर कुरेशी, रहूफ आदि रहे।


पूर्व भाजपा नेता संतोष के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला।

### पुण्यतिथि पर श्रम संविदा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि

**शिवली।** भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष स्वर्गीय संतोष शुक्ला की 23वीं पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के भेवान स्थित वीरांगना अवंतीबाई इंटर कॉलेज में किया गया। यहां पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने अपने बड़े भाई स्व. संतोष शुक्ला के कृत्यों को यादकर कई संस्मरण भी सुनाए। इस मौके पर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर अनिल मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रीति शुक्ला, विजय मिश्र, सत्यम सिंह चौहान, मिंटू शुक्ला, केपी सिंह, रामजी अग्निहोत्री, चारू अवस्थी, सौरभ चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान रामू राजपूत, सत्येंद्र दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेडिकल कालेज को दो पार्थिव देह सौंपी गईं

**कानपुर देहात।** युग दधीचि देहदान अभियान चला कर प्रदेश के मेडिकल कालेजों को शोध के लिए मृत देह दान कराने का आंदोलन चला रहे कानपुर निवासी मनोज सेंगर व माधवी सेंगर ने रविवार को दूसरे दिन एक देह अकबरपुर मेडिकल कालेज को दान कराई। कानपुर के श्रीनगर मोहल्ला निवासी जयप्रकाश नारायन जायसवाल का 11 अक्टूबर की रात दस बजे निधन हो गया था। जानकारी पर मनोज सेंगर ने आवश्यक पत्रक रात में ही तैयार कराए और दशहरा के दिन पार्थिव देह लेकर मेडिकल कालेज अकबरपुर पहुंचे। जहां प्राचार्य डॉ एसएल वर्मा ने देह को पुष्प अर्पित करते हुए स्वीकार किया। एक दिन पहले शनिवार को ही गुजैनी कानपुर निवासी जनकराज की देह यहां दान की गई है। मनोज सेंगर ने बताया कि वर्ष 2009 में जयप्रकाश नारायन, राजेंद्र प्रसाद व राजेश कुमार की पत्नियों दुर्गा देवी, शिव कुमारी एवं ऊषा जी ने देहदान संकल्प पत्र भर दिए थे। इसमें से शिवकुमारी का देहदान वर्ष 2015 में कानपुर मेडिकल कॉलेज को किया जा चुका है।


देहदान पत्र देते मेडिकल कालेज प्रचार्य।

## एक नजर

### स्पेशल ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रूरा।** दिल्ली-हावड़ा रेल ट्रैक पर रूरा स्टेशन के होम सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो। फिलहाल शिनाख्त नहीं हुई है। शुक्रवार देर रात दिल्ली-हावड़ा डाउन लाइन पर 40 वर्षीय व्यक्ति बरौनी क्लोन स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे जीआरपी दरोगा अर्पित ने छानबीन की। उन्होंने बताया कि शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पैसे मांगने पर होटल संचालक को पीटा

**रूरा।** कस्बे के सुभाष के जयराम गुप्ता का तिंगाई के पास ढाबा है। शनिवार देर रात ढाबे में विवेक फौजी, दुइया यादव, शिव यादव अपने 8 साथियों के साथ खाना खाने पहुंचे। खाने के बाद जब होटल संचालक ने पैसे मांगे तो मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट में ढाबा संचालक की जेब से 15 से 20 हजार रुपये गिर गए। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### प्रोजेक्ट नई किरण में तीन मामलों में समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। यहां सुनवाई के लिए 38 मामले आए। सदस्यों के समझाने पर तीन परिवार सुलह को तैयार हो गए। दंपति खुशी-खुशी रवाना हुए। शेष मामलों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। यहां महिला थानाध्यक्ष सुषमा, कांस्टेबल प्रियंका गुप्ता, आरती, रामा देवी, पिंकी देवी, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश सिंह आदि रहे।

### होटल का ताला तोड़कर चोरी

**संदलपुर।** डेरापुर के विवेक कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते शनिवार की सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने गया तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। अंदर मिठाई, रिफाइंड व अन्य सामान गायब था। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दुकान में सेंध लगाकर चोरी

**रूरा।** कस्बे के शिवाजी नगर के संदीप उर्फ संजय शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। रविवार सुबह जब दुकान खोली तो अंदर का सामान अस्त व्यस्त था। गोलक से 25 हजार रुपये और सिगरेट के डिब्बे गायब थे। पीड़ित ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी उसकी दुकान में चोरी हुई थी, जिसका मुकदमा दर्ज कराने के बावजूद अभी तक न चोर पकड़े गए और न ही माल बरामद हुआ।

# मूसानगर में धू-धूकर जला दशानन का पुतला

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** कस्बे में विजयादशमी पर्व पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसका आयोजन नवयुवक रामलला सेवा समिति की ओर से किया गया।

शोभा यात्रा में शामिल लोग भगवा ध्वज लिए थे। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा, आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार से मुगल रोड होते हुए नगर की प्रमुख गालियों में घूम कर वापस बालाजी मंदिर पहुंची। नगरवासियों ने राधा-कृष्ण, दुर्गा मां, राम दरबार की सजी झांकियों की पूजा अर्चना की। डीजे में बज रहे धार्मिक गीतों में युवा झूमकर नाचते चल रहे थे।

राधा-कृष्णा की सुंदर प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद बालाजी मंदिर परिसर में


मूसानगर में जलता रावण का पुतला। अमृत विचार

● कस्बे में गाजे-बाजे के साथ निकली राम की शोभायात्रा

रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन हुआ। 55 फीट ऊंचे रावण का पुलता अट्टहास करते हुए जल उठा। अशोक नगर में भी श्रीसंकट मोचन धाम रावण दहन कमेटी ने 25 फीट के रावण के पुतले का दहन किया और अंशिका आर्ट्स झांकी ग्रुप ने सुंदर प्रस्तुति दी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद, विद्यासागर त्रिपाठी, बाबा पांडेय, नीरज पांडेय, आशीष गुप्ता, हेमंतराज त्रिपाठी, हिमांशु गुप्ता, ईश्वर नाथ, मधुराज सिंह, विनय गुप्ता, आशीष चौरसिया, प्रिंस साहू, राहुल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।


मूसानगर में निकली शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार


बाघपुर में भगवान की झांकी के सामने बैठी राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अन्य।

## शिवली बाघपुर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**शिवली।** क्षेत्र में दशहरा मेला धूमधाम से क्षेत्र में मनाया गया। बाघपुर में रामलीला कलाकारों ने अपने अभिनय से सबका मन मोह लिया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल वारसी ने भगवान की आरती उतारी। यहां पर रामजी मिश्रा,शेखर तिवारी, सतीश शुक्ला,आशीष अग्निहोत्री मौजूद रहे।

वहीं साकेत धाम रामलीला में धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। परशुराम और लक्ष्मण के अभिनय ने समां बांध दिया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष अमित मिश्रा, कुलदीप बाजपेई, दुर्गा मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष राधा कृष्ण बाजपेई, रवि बाजपेई, रामू दीक्षित, प्रभात अवस्थी, टीटू पटवा मौजूद रहे।

लंका मैदान रामलीला में चेयरमैन अवधेश शुक्ला ने राम दरबार की आरती उतारी। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, चंदन तिवारी, सुधीर मिश्रा, जयप्रकाश तिवारी, पुनीत अवस्थी, अशोक शुक्ला, किशना तिवारी मौजूद रहे। औनहा रामलीला में विधायक पूनम संखवार, हेमंत सिंह हेमू, सोनू तिवारी मौजूद रहे। भाऊपूर में भी रामलीला का मंचन किया गया।

## किशोर की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र में किशोर की डंडे से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र में एक घर के अंदर एक व्यक्ति द्वारा किशोर की डंडे से पिटाई करने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसे आराजी बिछियापुर का बताया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के मुताबिक किशोर अपने पड़ोसी के घर में गया था।

उसे पड़ोसी ने उसे पकड़ लिया और गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर डंडे से धुनाई कर दी। किसी ने पिटाई का वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लेकर पवन गुप्ता, राघव गुप्ता व अंतु गुप्ता समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।




## उमड़ी आस्था

### भक्तों ने जयकारे के साथ निकाली यात्रा, खोजारामपुर घाट पर विसर्जन

# मां भगवती की विदाई में उड़ा अबीर-गुलाल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** कस्बा सहित पैलावर, बदनपुर डेरा, बैना व भाल में शनिवार को शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन देवी भक्तों ने माता दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा निकाली।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही कस्बा राजपुर की रामलीला परिसर, कन्हैया नगर व पैलावर गांव सहित दर्जनों गांवों में माता दुर्गा जी की भव्य झांकी सजाई गई थी। नवरात्र के आखिरी दिन देवी भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ाकर माता की भव्य शोभा यात्रा निकाली। रामलीला परिसर में शनिवार को पं. संजय तिवारी व शोनू मिश्रा द्वारा


राजपुर में विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

हवन पूजन कराने के बाद देवी शोभा यात्रा विभिन्न गलियो से होकर मुगल मार्ग से निकाली गई। जिसमे भक्त रंगों में सराबोर दिखे।

इसके अलावा क्षेत्र के पैलावर व बदनपुर डेरा में मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा गांवों में भ्रमण कराकर ढोल ताशों के साथ खोजारामपुर घाट में विसर्जित की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम व कस्बा इंचार्ज सूरज पाल पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहा।इस मौके पर रामलीला समिति अध्यक्ष अवध विश्नोई, दिनेश मिश्रा, चुन्नी विश्नोई, बाजा विश्नोई, रिंकू ठाकुर, जब्बार खां, बाबूजी विश्नोई, रामू कटियार, ऊर्वीदत्य उपाध्याय, दीपक मिश्रा, शिवकुमार बड़े बाबू, नवरात्र कमेटी अध्यक्ष आशीष विश्नोई, शोनू कुमार, सुमित कटियार, अमर सैनी, पवन पोरवाल, राजा कोरी, पप्पू पोरवाल, शिवम मोदी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अगले दो दिन मौसम साफ रहने के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रदेश में अगले दो दिन मौसम साफ रहने वाला है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। शनिवार को बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, नजीबाबाद जैसे इलाकों में रात का तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया।

### बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेगा कंबोडियाई दल

**अमृत विचार, लखनऊ** : कंबोडिया से बौद्ध भिक्षु, टूर ट्रैवल ऑपरेटर्स, मीडिया कर्मियों और ब्लॉगर्स–इन्फ्लुएंसर्स का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से 19 अक्टूबर तक राज्य के बौद्ध स्थलों का दौरा करेगा। दल ने रविवार को आगरा में भ्रमण में किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में 12 टूरिस्ट सर्किट बनाए गए हैं, जिनमें बौद्ध सर्किट में छह तीर्थ स्थल शामिल हैं। कहा कि यात्रा से उप्र. और कंबोडिया के बीच सांस्कृतिक संबंध प्रगाढ़ होंगे।

### झूठी पोस्ट वायरल कर किया जा रहा बदनाम : उदित राज

**अमृत विचार , लखनऊ** : कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद उदित राज ने कहा कि उनके खिलाफ झूठी पोस्ट वायरल कर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर विवादित पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी झूठी पोस्ट वायरल की जा रही है। इसकी शिकायत पुलिस को की जा रही है। इसमें कोई सत्यता नही है और उनके स्वाभिमान को चोट पहुचाने का कुकृत्य प्रयास है।

### आयुष यूजी काउंसिलिंग में अपग्रेड सूची जारी

**अमृत विचार ,लखनऊ** : आयुष यूजी की पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटन अपग्रेड सूची में शामिल 628 अभ्यर्थियों के दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी। निर्धारित समय में प्रवेश प्रक्रिया न पूरी करने पर सीट स्वत: निरस्त हो जाएगी। होम्योपैथी निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि 6583 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी थी, दाखिले भी हो चुके हैं। आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी सरकारी कॉलेजों की सीटे रिक्त रह गई हैं, उक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अपग्रेड सूची जारी कर दी गई है।

# कबाड़ में रोजगार तलाश रहे दो युवक बन गए शूटर

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

## सुर्खियों में आया बहराइच का गंडारा गांव, परिजन से पुलिस टीम कर रही पूछताछ

संवाददाता, लखनऊ/ बहराइच

**अमृत विचार:** मुंबई में पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के दो युवकों का नाम सामने आया। मुख्यालय से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित यह गांव पूरे देश की सुर्खियों में आ गया। मुंबई पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका कनेक्शन लारेंस विश्नोई गिरोह से बताया जा रहा है। रविवार सुबह से बहराइच पुलिस और एसटीएफ की टीम पूछताछ और ब्योरा जुटाने में लगी हुई है।

मुंबई में एनसीपी नेता और बॉलीवुड के बेहद करीबी बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई । इस मामले में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के धर्मराज और शिवा गौतम को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी होते ही बहराइच पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कैसरगंज कोतवाली की पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर पूछताछ की है। माता पिता से उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह समेत अन्य ने जानकारी हासिल की। लेकिन यहां से ज्यादा कुछ लोगों को पता नहीं चल सका है। परिजन के मुताबिक दोनों पुणे में कबाड़ बीनने और उसे बेचने के नाम पर यहां से गए थे। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिवा के पिता बाल किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



बहराइच में कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव में आरोपी धर्मराज के घर के सामने जुटी भीड़। अमृत विचार

**▸▸ लारेंस विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की बात सामने आई**

### शिवा और धर्मराज का नहीं है आपराधिक इतिहास

कैसरगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार धर्मराज और शिवा कुमार के विरुद्ध कोई अपराधिक इतिहास नहीं है न ही उन दोनों के विरुद्ध कोई केस थाने में दर्ज है। दोनों सामान्य परिवार के युवा हैं। धर्मराज पांच भाइयों में सबसे छोटा है। जबकि शिवा सबसे बड़ा भाई है। दोनों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है।

#### दो माह पहले गया था धर्मराज

आरोपी धर्मराज की मां ने बताया कि बेटा दो माह पहले ही कबाड़ का काम करने गया था। लेकिन उसे यह नहीं पता कि उसका बेटा वहां कौन काम कर रहा है। सुबह पुलिस के आने पर जानकारी हुई। बेटा ज्यादा फोन नहीं करता था।



कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव निवासी शिवा गौतम का परिवार। अमृत विचार

### शिवा पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

मुंबई के बाबा सिद्दीकी के हत्यारोपी शिवा गौतम छह भाई बहनों में सबसे दूसरे नंबर पर था। उससे बड़ी उसकी बहन पूजा है, जिसका विवाह हो चुका है। इसके बाद सभी भाई बहनों से शिवा बड़ा है और पिता बाल किशुन उर्फ ननकुन्ने के बाद परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसकी थी। बालकिशुन मजदूरी करते हैं। पूजा और शिवा के बाद उसके घर में पार्वती, सत्यम , सुंदरम व दुर्गा हैं।

### मजदूरी से मिलती है दो वक्त की रोटी

पूर्व मंत्री के हत्या में दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप भी आर्थिक रुप से काफी कमजोर है। पिता राधेश्याम मछली बेंचकर परिवार चलाते थे, लेकिन आंखों से कम दिखने के चलते वह भी बंद है। धर्मराज के बड़े भाई शिवाजीन, सुखराम व गोली की शादी हो चुकी है और तीनों मां बाप से अलग रहते हैं। वहीं अनुराग व धर्मराज की अभी शादी नहीं हुई है और दोनो मां बाप के साथ रहते हैं। परिवार मुख्य रुप से मजदूरी करता है।

# 1205 नई एंबुलेंस 108 सेवा को बनाएंगी और अधिक क्रियाशील

## 1087 में बेसिक और 118 में होगा एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने वाली '108' सेवा में चलने वाली एंबुलेंस बदली जाएंगी। प्रथम चरण में 1205 वाहन खरीदे जाएंगे। इनमें 1087 बेसिक लाइफ सपोर्ट वाले और 118 एडवांस लाइफ सपोर्ट वाले होंगे। नए वाहनों के आने से गोल्डेन ऑवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सहजता रहेगी।

स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव अर्चना वर्मा द्वारा नई एंबुलेंस वाहन खरीदने के लिए दो अरब 31 करोड़ 66 लाख 72 हजार रुपये स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी किए गए हैं। मालूम हो कि मार्ग दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है। इसके लिए निजी संस्था को एंबुलेंस संचालन का जिम्मा दिया गया है।

**2.32** अरब रुपये किए गए स्वीकृत



सेवा प्रदाता संस्थां जीवीके ईएमआरआई के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि किसी भी फोन से 108 डायल करने पर अधिकतम 15 मिनट में निर्धारित स्थल तक पहुंचती है और एंबुलेंस में उपलब्ध प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा न केवल प्राथमिक उपचार बल्कि नजरीकी सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया जाता है। उक्त सेवा से रोजाना सैकड़ों मरीजों को समय से इलाज उपलब्ध हो रहा है।

> **कोई भी एंबुलेंस वाहन 10 साल तक या 2 .5 लाख किमी चल सकता हैं। राज्य में 2200 एंबुलेंस( बेसिक लाइफ सपोर्ट) वाहन '108 एंबुलेंस' चल रहें हैं। इसके अलावा गंभीर मरीजों के लिए 250 एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस संचालित हो रही हैं। इनमें तमाम एंबुलेंस अपनी स्वस्थ्ता आयु पूरी करने के बाद खराब हालत में संचालित हो रही हैं। जिससे रोजाना मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नई एंबुलेंस आने से समस्या का समाधान होगा।**
>
> –डॉ.ब्रजेश राठौर, स्वास्थ्य महानिदेशक उप्र.

## मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी ढेर, एसओ और सिपाही घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार तड़के बुलंदशहर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने डेढ़ लाख के इनामी राजेश जाटव को ढेर कर दिया। इस दौरान फायरिंग में एसओ अहार और सिपाही घायल हो गए। वहीं सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बाल-बाल बचे।

मुठभेड़ में ढेर बदमाश राजेश अहार थानाक्षेत्र का सोरिया उर्फ सिहाली नगर का रहने वाला था। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने एक लाख व अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार सुबह स्वाट टीम और सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी व थाना प्रभारी यंग बहादुर सिंह ने मामन चुंगी चौराहे पर बाइक पर आ रहे दो व्यक्तियों को रोका। फायरिंग में एसओ अहार यंग बहादुर और हेड कांस्टेबल आरिफ घायल हो गए। वहीं, सीओ और स्वाट प्रभारी को एक-एक गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रुफ जैकेट पहने होने के कारण दोनों बच गए। बदमाश राजेश घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस हिरासत में मौत, दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट

## भड़के लोग, सीतापुर रोड पर शव रखकर किया हंगामा, पुलिस ने फटकारी लाठियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकासनगर में शुक्रवार देर रात को पुलिस हिरासत में अमन गौतम की मौत हो गई थी। भड़के परिजनों ने आसपास के लोगों के साथ सीतापुर हाइवे पर शव रखकर प्रदर्शन और हंगामा किया। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारनी पड़ीं। पुलिस अधिकारियों के सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद रविवार दोपहर को अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।।

विकासनगर सेक्टर-8 में शुक्रवार रात जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पार्क के पास मौजूद अमन गौतम (24) और उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। कुछ देर बाद अमन की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर पीटकर मारने का आरोप लगाया था। तहरीर भी दी थी। तहरीर के आधार पर सिपाही शैलेंद्र सिंह व अन्य तीन अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या का रिपोर्ट दर्ज किया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दावा किया गया कि मौत कार्डियोजेनिक शॉक से हुई। हालांकि परिजन का आरोप है कि पुलिस की पिटाई की वजह से अमन बेहोश हुआ और उसकी मौत हो गई।

### दोषी पुलिसकर्मियों पर हो कार्रवाई : मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अमन की मौत के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि गंजरहापुरवा में एक दलित युवक को शुक्रवार शाम को पुलिस ने बर्बरता से पीटा। इसके कारण युवक की मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद रविवार को नगीना के सांसद व भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इसके अलावा मोहनलालगंज के सपा सांसद आरके चौधरी, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर, उनकी पत्नी नूतन ठाकुर परिजन से मिलकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मदरसों को राज्य से मिलने वाला फंड बंद किया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ बाल आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिख कर की सिफारिश**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरमैन प्रियंक कानूनगो ने मदरसों को राज्य सरकारों द्वारा मिलने वाले फंड को बंद करने की सिफारिश की है। इस संबध में उन्होंने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भी लिखा है।

सभी राज्यों सहित केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को संबोधित पत्र में एनसीपीसीआर की रिपोर्ट 'आस्था के संरक्षक या अधिकारों के उत्पीड़क : बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे' का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया है कि बच्चों के मौलिक अधिकार और अल्पसंख्यक समुदाय के हक के बीच एक विरोधाभास दिख रहा है। मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

प्रियंक कानूनगो ने प्रस्ताव रखा है कि राज्य सरकारों द्वारा मदरसों को दिए जाने वाले आर्थिक मदद पर रोक लगाई जाए। इसी के साथ राज्य में चल रहे मदरसा बोर्डों को भी बंद किया जाए। प्रियंक कानूनगो ने उम्मीद जताई है कि उनकी सिफारिशें देश को और बेहतर बनाने की दिशा में कारगर साबित होंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित करने को कहा है। वे जल्द ही एनसीपीसीआर की रिपोर्ट सार्वजनिक कर सकते हैं।

### गैर मुस्लिम छात्रों को सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने पर भी दिया जोर

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरमैन ने गैर मुस्लिम छात्रों को मदरसों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। उनके मुताबिक ऐसा रोडमैप बनाया जाए जो देश के सभी बच्चों के भविष्य के लिए अनुकूल माहौल बनाए।

## जमीन खरीदने पर अशोक लीलैंड को मिलेगी सब्सिडी

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य सरकार हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड कंपनी को फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के तहत 75 प्रतिशत सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी जमीन खरीदने के बदले मिलेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिमंडल की मुहर लगना संभव है। यह धनराशि लगभग 106 करोड़ के लगभग होगी। दरअसल, यह कंपनी लखनऊ में स्कूटर इंडिया की जमीन पर इलेक्ट्रिक बसों की चेसिस, असेंबल, बस बाडी निर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रही है।

बीते माह हुई इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखायी गई। कंपनी ने पिछले साल एफडीआई नीति के तहत जमीन पर 75 प्रतिशत की दर से फ्रंट एंड भूमि सब्सिडी मांगी थी। अब इसे मंजूर कर लिया गया। कंपनी ने आंवटित जमीन 142 करोड़ एक लाख 37 हजार 191 रुपये में खरीदी है। इस पर सब्सिडी की धनराशि 106 करोड़ 51 लाख 2,893 रुपये बनती है।

# उपचुनाव : उम्मीदवारों की घोषणा जल्द करेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच टिकट बंटवारे पर हो रहा मंथन**

**अमृत विचार:** दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर जल्द ही गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा संभव है।

हाल ही में हरियाणा में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों में से छह के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस बार उन पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सपा ने उनमें से दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा है कि, अगर परिणाम हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं आए तो हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं में निराशा पैदा होना स्वाभाविक है। हालांकि, हम उप्र. में अपने उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। अविनाश पांडे ने यह भी कहा कि टिकट वितरण को लेकर चर्चा जारी है और समय पर संवाद के जरिए समाधान निकाला जाएगा।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा के साथ गठबंधन कर उप्र. में 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था। सपा ने 37 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस छह सीटें हासिल करने में सफल रही, जिससे उप्र. में सालों से हाशिए पर पड़ी पार्टी का मनोबल बढ़ा। 2027 के उप्र. विधानसभा चुनावों पर नजरें गड़ाए कांग्रेस अपनी रणनीतियों को परखने के लिए आगामी उपचुनावों के लिए उत्सुक थी। दरअसल, 2022 के चुनाव में गाजियाबाद सीट सपा के अनुकूल नहीं रही और मीरापुर व खैर सीटें सहयोगी रालोद को दे दी गई थीं, इसलिए सपा रिश्ते बचाने के लिए ये सीटें कांग्रेस को दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस भावना को दोहराया है और पुष्टि की है कि गठबंधन बरकरार रहेगा।

## वर्ग पहेली-221

**बाएं से दाएं**

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति; बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने–बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो ; विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी ; निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली -220 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 खा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 8 | | 9 | 6 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| 8 | 6 | 9 | | 5 | | | 1 | |
| | 4 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 3 | |
| | 1 | | 9 | | 2 | | 4 | |
| | 8 | | | 4 | | 9 | 6 | 3 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | 3 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आश्विन, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–एकादशी 06 .41 तक तत्पश्चात द्वादशी 15 अक्टूबर 03 .42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** – आज व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज जॉब में आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन–देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल–मिलाप बढ़ेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है।

**कर्क** – आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मोटिवेशन वीडियोज का सहारा लें।

**सिंह** – आज दोपहर के बाद कहीं घूमने–फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे।

**कन्या** – आज योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा।

**तुला** – आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी।

**वृश्चिक** – आज दिन थोड़ा उबाऊ रहेगा। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

**धनु** – आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर** – आज पैसों के अभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

**कुंभ** – आज साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–शरद। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र–शतभिषा 15 अक्टूबर 00 .43 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लश्कर – सुबह : 09 .00
हाफ गर्लफ्रेंड – शाम : 06 .00

**&pictures**
अंदाज – सुबह : 10 .56
सूर्या द सोल्जर – रात : 08 .00

**Sony Pix**
द फाउंडर – सुबह : 11 .30
व्हाइट हाउस डाउन – रात : 08 .45

**Zee Cinema**
फटा पोस्टर निकला हीरो – सुबह : 08 .40
खिलाड़ी 786 – शाम : 06 .00

**Zee Action**
चेंजिंग – सुबह : 11 .27
सैमी 2 – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली– तुम्हारी उम्र क्या है
हाथी – पांच साल
बिल्ली–लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो
हाथी–आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली– 25 साल
हाथी– लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली– झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला– मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति– बस एक
बीवी– हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मद:।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमा:॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# पीएम गति शक्ति पहल

देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। इस बीच देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में सुधार, डिजिटलीकरण प्रयास और दक्षता में वृद्धि शामिल है। पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी प्रमुख पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यापार सुविधा को बढ़ाने में योगदान दिया है। 44 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हुए। यह एकीकरण भारत की 2070 तक नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के साथ मिलकर, पीएम गतिशक्ति ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, एंटरप्रेन्योरशिप और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत है, जो कि विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत के निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बहुत कम हो जाती है। वास्तव में पीएम गतिशक्ति ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है और बेहतर सेवा वितरण को सक्षम किया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। एक समग्र एवं एकीकृत परिवहन कनेक्टिविटी रणनीति ने 'मेक इन इंडिया' का समर्थन किया है और परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत किया है, जो आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यह पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और ज्यादा स्मार्ट तथा मजबूत कर रही है। साथ ही भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा और विकास के भविष्य को आकार दे रही है। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे- असंबद्ध योजना, मानकीकरण की कमी, मंजूरी संबंधी चुनौतियां दूर करने के साथ-साथ समय पर बुनियादी अवसंरचना की क्षमता के निर्माण एवं उपयोग में मदद मिली है। कुल मिलाकर पीएम गति शक्ति सही दिशा में उठाया गया एक कदम साबित हुआ है। हालांकि इसे उच्च सार्वजनिक व्यय से उत्पन्न संरचनात्मक और व्यापक आर्थिक स्थिरता संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# मिलजुल कर काम करेंगे एआई युक्त रोबोट्स और मानव



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं।

हमारी पृथ्वी पर जीवन के लाखों प्रकार के रूप दिखाई पड़ते हैं। इन सभी रूपों को बनाने के लिए प्रोटीन्स का बहुत बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन के आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। ये हमारे जीवन की ईंटें हैं। प्रोटीन्स हमारे शरीर के रासायनिक उपकरणों के रूप में अत्यंत अद्भुत क्षमता रखते हैं। वे उन सभी रासायनिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित और संचालित करते हैं, जो मिलकर जीवन का आधार बनाती हैं।

प्रोटीन्स हार्मोन, सिग्नल पदार्थ, एंटीबॉडीज और विभिन्न ऊतकों के निर्माण के खंडों के रूप में भी कार्य करते हैं। ये पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये पृथ्वी पर जीवन के अरबों वर्ष के विकास के परिणामस्वरूप विकसित हुए हैं। ये प्रोटीन्स करोड़ों प्रकार के पाए जाते हैं। कोई हमारी मांसपेशियां बनाता है, कोई सींग, बाल, पंख, हार्मोन्स, एंटीबॉडीज, एंजाइम्स, खून, विष, हड्डियां और शरीर के तमाम अन्य अंग। ये हमारी कोशिकाओं का साइटोप्लाज्म और उसकी कोशिका झिल्ली बनाते हैं। ये कोशिका झिल्ली पर बैठकर विभिन्न रिसेप्टर्स बनाते हैं। ये विभिन्न संचार चैनल्स बनाते हैं। इनके कामों का अंत ही नहीं है। हमारे जीन्स इनका नियंत्रण करते हैं। ये हमारी कोशिकाओं के राइबोसोम्स में बनते हैं। हमारे जीवन के लिए इतने महत्वपूर्ण घटक प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना हमें जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह हमारे लिए अनेक प्रकार से बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत आवश्यक है।

इस बार का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रोटीन्स की संरचना की खोज के लिए दिया गया है। ये वैज्ञानिक हैं डेविड बेकर, ब्रिटन डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जंपर। इन वैज्ञानिकों की खोजों ने इन अद्भुत प्रोटीनों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ बताया है। इसके अतिरिक्त इन खोजों ने 50 साल पुराने सपने को साकार किया है और वह सपना है- एमिनो एसिड्स के परस्पर जुड़ने के अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करना। इन दोनों खोजों ने व्यापक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। सामान्यतः प्रोटीन्स 20 विभिन्न एमीनो एसिड्स से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें जीवन के निर्माण खंडों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ये मोटे-मोटे 20 एमीनो एसिड्स विभिन्न संख्याओं और विभिन्न अनुक्रमों में जुड़कर करोड़ों प्रकार के प्रोटीन्स बनाते हैं।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे। मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिन्हें औषधियों, टीकों, नैनोमटेरियल्स और छोटे सेंसरों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी खोज प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी से संबंधित है। प्रोटीन्स में एमीनो एसिड्स लंबी श्रृंखलाओं में जुड़े होते हैं, जो तीन आयामी संरचना बनाने के लिए मुड़ते हैं और यह संरचना प्रोटीन की कार्यक्षमता के लिए, उसके किसी विशेष कार्य के लिए, निर्णायक होती है।

1940 के दशक से शोधकर्ता एमीनो एसिड अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यह अत्यधिक कठिन साबित हुआ। सन 1950 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के जॉन केंडू और मैक्स पेरुट्ज ने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का प्रयोग करके प्रोटीन के थ्री आयामी मॉडल बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था, लेकिन एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी से प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना एक कठिन कार्य था। इससे अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में प्रोटीन्स के बारे में जाना जा सका था। अब से चार साल पहले एक आश्चर्यजनक सफलता मिली।

सन 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने गूगल की एक शाखा डीप माइंड में काम करते हुए एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई मॉडल) प्रस्तुत किया, जिसे अल्फा फोल्ड-2 कहा जाता है। इसकी मदद से वे उन लगभग 20 करोड़ प्रोटीनों की संरचना की भविष्यवाणी करने में सक्षम हुए हैं, जिन्हें शोधकर्ताओं ने पहचाना है। उनकी इस सफलता के बाद, अल्फा फोल्ड-2 का उपयोग 190 देशों के बीस लाख से अधिक लोगों द्वारा किया गया है।

प्रोटीन्स की संरचना जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विभिन्न संरचना के प्रोटीन्स विभिन्न कार्य करते हैं। एमीनो एसिड्स की श्रृंखलाएं विशेष प्रकार से मुड़कर विशेष प्रकार के प्रोटीन्स का निर्माण करती हैं। किस प्रकार के एमीनो एसिड्स को किस प्रकार जोड़ने पर वह किस प्रकार मुड़ेंगे और कौन सी प्रोटीन बनाएंगे, यह जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन वैज्ञानिकों के कार्यों ने हमारे लिए वह रास्ता खोल दिया है।

अब अनेक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में शोधकर्ता एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और ऐसे एंजाइमों की छवियां बना सकते हैं, जो प्लास्टिक को विघटित कर सकते हैं। वह अनेक प्रकार के एंजाइम्स और हार्मोन्स बना सकते हैं। वह जीवन के बिल्डिंग ब्लॉक्स बना सकते हैं। पृथ्वी पर जिस प्रकार का जीवन हम जानते हैं, वह जीवन प्रोटीनों के बिना संभव नहीं हो सकता। अब जब हम प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं और अपने स्वयं के प्रोटीन डिजाइन कर सकते हैं तो यह ज्ञान मानवता के लिए बहुत बड़ा लाभ प्रदान करता है। इन वैज्ञानिकों की ये खोजें वास्तव में क्रांतिकारी खोजें हैं। इस बार का मेडिसिन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार भी माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दिया गया है। यह भी हमारे जींस के नियंत्रण के लिए एक बहुत आवश्यक चीज है। इस बार फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार भी कृत्रिम तंत्रिका जाल, कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग में विशेष खोजों के लिए दिया गया है।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे।

मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वह एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक अपनी इस जिज्ञासा, लगन और परिश्रम से पहुंचा है। हमें मानव के स्वयं और इस विश्व को समझने के प्रयासों और परिश्रम को नमन करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# जीवन का सत्य

अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

बीते दिनों लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा मुख्यालय के सामने से गुजरते समय सहाराश्री की याद आ गई। इस विशाल परिसर में कभी सहाराश्री सुब्रत राय अपने अधीनस्थों के साथ राजसी शान से रहा करते थे। इस परिसर में होने वाले आयोजनों में मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नौकरशाह तक उपस्थित होने में अपना गौरव समझते थे। आज यह परिसर वीरान और श्रीहीन पड़ा है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

सुब्रत राय ने अपनी पोंजी योजनाओं से गरीब जनता की अपार धनराशि एकत्र कर विशाल साम्राज्य खड़ा किया था। वक्त की ऐसी मार पड़ी कि गरीबों का पैसा न वापस करने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें सालों जेल में रखा और अंत में असहाय अवस्था में बीमारी से वह दिवंगत हो गए और उनके अंतिम संस्कार में विदेश में रह रहे उनके बेटे भी सम्मिलित होने नहीं आए। कितने दुर्भाग्यशाली थे वे! कबीर ने सही कहा है-"निर्बल को न सताइए,जाकी मोटी हाय,/ मुई खाल की स्वांस से, सार भस्म हो जाए।" अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

जीवन का सत्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति खाली हाथ ही अंतिम यात्रा पर प्रस्थान करता है। किसी के जाने पर लोग दुःखी होते हैं और किसी के जाने पर ...? सब देखते, जानते हुए भी हम अनैतिक कार्यों से धन संचय करने में लिप्त रहते हैं। स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का नुकसान करते हैं। परंतु क्यों? यही यक्ष प्रश्न है।

# शेयर बाजार और गांधी का सूत्र



डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार छोटे निवेशकों के मध्य भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने जहां एक ओर देश के छोटे-छोटे कस्बे तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं दूसरी ओर कम समय में बड़ी धनराशि अर्जित करने के मोह के चलते 91.1 प्रतिशत छोटे निवेशकों को अपनी छोटी-छोटी पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस वर्ष मात्र नौ प्रतिशत से भी कम निवेशकों द्वारा ही शेयर मार्केट से लाभ अर्जित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों के मध्य अपनी पूंजी गंवाने का यह आंकड़ा 89 प्रतिशत के लगभग था।

देश के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि जहां हम संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं और विश्व के बड़े धन्नासेठों की सूची में भारतीयों के नाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, वहीं देश में छोटे निवेशकों का 91 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपनी पूंजी गंवाता जा रहा है। आर्थिक असमानता की यह बढ़ती हुई खाई निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है, ऐसे में शेयर बाजार में लागू नीतियों के संबंध में महात्मा गांधी द्वारा कहा गया वह सूक्त वाक्य अवश्य याद किया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने देश के नीति-नियंताओं को किसी भी नीति के क्रियान्वयन से पूर्व इस कसौटी पर परखने की आवश्यकता बताई थी कि वह नीति देश के सबसे निचले तबके के व्यक्ति पर क्या प्रभाव डालने वाली है।

सेबी ने पिछले वर्ष ही शेयर बाजार को विभिन्न सूचकांकों में विद्यमान वायदा एक्सपायरी के लिए इतनी अधिक साप्ताहिक तिथियां तय कर दी थीं कि सप्ताह के प्रत्येक दिन किसी न किसी सूचकांक में वायदा कारोबार की एक्सपायरी होने लगी थी। इतना ही नहीं वायदा कारोबार में छोटे निवेशकों के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए निफ्टी, बैंक निफ्टी सहित अनेक सूचकांकों में वांछित न्यूनतम धनराशि को भी कम कर दिया था।

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी, परंतु इस नीति को लागू करने से पहले सेबी ने इसे गांधी की उस सूक्ति की कसौटी पर नहीं कसा, जिसमें नीति के क्रियान्वयन से पूर्व समाज के सबसे निचले तबके पर उसके प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम यह हुआ कि सेबी द्वारा शेयर बाजार की पहल पर लागू की गई इस नीति के चलते देश के तीन प्रतिशत अतिरिक्त छोटे निवेशकों को उनकी पूंजी गंवाने में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन किया।

सेबी द्वारा हाल में ही नए निर्देश जारी करते हुए भारतीय वायदा कारोबार में निवेश की सीमा को तीन गुना तक बढ़ाने और प्रति एक्सचेंज एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रकार अब से केवल निफ्टी सूचकांक में साप्ताहिक एक्सपायरी होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 10 अक्टूबर को जारी अपने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी है कि आगामी 13, 18 और 19 नवंबर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के साप्ताहिक वायदा संविदाओं (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) को बंद कर दिया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक 1.13 करोड़ छोटे निवेशकों ने इस वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करते हुए पर 1.81 लाख करोड़ रुपये की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा दिया है। अकेले वित्तीय वर्ष 23-24 में ही छोटे निवेशकों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई के 75 हजार करोड़ रुपये गंवाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में शेयर बाजार के छोटे निवेश के प्रत्येक कारोबारी द्वारा औसतन एक लाख बीस हजार का वार्षिक नुकसान किया गया है। चूंकि शेयर बाजार का वायदा कारोबार "जीरो सम गेम" होता है अर्थात शेयर बाजार में विद्यमान कारोबारियों के मध्य हानि और लाभ का योग शून्य होता है, इसलिए छोटे निवेशकों को जितनी हानि होती है उतना ही लाभ बड़े निवेशकों को होता है। इसके चलते विगत वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों की जेब से निकला 75 हजार करोड़ रुपया बड़े निवेशकों की जेब में जा चुका है।

बहरहाल अब 20 नवंबर से सभी एक्सचेंजों में एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी होगी, परंतु इस निर्णय को लागू करने से पहले भी हमने इसे महात्मा गांधी द्वारा निर्देशित उस सूक्ति वाक्य की कसौटी पर कसने की औपचारिकता का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए छोटे निवेशकों के हित में इसकी सफलता प्रश्नचिन्हित हो सकती है।

## सोशल फोरम

# सिर्फ कमियां देखने वाले

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ।

हर इंसान की जिंदगी के अच्छे और बुरे पक्ष को बता सकता हूं, जो लोग किसी की भी जिंदगी में बुरे पक्ष को ही उजागर करते हैं, वह तो पहले ही अपनी बुराई का पता दे देते हैं। बेचारे अपनी कमजोरियों से इतने लाचार हैं कि किसी के लिए दो अच्छे शब्द भी बोलने पर उनका वजूद बिखरने को होता है।



हफीज किदवई
लेखक

यह मक्खी सिफत लोग होते हैं, जो गंदगी ढूंढकर, उस पर अपने पर फैलाकर भुन-भुन करते हैं। इनके पास लोगों की जिंदगी में अच्छाई नजर नहीं आती। यह सिर्फ बुराई ही देख पाते हैं। जब जमाना किसी को अच्छा कहता है, तब यह बताते हैं कि फलानी रात में, फलानी जगह यह गलत पाए गए थे। अबे कभी तो किसी के लिए मुंह से दो-चार अच्छे शब्द भी बोल दिया करो। यह न करके तुम अपनी तरबियत का पता देते हो, जो यही है कि सिर्फ कमियों पर निगाह रखो। मेरे एक दोस्त हैं, जिन्हें दुनिया की कोई फिल्म अच्छी नहीं लगती। खासकर जिसकी सब तारीफ करें, उसकी बुराई में तो वह बरस भी निकाल सकते हैं। भाईसाहब को जब कोई फिल्म की कहानी, एक्टिंग सब भी ठीक लगे, तो डायरेक्टर की निजी जिंदगी की खामी निकालकर उसे बुरा कहेंगे। अब इनका क्या ही किया जाए, सिवाए इसके की इनकी इस गंदगी के साथ इन्हें बर्दाश्त करो।

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ। यह जो अलग दिखने की चाह है, यही उन्हें अक्सर इंसानी जात से भी अलग कर देती है। यह लोगों के चर्चा में आने का इंतजार करते हैं, वह चर्चा चाहे सफलता की हो या मौत की, मगर इन्हें इसी चर्चा में अपने हिस्से को उड़ेलना होता है। जबकि उसी पैमाने पर खुद की जिंदगी को रखकर देखे तो बचपन में पढ़े इस मुहावरे का अर्थ भी और सूरत भी दिख जाए-सूप तो सूप, चलनी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

**-फेसबुक वॉल से**

# कम होती सामाजिकता की गुंजाइश



अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते।

दो दिन पहले शहर में कहीं जाना था। शाम का समय। एक मांगलिक कार्यक्रम में। पहले सोचा अपनी गाड़ी से जाएं, लेकिन फिर शहर में गाड़ी खड़ी करने की समस्या और दीगर बातें सोचकर तय किया कि ओला से चले जाएं। गाड़ी बुक की। तीन बार। तीनों बार ड्राइवर बोला -'आपकी लोकेशन से दूर हैं। कुछ पैसे राइड के अलावा दें तो आएं।' हमने राइड कैंसल कर दी। ये ओला/उबर/रैपिडो वाली गाड़ियां बुक होती हैं तो गाड़ी वालों को पैसा वहीं से मिलता, जहां से सवारी उठाते हैं। सवारी तक पहुंचने की दूरी उनको अपने खर्चे पर तय करनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि पांच किलोमीटर की दूरी के लिए पांच से ज्यादा किलोमीटर तय करना होता है। ड्राइवर मनाकर देता है या ज्यादा पैसे मांगता है। कंपनियों को इसका इलाज करना चाहिए कुछ।

बहरहाल राइड कैंसल करने के बाद तय किया अपनी गाड़ी से ही चलते हैं। निकल ही रहे थे कि फोन आया-"कहां आना है? किस जगह है घर आपका?" पता चला कि हमारे राइड कैंसल करने के बाद भी अगली गाड़ी बुक हो गई। पता नहीं कैसे? जबकि हमने बुकिंग से मना किया था। खैर हम इंतजार कर रहे थे। गाड़ी नक्शे पर आती दिखी। पास आ गई, लेकिन कहीं कोई कार दिखी नहीं। हमने फोन किया तो पास आ गए दुपहिया वाहन का ड्राइवर बोला -'आ गए। चलिए।' हमारे लिए ताज्जुब की बात थी। अपनी समझ में हमने कार की बुकिंग की थी। वो भी करके कैंसल कर दी थी। ये दुपहिया कहां से बुक हो गई? "हो जाती है जब आप कोई भी गाड़ी का विकल्प क्लिक करते हैं।"-हेलमेट लगाते हुए दुपहिया सवार बोला। हम बमुश्किल तमाम बैठे पीछे। सीट काफी ऊंची लगी। पैर घुमा के बैठने में लगा कि जांघ का जोड़ हिल गया। शायद इसीलिए महिलाएं एक तरफ ही पैर करके बैठती हैं दुपहिया गाड़ियों में। दुपहिया चालक बालक ही था। बताया कि दादानगर में एक कंपनी काम करता है। एकाउंटेंट का। बीकॉम किया है। शाम को कुछ देर गाड़ी भी चला लेता है।

अक्सर दादानगर से कल्याणपुर घर जाते हुए बीच की सवारी उठा लेता है। कभी घर से भी निकल जाता है गाड़ी लेकर। महीने में पांच-सात हजार कमाई हो जाती है इससे। उसको शेयर मार्केट में लगा देता है। पैसा कमाता है, पैसा बचाता है। एक कंपनी के शेयर के बारे में बताया। पंद्रह हजार में शेयर खरीदे थे। सत्रह हजार का फायदा हुआ। वो फायदा निकाल लिया हमने। फिर खरीद लिए दूसरे शेयर। अपने पैसे निकाल लिए। अब पड़े रहेंगे। कुछ न कुछ देंगे ही फायदा। शादी अभी नहीं हुई है। कह रहा था -"अभी कुछ कमाई कर लें। फिर शादी भी हो जाएगी।" बालक ने बताया -"काम की कमी नहीं है आज भी। लड़के करते नहीं। वो घर बैठे आराम का पैसा चाहते हैं। लगी-लगाई नौकरी चाहते हैं, जिसमें कोई मेहनत न करनी पड़े। बस पैसा मिलता रहे, चाहे कम मिले।" अपने भाई के बारे में भी बताया-"वो कुछ करता नहीं। बस टाइम बरबाद करता रहता है।"

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते। गंतव्य पर पहुंचने पर बिल आया 41 रुपए। सात किलोमीटर दूरी तय की थी 41 रुपए में। हमें याद आया कि कार के 150 से ऊपर दिखा रहा था। सौ रुपए बचे। नया अनुभव हुआ सो अलग।

बालक ने हमको छोड़ा उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे। उसके काम का समय सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक का है। मतलब लगभग दस बजे सुबह से रात दस तक काम में जुटा रहता है बालक। आज के समय शहरों में तमाम युवा ऐसी जिंदगी जी रहे हैं। दिन भर काम। मैं यह सोच रहा था कि जिंदगी की सबसे चमकदार उम्र में उनके मनोरंजन और आनंद के मौके एकदम सिमट गए हैं। सामाजिकता की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। युवाओं के ऐसी जिंदगी कितनी सुकूनदेह है?

# रावण दहन : सिर्फ एक परंपरा

हमने दशहरा यानी विजयादशमी का पर्व मना लिया। देश में रावण के करोड़ों पुतले जलाए गए, यह मानकर कि उस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और यह तिथि उसी की वार्षिकी है। हालांकि यह पड़ताल कभी नहीं की कि उस दिन रावण वध हुआ भी था या नहीं। देखें कि लगभग पौने नौ लाख साल पहले घटी इस घटना की वास्तविक तिथि क्या है और इसका वार्षिक पर्व मनाना कितना जरूरी है। श्रीराम त्रेता के अंत में हुए और अब कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत चुके हैं। बीच में द्वापर होता है, जिसका शास्त्रीय परिमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इतनी पुरानी घटना की तिथि जानने के लिए हमें रामायणों और प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही सहारा लेना पड़ेगा, वही प्रमाण हैं। हमारी गवेषणा में आश्विन शुक्ल दशमी को रावण वध कहीं नहीं हुआ। वाल्मीकि और तुलसीदास ने घटनाओं की तिथियां बारीकी से नहीं लिखीं, किंतु वर्णनों में साफ है कि इस तिथि तक तो सीता जी की खोज भी नहीं हुई थी। आश्विन यानी क्वार शरद ऋतु शुरू हो जाती है और श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं "वर्षा विगत शरद ऋतु आई। सुधि न तात सीता कै पाई।" फिर, जैसा कि वाल्मीकि और तुलसी दोनों वर्णनों से साफ है कि लक्ष्मण सुग्रीव पर कोप करते हैं, सुग्रीव भयभीत हो देशभर में फैले वानरों को बुलवाते हैं, चारो ओर खोजी वानर दल जाता है, उसे एक महीने का समय दिया जाता है। दक्षिण दिशा में गया वानर दल, जिसमें हनुमान जी भी हैं, एक जगह यह बातें करता है कि "साथियों! निर्धारित एक मास की अवधि से ज्यादा तो हमें अब तक बीत चुका है और हम खाली हाथ हैं"। इस सब के चलते विजयादशमी को रावण वध का सवाल ही नहीं पैदा होता है। अलबत्ता उस दिन राम द्वारा विजय के लिए प्रस्थान के उल्लेख जरूर उपलब्ध हैं। देवी भागवत में नारद ने राम को शारदीय नवरात्र रखने की सलाह दी है, जो उन्होंने किए और नवमी तक व्रत करके दशमी को विजय मुहूर्त में लंका की ओर प्रयाण किया, क्योंकि जटायु यह तो बता ही चुके थे कि रावण ने सीताहरण किया है। ("समाप्य तद्व्रतं चक्रं प्रयाण दशमी दिने")। तुलसीकृत 'रामचरितमानस' से एक शताब्दी पूर्व बांग्ला में लिखी गई "कृत्तिवास रामायण" भी ऐसा ही कहती है, "दशमी ते पूजा करि विसर्जिया महेश्वरी संग्रामे चलिल रघुपति"। ऐसी दशा में इस तिथि को रावण वध मानना भ्रमोत्पादक है।

स्कंद पुराण में राम वन गमन से लेकर राजतिलक तक की तिथियां दी गई हैं। इसके अनुसार रावण वध चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को और अंत्येष्टि अमावस्या को हुई। भगवान का हर अवतार दुष्टों का संहार करता रहा है। राम ने भी रावण के अलावा अन्य अनेक खल संहारे, जिनमें एक शंबूक भी है। श्रीकृष्ण ने कंस आदि कितनों का वध किया, लेकिन उनके पुतलों का वार्षिक दहन नहीं किया जाता और न माता दुर्गा के द्वारा मारे गए महिषासुर, शुंभ निशुंभ आदि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। यह बिंदु एक विमर्श की दरकार तो रखता ही है।

# नाभि में तीर लगते ही अट्टहास कर गिरा दशानन

## रावण का वध होते ही चारों ओर गूंजे जय-जय श्रीराम के जयकारे, मेले में मौजूद रहे हजारों लोग

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित वृन्दावन गार्डन में शनिवार रात कुंभकर्ण, मेघनाद और रावण के वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के बाद लक्ष्मण को पुनः जीवनदान मिलने से रावण हैरान परेशान है। क्योंकि वह जानता है कि शक्ति का उपचार केवल वैद्य सुषेण को ही पता था।

तब क्रोध में वह अपने भाई कुंभकर्ण को नींद से जगाने का आदेश देता है। कुंभकर्ण को नींद से जगाया जाता है। भाई रावण के कहने पर युद्ध मैदान में जाता है और राम लक्ष्मण से युद्ध करते हुए वह मारा जाता है। अपने भाई की मृत्यु के समाचार से व्यथित रावण अपने पुत्र मेघनाद को युद्ध में लड़ने के लिए भेजता है। उसका भी वध हो जाता है। जिसके बाद राम-रावण का युद्ध होता है। श्रीराम एवं रावण की सेना के बीच आम लोगों की मौजूदगी में भीषण युद्ध हुआ। इसके बाद श्रीराम के अग्निबाण से रावण का वध हुआ तीर लगते ही 41 फीट का रावण धू-धू-कर जल उठा और रावण के जलते ही पूरा आवास विकास जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर सदर विधायक पंकज गुप्ता सपरिवार मौजूद रहे। समिति के लोगों ने सभी को सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह, राम तनेजा, एस भदौरिया, आशीष शुक्ला, अजय शुक्ला, के जी अग्रवाल, मुन्ना सिंह, महिला अध्यक्ष निम्मी अरोरा, रामलली दीक्षित, शर्मिला सिंह, नवयुवक मण्डल से अंश सिंह, प्रियांशू पांडे, प्रथम श्रीवास्तव, शिवांश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


शहर के वृन्दावन गार्डन में रावण वध का मंचन करते कलाकर। अमृत विचार


धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित पुरातन रामलीला मैदान में आयोजित परंपरागत रामलीला महोत्सव में राम-रावण में युद्ध का मंचन मूल स्थल के बजाए एक किमी दूर इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विशाल प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां कारीगरों द्वारा निर्मित 20 मीटर लंबे रावण का पुतला स्थापित किया गया था। श्रीराम द्वारा बाण से नाभि को भेदते ही रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। पुतला दहन के दौरान रंग-बिरंगी रोशनी के साथ ही आतिशबाजी भी की गई। रावण का वध होते ही रामादल में राम की जय-जयकार होने लगी। मौके भारी पुलिस बल के साथ साथ फायर ब्रिगेड दस्ता भी मौजूद रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीओ अरविंद कुमार व प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक फोर्स के साथ रहे।

**फतेहपुर चौरासी।** कस्बे के बूढ़े बाबा बाजार प्रांगण में श्री द्विवेदी आदर्श रामलीला समिति के बैनर तले द्विवेदी परिवार द्वारा आयोजित रामलीला में श्रीराम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। रावण वध होने पर रामलीला परिसर में जय श्री राम का उद्घोष गूंज उठा। परंपरा के अनुसार इस दौरान वहां लगे मेला में दुकानों पर भीड़ लगी रही। कानपुर के चौबेपुर की जय हनुमान रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा राम-रावण युद्ध लीला का मंचन किया गया। राम-रावण युद्ध के दौरान विभीषण ने प्रभु श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। नाभि में तीर मारने पर ही उसकी मृत्यु होगी। जैसे ही रावण की नाभि में तीर लगा रावण गिर पड़ा। रावण का वध होते ही मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं कस्बे के मोहल्ला नेहरू नगर में आयोजित होने जा रही श्री रघुवंश रामलीला समिति के तत्वावधान में 153 वर्ष पुरानी रामलीला का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें नारद मोह के साथ राम नाम का जाप किया गया। मेला आयोजक राधेश्याम वाजपेई, राजकुमार, गोपाल, योगेश, रविशंकर की अगुआई में कानपुर की रामलीला कमेटी द्वारा मंचन किया गया।

- 41 फीट व 20 मीटर ऊंचे बनाये गये थे रावण के पुतले
- 153 वर्ष पुरानी रामलीला का आयोजन शनिवार को हुआ

### केदारेश्वर मंदिर में हवन पूजन के बाद हुआ कन्याभोज

**पुरवा।** विजय दशमी पर केदारेश्वर सेवा समिति दलीगढ़ी द्वारा केदारेश्वर मंदिर में हवन पूजन व कन्याभोज के बाद भंडारे में पूड़ी सब्जी, खीर व हलुवा का प्रसाद वितरण किया गया साथ ही बुर्जुगों में प्रेम नारायण मिश्र, महादेव चंदीगढ़ी, सूर्यपाल सिंह, जगतनारायण शुक्ल, जगरानी बाजपेई को अंगवस्त्र व रामचरित मानस भेंट की गई। इस दौरान कुसुम द्विवेदी, कौशलेंद्र शंकर शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू, सुरेश शुक्ला, शिवशंकर मिश्रा, योगेंद्र द्विवेदी, अमित त्रिवेदी, अजय वर्मा, सतेंद्र, मिथिलेश कुमार, शुभाशीष शुक्ला, रोहित तिवारी आदि मौजूद रहे।


गोपीनाथपुरम में शस्त्र पूजन के दौरान मौजूद आरएसएस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# हवन-पूजन के साथ हुआ शस्त्र पूजन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में विजय दशमी के अवसर पर आरएसएस ने शस्त्र पूजन का आयोजन कराया। इस दौरान हवन के साथ ही श्रीराम व महाराणा प्रताप के चित्र का पूजन किया। वहीं पूजन के दौरान आरएसएस कार्यकर्ताओं ने शस्त्रों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रमुख यशोदा नन्दन ने कहा कि समाज में सेवा और समरसता को बढ़ावा देने के लिए सभी स्वयंसेवकों को कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि हिन्दुओं में एकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी है कि समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का भेदभाव मिटाया जाए। सभी हिन्दुओं को मिलकर एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए और देश को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर अंजनी अग्निहोत्री, राकेश कुमार, विजय, अभिषेक तिवारी, संतोष गुप्ता, सचिन, दिलीप शुक्ला, प्रकाश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


भरत मिलाप के लिये फोरलेन पर निकलती शोभा यात्रा। अमृत विचार

# भरत मिलाप देख दर्शकों के छलक आये आंसू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को नारदानंद ऋषि आश्रम, पोनी रोड और गोपीनाथपुरम की रामलीला में भरत मिलाप का आयोजन किया गया। जहां भरत मिलाप देख मौजूद दर्शकों की आंखें भर आईं। जिसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया।

ऋषि आश्रम, गोपीनाथपुरम और पोनी रोड रामलीला में रविवार को राम और भरत के गले मिलते ही सबकी आंखें छलक उठीं। भरत मिलाप में राम दल, भरत दल, हनुमान दल, की झांकिया सबके आकर्षण का केंद्र रहीं। राम, भरत, लक्ष्मण व सीता की आरती उतारी। जिसके बाद भरत मिलाप हुआ। जहां भरत ने कहा कि भ्राता राम आपने आने में इतनी देर क्यों लगा दी। आपके जाने के बाद से अयोध्या सूनी थी। अब आप महल चलकर अयोध्या का सिंहासन संभालिए। इसके बाद सभी लोग अयोध्या की ओर चल पड़े।

# दशहरा मेला देखने को उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह हुआ रावण दहन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को गोपीनाथपुरम, ऋषि आश्रम व पोनी रोड में चल रही रामलीला में सुबह से ही कलाकार रावण के पुतले को बनाने के लिये जुटे रहे। देर शाम रावण के पुतले को खड़ा किया गया। दूर दराज से आए लोगों ने लीला का मंचन देखा तथा मेले का आनंद उठाया। रावण वध तक की लीला में लोग तरह-तरह की संवेदनाओं और भावनाओं में डूबते उतराते रहे।

विजयदशमी के उपलक्ष्य में परम्परागत रूप से पोनी रोड, ऋषि आश्रम व श्री सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा गोपीनाथपुरम में आयोजित होती आ रही है। राम रवाण के युद्ध में दोनों तरफ से बाणों की बौछार हो रही थी। समय बीतता जा रहा था, लेकिन रावण कमजोर नहीं हुआ। तब श्रीराम से मतालि ने कहा, 'हे प्रभु रावण का अंत समय आ गया है। आप ब्रम्हास्त्र का उपयोग कीजिए। उसी समय श्रीराम लंका के राजा रावण के सिर को धड़ से अलग करते तब, तक दूसरा सिर धड़ पर आ जाता। श्रीराम ने ब्रह्मास्त्र का उपयोग किया। अग्नि से प्रज्ज्वलिल ब्रह्मास्त्र रावण की नाभि में समा गया। एक बार विभीषण ने श्रीराम को बताया था कि रावण की नाभि में अमृत कुंड है। यदि इसे नष्ट कर दिया जाए तो रावण की भी मौत हो जाएगी। श्रीराम को यह बात मालूम थी और उन्होंने ऐसा ही किया। बनवाए गये विशालकाय पुतले में जैसे ही अग्नि बाण मारा गया कि विशालकाय का पुतला धू-धू जलने के साथ ही आकाशीय आतिश बाजी होने लगी जिसके बाद दशहरा में हजारों लोगों ने आनन्द लिया। कलाकारों ने रावण का गोपीनाथपुरम में 60 और ऋषि आश्रम में 70 व पोनी रोड में 51 फीट का पुतला तैयार किया था। रात करीब साढ़े दस बजे पुतले का दहन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में मेला देखने के लिए लोग पहुंचे पुतला दहन के दौरान रंग बिरंगी आतिशबाजियों से आसमान सतरंगी हो गए।


साकेतपुरी में रावण के पुतले के साथ खड़े नन्हे मुन्ने बच्चे। अमृत विचार


ऋषि आश्रम का जलता रावण का पुतला।


गोपीनाथपुरम पर जलता रावण का पुतला।


पोनी रोड पर जलता दशानन का पुतला।

- अट्टहास के साथ धू-धूकर जला रावण का पुतला, असत्य पर सत्य की हुई जीत

### मेले के दौरान मुस्तैद रही पुलिस

पोनी रोड, ऋषि आश्रम और गोपीनाथपुरम रामलीला के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह भी पुलिस कर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बनाये रावण के पुतले

विजयदशमी को देखते हुये शनिवार को नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से रावण का पुतला बनाया। जहां साकेतपुरी, नेहरू नगर, गोपीनाथपुरम, ऋषि नगर, आनंद नगर, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड के अलावा अन्य स्थानों पर बच्चों ने रावण के पुतले का दहन किया।

# उन्नाव की कंपनी ने दुबई की कंपनी से की 2000 करोड़ रुपये की डील

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनी एचएमए ग्रुप इंडिया ने बीती 12 अक्टूबर को दुबई की एक कंपनी से हुए ऐतिहासिक समझौते की जानकारी दी है। इसमें उसने दुबई की कंपनी स्नैक फूड स्टफ्स ट्रेडिंग एलएलसी से साझेदारी की है। इसके तहत दोनों कंपनियां देश के कृषि उत्पादों में संयुक्त रूप से 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इस समझौते के दौरान दुबई के प्रसिद्ध व्यापारी खालिद मोहम्मद शरीफ अलावाहदी और खालिद मोहम्मद अमीरी मौजूद रहे।

कंपनी अधिकारियों ने बताया कि इस रणनीतिक साझेदारी से भारत और यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों को नई दिशा मिलेगी और दोनों देशों के किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी। इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि एचएमए ग्रुप अपने मजबूत ब्रांड के साथ खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र में लोकल डिस्ट्रीब्यूशन चेन के जरिए इस वेंचर में शामिल हो गया है। इस समारोह में एचएमए ग्रुप के अध्यक्ष रफ़ीक नदाफ और ग्रुप के प्रमोटर/आईआरओ भी शामिल हुए। ग्रुप के जनरल मैनेजर खालिद मिर्जा ने कहा कि कंपनी हमेशा देश के किसानों व व्यापारियों के हित के लिए काम करती रही है। इस निवेश से न केवल दोनों देशों के व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे बल्कि, भारतीय किसानों को एक नया बाजार मिलेगा। इसके साथ ही यह समझौता कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा।



समझौता पत्र को साझा करते दोनों कंपनियों के अधिकारी। अमृत विचार

- एचएमए ग्रुप इंडिया और दुबई की स्नैक फूड स्टफ्स ट्रेडिंग एलएलसी के बीच हुआ समझौता

# जिले में पहले परशुराम मंदिर बनने को हुआ भूमि पूजन

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** परशुराम मंदिर बनने के लिये भूमि पूजन शनिवार को गांव हफीजाबाद के पास पवित्र कल्याणी नदी के तट पर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में कराया गया। भूमि पूजन आचार्य प्रवीण दीक्षित व राजकुमार द्विवेदी द्वारा समाजसेवी शंशाक शेखर शुक्ला की मौजूदगी में कराया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला, राजीव बाजपेई पूर्व जलकल महाप्रबंधक लखनऊ, शंशाक शेखर शुक्ला सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी, अनुभव शुक्ल, शैलेंद्र शुक्ला पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता अलोक त्रिपाठी मौजूद रहे। इस दौरान परशुराम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी संजीव शुक्ल उपाध्यक्ष, आदर्श द्विवेद्वी उपाध्यक्ष, अमित रंजन मिश्रा कोषाध्यक्ष, अतुल शुक्ला महामंत्री, रोहित पांडेय महामंत्री, महेंद्र मिश्रा, अभिषेक तिवारी, श्याम दीक्षित, हार्षित दीक्षित भी रहे।


मंदिर निर्माण की जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कन्या पूजन कर कराया गया भंडारा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार सुबह तीनों रामलीला स्थल पर विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कन्या पूजन हुआ। जहां विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा।

शुक्लागंज में ऋषि आश्रम, गोपीनाथपुरम और पोनी रोड समेत तीन स्थानों पर रामलीला का आयोजन किया गया था। जहां रविवार को तीनों स्थानों पर कन्या पूजन किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आस पास रहने वाले लोगों नें भंडारे का प्रसाद चखा।

इस मौके पर ऋषि आश्रम रामलीला में योगेश मिश्रा, सुरेश पाठक, प्रकाश त्रिपाठी, वासुदेव गुप्ता, अमित पांडे मौजूद रहे। गोपीनाथपुरम में वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, प्रदीप शुक्ला, राजेश बाजपेई, अंकुर शुक्ला के अलावा पोनी रोड रामलीला में प्रेम शुक्ला, मनोज त्रिवेदी, जगदीश गुप्ता, सुरेश शुक्ला, लाल बाबू तिवारी, नन्हकू मिश्रा आदि रहे।


गोपीनाथपुरम रामलीला स्थल पर होता कन्याभोज। अमृत विचार

### मंशूरी देवी मंदिर में हुआ भंडारा और कन्या भोज

**शुक्लागंज उन्नाव।** शंकरपुर सरायं स्थित मंशूरी देवी मंदिर में दशहरा के अवसर पर एक विशाल भंडारे और कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव एवं आस-पास की कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी अशोक बाजपेयी एडवोकेट, पूर्व प्रधान किरण देवी, अनुराग बाजपेयी, अनुज बाजपेयी, अश्वनी, आयुष, रमेश मिश्रा, धर्मेन्द्र त्रिवेदी और ऐश्वर्य अवस्थी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कन्याओं का सम्मान करना और समाज में उनकी भूमिका को मान्यता देना था। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक भी रहा।

आस्था

विसर्जन यात्रा निकालकर मातारानी को किया विदा, ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके श्रद्धालु

# माता रानी के विसर्जन में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मां के 9 रूपों की भक्तों ने पूजा-अर्चना करने के बाद विजयादशमी के दिन माता के भक्तों ने मां की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी आस्था और उत्साह के साथ किया। शहर के सभी दुर्गा पंडालों में विराजमान की गई मां दुर्गा की प्रतिमाओं को लेकर भक्त गंगा नदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान वहां भक्तों का जमावड़ा लग गया। अलग- अलग जगह से आये श्रद्धालु विसर्जन के दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरकते रहे और चारों तरफ अबीर और गुलाल उड़ाते रहे। वहीं पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराया।


मां दुर्गा के विसर्जन यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित माता दुर्गा की मूर्ति विसर्जन यात्रा ने बीते शनिवार को सुबह करीब 11 बजे पवित्र कल्याणी नदी के लिए प्रस्थान किया। यात्रा चौघड़ा, छोटी बाजार, खत्रियाना, मस्तू टोला और मेमारन टोला होते हुए, कल्याणी नदी के तट पर पहुंची। विसर्जन यात्रा की अगुवाई प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी के साथ उनके पारिवारिक चौधरी संजीव सिंह, चौधरी आशीष सिंह गोलू, भुवनेश सिंह, सुनील सिंह चौधरी, प्रमेश सिंह के अलावा कृष्णकांत श्रीवास्तव खजांची आदि भक्तों ने की। इसी प्रकार नगर मोहल्ला न्यू कटरा स्थित माता दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा की समाप्ति पर शनिवार को मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा कटरा व नानामऊ मार्ग तिराहा होते हुए। बिल्हौर मार्ग से पवित्र कल्याणी नदी के तट पर पहुंची। विसर्जन यात्रा में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार सहित नगर के विमलचंद्र शुक्ल, ज्ञानेश द्विवेदी, सर्वेश तिवारी, हरिओम तिवारी सभासद, श्रीकांत अग्निहोत्री, सुरेश दीक्षित, विनोद दीक्षित, अरुण कुमार द्विवेदी प्रधान, महेश दीक्षित, नंदकिशोर द्विवेदी, विभु बाजपेई, मोहित शुक्ला, रोहित तिवारी व कौशल बाजपेई तथा राम नरेश सिंह सहित हजारों लोग शामिल हुए। वहीं दोनों यात्राओं के कल्याणी नदी यात्रा के तट पर पहुंचने के बाद सभी प्रतिमाएं पवित्र जलधारा में विसर्जित कर दी गईं।

**औरास संवाददाता के अनुसार,** कस्बे में भक्तों द्वारा माता भुइयाँ देवी मंदिर से कस्बा में दुर्गा माता की प्रतिमा के साथ भक्तों का उजूम उमड़ा रहा। भक्तों ने हलवा वितरण करते हुए, रंग गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए। जय माता दी उद्घोष के साथ सई नदी में मूर्ति का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ किया गया। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन शनिवार को महा नवमी के अवसर पर मंदिर प्रबंध कमेटी के द्वारा मूर्ति विसर्जन पूरे कस्बा में गली-गली हलआ प्रसाद वितरित करते हुए। जलेश्वर मन्दिर के घाट पर सई नदी में मूर्ति का विसर्जन किया गया औरास थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### झगड़ा भूलकर 25 जोड़े फिर साथ रहने को हुए राजी

**उन्नाव।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्पडेस्क में रविवार को अलग अलग रहे पति-पत्नी के जोड़ों को बुलाया गया था। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग की गई। जिसमें उनके विवादों को खत्म कराकर फिर से साथ रहने को राजी किया गया। इसके बाद महिला थाना से 9, फतेहपुर चौरासी से 5, अचलगंज व बांगरमऊ से 2-2, माखी, सोहरामऊ, बिहार, कोतवाली सदर, पुरवा, हसनगंज व दही से 1-1 जोड़े को साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में अबसार अली, सगीर अहमद व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा भागीरथी, महिला सिपाही सपना सिंह, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, निक्की चौहान, पूजा यादव, सोनम, सुषमा राजभर, सोनी मिश्रा, शकुन्तला, सेविका, पूनम राजपूत, समानता, लक्ष्मी वर्मा, निशी शर्मा व शिखा का विशेष योगदान रहा।

### नहाते समय पोखर में डूबा किशोर, गई जान

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर अचानक गहरे पानी में डूब गया। शोर सुन लोगों ने पोखर में छलांग लगा दी। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा रतई पुरवा निवासी रामविलास का 12 वर्षीय बेटा शोभित रविवार को गांव के दोस्तों के साथ खेलते-खेलते गंगा नदी की कटान से बने पोखर के पास पहुंच गया और वहां भरे पानी में नहाने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में जाकर डूब गया। दोस्तों ने मदद की गुहार लगाई तो पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसे बचाने को पानी में छलांग लगा दी। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# सड़क हादसों में 5 की गई जान और 4 हुए घायल

उन्नाव । अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में पश्चिम बंगाल से लद्दाख जा रहे सैलानी की मौत हो गई। वहीं अन्य हादसों में किसान समेत तीन की जान चली गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जाचं पड़ताल करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया।

## रेसलर बाइक से लद्दाख जा रहे थे युवक

गंजमुरादाबाद। पश्चिम बंगाल प्रांत के जिला मुर्शिदाबाद अंतर्गत थाना ब्रह्मपुर के चोवापुर गांव निवासी विक्रम बोत्रा (40) पुत्र कमल सिंह गांव के साथी प्रलय पुत्र प्रवीन हलदर व विद्युत मजूमदार पुत्र सुबीर कुमार के साथ अलग-अलग बाइकों से भ्रमण के लिए लद्दाख जाने को बीती 11 अक्टूबर को निकले थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसिरापुर गांव के सामने रविवार सुबह साढ़े 6 बजे विक्रम बोत्रा का बैग अचानक बाइक के हैंडल में फंस गया। इससे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। साथियों की सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

केस 01



विक्रम बोत्रा।



एक्सप्रेस-वे पर पड़ी सैलानी की क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

### 150 किमी की रफ्तार से दौड़ा रहे थे बाइक

गंजमुरादाबाद। दिवंगत विक्रम के साथी प्रलय हलदर ने बताया कि वे लोग बीती 11 अक्टूबर को घर से निकले थे। शनिवार रात उन लोगों ने लखनऊ टोल प्लाजा पर विश्राम किया था। रविवार को आगे की यात्रा के लिए निकले थे। बताया कि तीनों के पास रेसलर बाइक थी और वे करीब 100 किलोमीटर का सफर तय कर चुके थे। बताया कि जिस समय हादसा हुआ उनकी बाइकों की रफ्तार 150 किमी प्रति घंटा थी।

## सब्जी बेचकर वापसआते समय वाहन की टक्कर से गई जान

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के नौबतगंज गांव निवासी मंशाराम (45) सब्जी की खेती करता था। शनिवार को खेत से सब्जी तोड़कर नानामऊ बाजार बेचने गया था। देरशाम लौटते समय बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ गंगापुल पर अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें उसकी साइकिल चकनाचूर हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

केस 02

## बाइक की टक्कर से राजगीर मिस्त्री की मौत

औरास। थानाक्षेत्र के मवई गांव निवासी वकील पुत्र रामकुमार राजगीर का काम करने संडीला जा रहा था। तभी तिलूइया चौराहे पर सामने से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वकील रोड पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सीएचसी संडीला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके भाई अनूप की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केस 03



वकील।

## डॉक्टर के पास दवा लेने जा रहा था युवक, दुर्घटना में गई जान

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के नोनार गांव निवासी वीरू (18) पुत्र छत्रपाल परिवार के साथ चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। तीन दिन पहले वह अपनी ननिहाल सकूराबाद स्थित मंशा देवी मंदिर में लगने वाला मेला देखने नानी राजेश्वरी के यहां आया था। शनिवार को उसे अचानक बुखार आ गया। इस पर वह शाम को दवा लेने डॉक्टर के पास जा रहा था। तभी तकिया-हुलासी कुआं मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। लोगों की मदद से उसे गंभीर हालत में सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

केस 04



वीरू।

## कार की टक्कर से युवक की गई जान

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजीजपुर गांव निवासी अनूप (18) पुत्र प्रमोद शनिवार को दोस्त मनीष के साथ अपने मामा के यहां लखनापुर गांव में मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आया था। शाम को लौटते समय वे लखनापुर नहर पुलिया के पास पहुंचे थे कि सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें नवाबगंज सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर किया। जहां अनूप इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं साथी मनीष को परिजन उसे कानपुर ले गए।

केस 05

## डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 घायल

औरास। आजमगढ़ जिला निवासी अमित (28) व मनोज पुत्र वीरपाल नई दिल्ली में एक कोरियर कंपनी में काम करते हैं। वे रविवार भोरपहर दिल्ली से आजमगढ़ जा रहे थे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के सबली खेड़ा गांव के पास झपकी लगने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उन्हें गंभीर चोटें आ गईं।

केस 06

## चर्म इकाई की बस की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

बिछिया। दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी शिवम दीप पांडे शनिवार शाम स्कूटी से लखनऊ-कानपुर हाईवे पर थानाक्षेत्र के गड़ी गांव से घर जा रहा था। तभी एक चर्म ईकाई की बस ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया।

केस 07



शस्त्र पूजन करते नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व मौजूद लोग। अमृत विचार

# शस्त्र पूजन कर राष्ट्र रक्षा का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक ने कराया आयोजन

अमृत विचार। जिले में विजय दशमी पर हिंदू संगठनों द्वारा शस्त्र पूजन धूमधाम से मनाया गया। नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान देश के प्रसिद्ध कारोबारी व लोक कल्याण के लिए समर्पित स्व. पद्म विभूषण रतन टाटा को नम आखों से श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता व विमल द्विवेदी ने प्रभू श्रीराम व शस्त्रों का पूजन कर किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने भी शस्त्र पूजन में भाग लिया और रतन टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विमल द्विवेदी ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा समिति के माध्यम से हम भगवान राम के आशीर्वाद से समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं। स्व. रतन टाटा ने जो सेवा कार्य किए उनका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनीता विमल द्विवेदी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, एके दीक्षित, योगेंद्र तिवारी, विकास सिंह सेंगर, अखिल मिश्रा, अंशू शुक्ला, मनीष पांडेय, मनीष मिश्रा, मनीष अवस्थी, अशोक शुक्ल, उत्तम पांडेय, अजय सिंह, अखिलेश सिंह, शोभित कुमार, मोहित मिश्रा, शैलेंद्र त्रिवेदी, संदीप सिंह, अनुज चौधरी, सोमेंद्र नाथ शुक्ल आदि रहे। वहीं जिले के अन्य स्थानों पर भी शस्त्र पूजन किया गया।

## एक नजर

### टप्पेबाजों ने महिला की नकदी व जेवर उड़ाये

उन्नाव । सुमन ने बताया कि रविवार देरशाम वह फैक्ट्री से गांधी नगर तिराहा तक ऑटो से आई। वहां से पैदल बड़ा चौराहा कपड़े खरीदने जा रही थी। तभी छोटा चौराहा के पास पीछे से आए दो युवकों ने रुपये जमा करने वाली एटीएम मशीन के बारे में उससे पूछा। वह बिना जवाब दिए आगे बढ़ी तो दोनो पैदल उसके पीछे से आए और उनमें से एक ने रुमाल निकालकर उसके चेहरे के सामने हिला दिया। इसके बाद वह टप्पेबाजों के साथ चल दी। सुंदर टाकीज वाली गली में ले जाकर युवकों ने उसके कान के टॉप्स, पायल व 5000 रुपये ले लिये और भाग निकले। घर पहुंच कर उसने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि महिला ने सिर्फ सूचना दी है। दो घंटे से उसे बुलाया जा रहा है लेकिन वह कोतवाली नहीं आई है। जो स्थान वह बता रही है वह काफी व्यस्ततम है। ऐसी घटना होना संदिग्ध लग रहा है।

### युवक पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम उसकी गैर मौजूदगी में पड़ोस में रहने वाला युवक उसके घर में घुस आया और घर में अकेली रही उसकी 13 वर्षीय बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर युवक ने उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ शुरू की है।

### डेंगू पीड़ित युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

बांगरमऊ उन्नाव । मोहल्ला भटपुरी निवासी अकरम (22) फुटवियर की दुकान किए था। परिजनों के मुताबिक चार दिन पूर्व उसे तेज बुखार आया। जिस पर उसे नगर के ही एक निजी क्लीनिक ले जाया गया। डेंगू के लक्षण प्रतीत होने डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने अकरम को लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां हुई उसकी जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। रविवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# स्वास्थ्य मेले में 58 लोगों की जांची सेहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. सर्वेश यादव, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी।

वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 58 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा, अखिलेश समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### नवाबगंज सीएचसी में छुट्टी होने की बात कह मरीजों को लौटाया

नवाबगंज। नवाबगंज सीएचसी में रविवार को मौजूद स्टाफ मरीजों को छुट्टी होने की बात कहकर लौटाते रहे। लेकिन इमरजेंसी में पहुंची सड़क हादसे में घायल वृद्धा कुंजपुर गांव निवासी राधिका (65), नवाबगंज निवासी घायल अनिल सोनी और झलोत्तर गांव निवासी मरीज राजबहादुर को जब इलाज नहीं मिला तो उन्हें सीएचसी में चिकित्सक मौजूद न होने की जानकारी हुई। वृद्धा के पैर की हड्डी टूटने से वह दर्द से कराह रही थी। ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार ने उसे दर्द का इंजेक्शन तो दे दिया लेकिन अन्य दोनों मरीजों का वह इलाज नहीं कर सके। जिससे मरीज तड़पते रहे। मरीजों के साथ आये तीमारदारों ने फार्मासिस्ट से चिकित्सक को बुलाने को कहा लेकिन काफी देर तक चिकित्सक सीएचसी नहीं पहुंचे। इस पर तीमारदारों ने सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश को फोन कर इसकी शिकायत की। इसके बाद एसीएमओ डॉ. हरिनंदन नवाबगंज सीएचसी पहुंचे और मरीजों का इलाज शुरू किया। । इसके बाद ड्यूटी पर रहे डॉ. सिद्धार्थ भी पहुंचे जिन्हें एसीएमओ ने फटकार लगाई।

# करंट की चपेट में आये लाइनमैन की गई जान

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- लाइन चालू करने वाले एसएसओ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार। शटडाउन लेकर एचटी लाइन का फॉल्ट दुरुस्त कर रहे संविदा पर कार्यरत लाइनमैन की लाइन में करंट आने से मौत हो गई और उसके दो सहयोगी घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से अक्रोशित परिजनों ने शव रोड पर रख विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया। भाई ने लाइन चालू करने वाले एसएसओ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

असोहा थानाक्षेत्र के जबरेला गांव के मजरा अलौदीमौ निवासी गोविंद उर्फ गोलू (24) संविदा पर कालूखेड़ा विद्युत सब स्टेशन में लाइनमैन था। रविवार दोपहर कालूखेड़ा फीडर से संपर्कित भवलिया गांव की एचटी लाइन में आए फाल्ट की सूचना पर वह शट डाउन लेकर साथी मनोज व नकुल के साथ फॉल्ट ठीक करने गया था। करीब पौने तीन बजे वह पोल पर चढ़कर काम कर रहा था तभी अचानक लाइन में करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आकर गोविंद गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बचाने में दोनों साथी भी घायल हो गए। सभी को असोहा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां गोविंद को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मनोज व नकुल का कालूखेड़ा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोषियों पर कार्रवाई व मुआवजे की मांग करते हुए परिजनों ने असोहा मार्ग पर शव रख जाम लगा दिया। परिजन विभागीय अधिकारियों को बुलाने की भी मांग कर रहे हैं। पुलिस उन्हें समझाती रही। देरशाम तक परिजन रोड पर ही बैठे थे। भाई अरविंद कुमार ने शटडाउन देने के बाद भी लाइन चालू करने वाले एसएसओ के विरुद्ध तहरीर दी है।

# सरैयां क्रासिंग पर लगे भीषण जाम में फंसीं ट्रेनें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार देरशाम बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भीषण जाम के चलते दो ट्रेनें फंस गईं। शाम करीब साढ़े 6 बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें गुजरीं। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं।

जाम की स्थिति के कारण गेटमैन ने वाहनों को हटवाकर क्रॉसिंग बंद की लेकिन, वाहनों की जल्दबाजी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। वाहन सवार आड़े-तिरछे खड़े हो गए। जिससे कई वाहन क्रॉसिंग के बीच फंस गए। इस दौरान ट्रेनें आउटर पर रुककर हॉर्न बजाने लगीं। गेटमैन ने तत्परता दिखाते हुए फंसे वाहनों को बाहर निकालकर फाटक बंद किया। इसके बाद ट्रेनें रवाना हो सकीं।



क्रासिंग पर लगे जाम के चलते रुकी ट्रेन।

# चोरों ने जेवरात और नकदी उड़ाई

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से से सोने-चांदी के जेवरात व हजारों की नकदी पार कर दी। परिजनों ने देखा तो पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

औरास थानाक्षेत्र के आलम खेड़ा गांव निवासी उमेश ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार रात उसकी मां रामकली अकेले घर में थी। तभी चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से से सोने-चांदी के जेवरात व 65 हजार की नकदी समेत अन्य कीमती सामान पार कर दिया। भोरपहर जब परिजनों ने देखा तो उन्हें बक्सा का ताला खुला मिला और उसमें रखा सामान गायब मिला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ अश्वनी मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।



चोरों द्वारा तोड़ी गई खिड़की।

### सूने घर से चोरों ने उड़ाए जेवर

उन्नाव । सदर कोतवाली अंतर्गत सूने घर में घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे जेवर पार कर दिए। रविवार को घर लौटने पर गृह स्वामिनी को इसकी जानकारी हुई। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर वापस लौट गई। सदर कोतवाली अंतर्गत किला चौकी क्षेत्र निवासी राजदा ने तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ 22 सितंबर को घर बंद कर रसूलाबाद कस्बा में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने गई थी। रविवार को लौटी तो कमरे की खिड़की का कांच टूटा पड़ा था और अंदर रखी अलमारी का दरवाजा खुला था। भीतर जाकर देखा तो अलमारी में रखे जेवर गायब थे। बताया कि चोरी गये जेवर की कीमत करीब 80 हजार रुपये है।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों ने चोर समझकर युवक को पोल से बांधकर पीटा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नया खेड़ा गांव में शनिवार रात एक घर में चोरी का प्रयास हुआ। घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसे जमकर पीटा। इस घटना में घायल युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना के बारे में नीरज निषाद की पत्नी अंजली निषाद ने बताया कि रात साढ़े ग्यारह बजे उनके घर में चोर घुस आया। घर में मौजूद ननद ने शोर मचाया तो चोर ने उसका मुंह दबा दिया। आहट सुनकर ग्रामीणों ने चोर को पकड़ लिया और उसे पोल से बांधकर मारा पीटा। सूचना मिलने पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने बंधे हुए युवक को छुड़ाया और हिरासत में ले लिया। पुलिस अंजली के पति नीरज और उसकी बुआ के लड़के सर्वेश को भी कोतवाली ले गई। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि युवक रास्ते से जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है और अन्य दोनों को छोड़ दिया गया है।

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त मनीष पाण्डेय उर्फ शिवम पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अनुराग सिंह ने बताया कि 23 जून 2024 को अश्वनी गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि देररात साढ़े 11 बजे कंचन नगर मोड़ पर कुछ लोगों ने उनसे मारपीट की। इस घटना के संबंध में पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं व एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। रविवार को आरोपी को सरैया वाटिका के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक रविशंकर पांडेय, कांस्टेबल संतोष यादव व कांस्टेबल प्रशांत कुमार शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट भेजा है।



फीता काटकर अकादमी का उद्घाटन करते पूर्व रणजी खिलाड़ी ।

### अम्बिका प्रसाद क्रिकेट अकादमी का हुआ उद्घाटन

शुक्लागंज उन्नाव । रविवार को ओपीजेडी इंटर कॉलेज में अम्बिका प्रसाद क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन संदीप पाण्डेय, पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा किया गया। इस समारोह में अंबिका प्रसाद क्रिकेट एकादमी के चेयरमैन अजय त्रिवेदी, एसोसिएशन के चेयरमैन वीरेन्द्र शुक्ला, सेक्रेटरी कमल दोसर और पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी व राष्ट्रीय चयनकर्ता राम गोपाल शर्मा ने भी भाग लिया। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी प्लेयर और यूपीपीएल नोएडा टीम के मैनेजर सतीश जायसवाल सहित पूर्व खिलाड़ी सुधीर श्रीवास्तव, अजित सिंह, अनुराग मिश्रा और जितेन्द्र साहू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अकादमी में आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है, जिसमें ऐस्ट्रो टर्फ, ग्रासी टर्फ, बॉलिंग मशीन, स्पीड गन और नाइट प्रैक्टिस की सुविधाएं शामिल हैं। संचालक ने बताया कि यह अकादमी युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और उनकी क्रिकेट प्रतिभा को निखारने के लिए समर्पित है।

### बेटी के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया सजायाफ्ता पिता

फतेहपुर चौरासी। कस्बा ऊगू के मोहल्ला नेवादा निवासी लक्ष्मी पुत्री शिव मंगल अपने भाई के साथ बीती सात अक्टूबर को किसी काम से सफीपुर गई थी। वापस लौटते समय हुलासी कुआं के पास डंपर की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गई थी। तभी से लखनऊ में उसका इलाज चल रहा था। 10 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस पर शिवमंगल के भतीजे विशाल पटेल ने जिलाधिकारी से शिव मंगल को जेल से पैरोल पर छुट्टी दिलाकर बेटी की अंतिम यात्रा में शामिल होने की गुहार लगाई थी। इसके बाद डीएम के निर्देश पर उसे 48 घंटे की पैरोल पर जेल से बाहर लाया गया। इसके बाद वह बेटी की अंतिम यात्रा ने शामिल हुआ। शनिवार सुबह बांगरमऊ के नानामऊ घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। शिव मंगल ने सन-1979 में ऊगू में दो भाइयों की हत्या की थी। इस मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

### 'आपरेशन मुस्कान' के तहत 81 खोये मोबाइल लौटाए

उन्नाव। जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से लोगों के गुम हुए महंगे मोबाइल फोनों को एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत बरामद करने के बाद धारकों को लौटाए गए। एसपी ने बताया कि सर्विलांस सेल के प्रयास से 81 एंड्राइड फोन बरामद किए गए थे। जिनकी कीमत करीब 13 .45 लाख है। पुलिस लाइन सभागार में शिकायत कर्ताओं को बुलाकर उनके फोन वापस किए गए। इस दौरान एसपी के अलावा एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह के अलावा इस आपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाले सर्विलांस सेल प्रभारी मुन्नालाल व उनकी टीम मौजूद रही। वहीं, खोए मोबाइल पाकर पीड़ितों के चेहरों पर खुशी छा गई।

### लीकेज सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी खाक

उन्नाव। खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर में हुए रिसाव के बाद आग लग गई। लपटें उठती देख ग्रामीण दौड़े और पानी की बौछार कर करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से गृह स्वामी व उसका बेटा झुलस गया। माखी थानाक्षेत्र के कोरारी खुर्द गांव निवासी प्रमोद कुशवाहा घर के किचेन में खाना बना रहा था तभी रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें उठती देख व चीख पुकार सुन ग्रामीण दौड़े और उन्होंने घरों सबमर्सिबल व पंपिंग सेट चालू कर पानी की बौछार शुरू की। 2 घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

भक्ति-भावना

देवी के भजनों पर देररात तक झूमते रहे भक्त, झांकियों ने मोहा सभी का मन

# प्यारा सजा दो मां का द्वार, हो जाएगा जीवन पार ... पर बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

अमृत विचार। सदर तहसील के गांव ओरहर स्थित मां साखों देवी मंदिर परिसर में शनिवार रात 29 वां दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। कलाकारों ने भजनों के साथ देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

जागरण की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रज्ज्वलन व गणेश वंदना से हुआ। गायिका ज्योति गोश्वामी ने प्यारा सजा दो मां का द्वार, हो जाएगा जीवन पार भजन सुनाकर तालियां बटोरी। कन्नौज के संदीप मस्ताना ने दरबार में साखों मइया के दुःख दर्द मिटाए जाते हैं, दुनिया के सताए लोग यहां सीने से लगाए जाते हैं भजन सुनकर भक्तों के आंखों में आंसू छलक गए। बेबी प्रियांशू ने मेरा हाथ पकड़ लो मैया जी, दुनिया में हमारा कोई नहीं भजन सुनाकर वाहवाही लूटी। शिवा ग्रुप द्वारा शंकर पार्वती नृत्य, बृज की होली व काली नृत्य की झांकिया प्रस्तुत की गईं। समापन तारा रानी कथा व हलुआ, चना प्रसाद वितरण कर हुआ। कार्यक्रम में हेमंत दीक्षित, अनिल त्रिवेदी, महेंद्र शुक्ला रहे।



ओरहर गांव स्थित रात्रि जागरण में दुर्गा मां की झांकी दिखाते कलाकार। अमृत विचार



दुर्गा पूजा के दौरान मां की प्रतिमा के साथ सिंदूर खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार

### दुर्गा पूजा महोत्सव में हुआ सिंदूर खेला

शुक्लागंज उन्नाव । बिहारी मन्नीपुरम स्थित एक गेस्ट हाउस में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 47वां दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को महिलाओं ने श्रद्धा के साथ सिंदूर खेला। सभी ने माता दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर लगाकर मां के साथ इस पावन रस्म का आनंद लिया। इसके बाद, दोपहर में भक्तों ने विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली। शाम को शांतिजल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से तरित चटर्जी, असित कुमार दास, तपन जाना, तापोश चटर्जी, अभिषेक दास, शशांक बर्मन, संजय शर्मा, निशि बर्मन, पी के चटर्जी, विद्युत चटर्जी आदि रहे।

# बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने वाली पहल

## पीएम गतिशक्ति : प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित होने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने को 13 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। पीएम गतिशक्ति सात इंजनों - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।



- इसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग हवाईअड्डे, परिवहन आदि
- 13 अक्टूबर 2021 को नेशनल मास्टर प्लान हुआ था शुरू

मोदी ने एक्स पर कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की।

### योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल



गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हड़ताली लोगों को हिरासत में लेना लोकतंत्र पर धब्बा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। सोनम वांगचुक ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों को हिरासत में लिए जाने की घटना को लोकतंत्र पर धब्बा बताया है।



- छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 लोगों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा कि हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।

# एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से अधिक मूल्यवान क्यों : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है। उन्होंने पूछा कि अग्निवीर के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे? उन्होंने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

गांधी ने कहा कि नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा



- अग्निपथ योजना पर फिर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से पूछे सवाल दो अग्निवीरों की मौत पर सरकार को घेरा

सरकार असफल रही है। क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? उन्होंने पूछा कि अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय और जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? आइए इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

## एक नजर

### आबकारी घोटाला: व्यवसायी की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत पर सुनवाई करेगा। वाद सूची के अनुसार न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई किये जाने की संभावना है।

### हेलीकॉप्टर क्रैश: 40 दिन बाद अरब सागर में मिला शव

**धर्मशाला।** गुजरात के पोरबंदर में देश सेवा के दौरान शहीद हुए हिमाचल के कांगड़ा के पायलट राकेश राणा का शव 40 दिन बाद बरामद हो गया है। राकेश (38) अरब सागर में लापता हो गए थे। राणा, कांगड़ा के चढियार क्षेत्र के बरवाल खड्ड गांव के निवासी थे। उनका हेलीकॉप्टर दो सितंबर को गुजरात में भारी बारिश के बीच राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### गुजरात के उप-जेल में कैदी ने आत्महत्या की

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर उप-जेल में 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार सुबह को हुई है। हिम्मतनगर जिला कारागार के अधीक्षक जेजी चावड़ा ने बताया कि विपुल मथासूलिया ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली है।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की कर दी हत्या

अगरतला, एजेंसी

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

पश्चिम त्रिपुरा में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी एक साल से पत्नी से अलग रह रहा था। इसने बताया कि सिपाहीजाला जिले के मधुपुर निवासी 51 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो बेटों के साथ मधुपुर में रह रहा था जबकि उसकी पत्नी डेढ़ साल से पश्चिमी त्रिपुरा जिले के नेताजीनगर में मां के साथ थी। आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया हुआ था। एसपी किरण कुमार ने बताया कि रविवार को उसकी पत्नी ने दुर्गा पूजा के दौरान अपने दो पुरुष मित्रों के साथ खींची तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं, जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

## 4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले से रविवार को 4.5 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले करीमगंज के एसपी पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि सूचना के बाद मिजोरम से आ रहे एक वाहन को चेवली बील क्षेत्र में रोका गया। गहन तलाशी के बाद वाहन से 548.82 ग्राम (48 साबुन के डिब्बे) हेरोइन बरामद हुई। हमने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था।

## राव इंद्रजीत सिंह ने बगावत की खबरों को किया खारिज

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके बगावत करने की खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

- केंद्रीय मंत्री बोले- वह भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं

सिंह ने एक्स पर कहा कि कुछ चैनल पर निराधार खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमें मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, निराधार है। मैं और मेरे सभी साथी विधायक भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो कांग्रेस द्वारा जीती गईं सीट से 11 अधिक है। वहीं, जजपा और आप जैसे दलों का सफाया हो गया और इनेलो को सिर्फ दो सीट मिलीं।

# जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में उमर ले सकते हैं सलाह : केजरीवाल

डोडा (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में समस्या आती है तो उमर उनसे सलाह ले सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं। अब भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम,



- बोले- दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं

जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है। केजरीवाल आप के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर में सदस्य चुने जाने पर डोडा में थे।

## महाराष्ट्र की जनता परिवर्तन को लेकर उत्सुक : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव को उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा कि हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा।

- पवार ने कहा- हम वर्तमान सरकार से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं

## असम में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

**गुवाहाटी।** असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 105 किमी उत्तर और असम-अरुणाचल सीमा के पास तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों में भूकंप के झटके लगे।

# 77 चिकित्सकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में कल्याणी जेएनएम हॉस्पिटल के 75 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी और मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

अस्पताल के कुल 77 चिकित्सकों ने 14 अक्टूबर से काम बंद करने के फैसले के बारे में बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पंजीयक को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान मनः स्थिति में काम करने में असमर्थता की वजह बतायी है। चिकित्सकों ने कहा कि वे आमरण अनशन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताते हैं, जिनकी सेहत बिगड़ रही है।

### चिकित्सकों की भूख हड़ताल का आज नौवां दिन

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। राज्य के कई हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में आमरण अनशन कर रहे चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा ने चिकित्सकों को दिया समर्थन दिया

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने रविवार को जारी चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की और कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का समर्थन करने का वादा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संग हुई बैठक में बनी सहमति से पीछे हट रही है।

## डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उसके द्वारा वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी किए हैं। आप ने रविवार को कहा कि सरकार ने 2024-25 के लिए कॉलेजों के वास्ते लगभग 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। 100 करोड़ रुपये का कोष तीसरी तिमाही के लिए है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा हमेशा आप सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद से हर साल बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा को समर्पित किया गया है।



## एक नजर

### ग्लेनमार्क कमियों के कारण उत्पाद मंगाए वापस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कहा है कि दवा कंपनी ग्लेनमार्क विनिर्माण संबंधी कमियों के कारण अमेरिका में अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। भारतीय कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की इकाई न्यू जर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स रायलट्रिस (ओलोपाटाडाइन हाइड्रोक्लोराइड और मोमेटासोन फ्लोरेट) नेजल स्प्रे की 45,504 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि कंपनी दोषपूर्ण वितरण प्रणालीके कारण प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि डिप ट्यूब बंद हो गई है, जिसके कारण स्प्रे काम नहीं कर रहा है।

### विप्रो नतीजों से पहले बोनस शेयर पर करेगी विचार

**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी विप्रो ने रविवार को कहा कि उसका निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। विप्रो 17 अक्टूबर, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी का निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। बेंगलुरू मुख्यालय वाली कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा।

### सीसीपीए ने दिया ओला को सेवा पर रसीद देने का आदेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू का निर्देश दिया है। इसमें रिफंड के विकल्प और ऑटो राइड के लिए रसीदें देना शामिल है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने पाया कि ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिए गए थे, जबकि उपभोक्ताओं को बैंक खाते में रिफंड का विकल्प नहीं दिया गया था।

# कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर होगी बाजार की नजर

## निवेशक सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों पर भी करेंगे विचार

- वैश्विक स्तर पर तनावों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों पर होगा मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण बीते सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद के सत्रों में नुकसान को सीमित करने में मदद मिली।

### विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते



संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियां और ब्याज दर को लेकर स्थिति जैसे वैश्विक कारक भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### देश की 10 में से सात प्रमुख कंपनियों की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर इसका असर दिखा। आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ कम होकर 15,01,723.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 21,351.71 करोड़ घटकर 18,55,366.53 करोड़, आईटीसी 18,761.4 करोड़ घटकर 6,10,933.66 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. 16,047.71 करोड़ घटकर 6,53,315.60 करोड़, एलआईसी 13,946.62 करोड़ घटकर 6,00,179.03 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 11,363.35 करोड़ घटकर 8,61,696.24 करोड़, एचडीएफसी बैंक 4,998.16 करोड़ घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ बढ़कर 9,60,435.16 करोड़, इन्फोसिस 6,913.33 करोड़ बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

- टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

# एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके

एनएफओ, यानी न्यू फंड ऑफर, एक नई म्यूचुअल फंड स्कीम है, जिसे म्यूचुअल फंड कंपनियां सीमित अवधि के लिए प्रस्तुत करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों से धन जुटाना होता है, जिसका उपयोग विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे कि स्टॉक्स और बांड्स में किया जाता है। एनएफओ में निवेश करने से निवेशक उच्च संभावित रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही मार्केट रिस्क और फंड मैनेजर की निर्णय क्षमता पर निर्भरता जैसे जोखिम भी जुड़े हुए होते हैं। इस लेख में हम एनएफओ के लाभ और जोखिमों पर विस्तृत से चर्चा करेंगे....



### एनएफओ का म्यूचुअल फंड से संबंध

- **नई स्कीम :** एनएफओ नई म्यूचुअल फंड स्कीम है। यह तब शुरू होती है जब म्यूचुअल फंड कंपनी पोर्टफोलियो में नए एसेट्स जोड़ना चाहती है।
- **इक्विटी और डेट फंड्स :** इसमें निवेश का तरीका इस पर निर्भर करता है कि यह इक्विटी, डेट या हाइब्रिड फंड है।
- **प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ के दौरान, निवेशक एक निश्चित अवधि (आमतौर पर कुछ सप्ताह) के लिए फंड में निवेश कर सकते हैं।

### लाभ का सुनहरा अवसर

- **उच्च संभावित रिटर्न :** यदि फंड अच्छी कंपनियों में निवेश करता है, तो यह दीर्घकालिक में उच्च रिटर्न दे सकता है। खासकर इक्विटी फंड्स में।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** एनएफओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों या एसेट्स में निवेश कर सकते हैं, जिससे पोर्टफोलियो का रिस्क कम होता है।
- **कम प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ में न्यूनतम निवेश की आवश्यकता कम होती है, जिससे नए निवेशकों के लिए प्रवेश करना आसान होता है।
- **प्रोफेशनल मैनेजमेंट :** म्यूचुअल फंड में पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा फंड का प्रबंधन किया जाता है, जो निवेश के निर्णय लेते हैं।

### जोखिम को लेकर रहे सचेत

- **मार्केट रिस्क :** निवेश के समय, यदि बाजार में गिरावट है तो आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। मार्केट की अस्थिरता महत्वपूर्ण जोखिम है।
- **फंड मैनेजर पर निर्भरता :** फंड का प्रदर्शन काफी हद तक फंड मैनेजर के निर्णय पर निर्भर होता है। गलत निर्णय से नुकसान हो सकता है।
- **परिवर्तनशीलता :** एनएफओ में विभिन्न प्रकार के एसेट्स हो सकते हैं, जिससे उनका मूल्य उतार-चढ़ाव कर सकता है।

# कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान 0.6 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6% की गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

सितंबर में सरकार को भुगतान किये शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1% घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी



- सालाना आधार पर की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा

खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

## कॉल सेंटर के बिना काम कर रही फ्लाई91, डिजिटल पर जोर

**नई दिल्ली।** सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की।

फ्लाई91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा कि हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है।

## सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स का खिताब

शंघाई, एजेंसी



- शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराया

ट्रॉफी के साथ यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाये जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं। वहीं महिलाओं के वुहान ओपन फाइनल में दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेंका का सामना सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब हासिल करने का प्रयास कर रही हैं जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रही कोको गॉफ को 1-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर जबकि पेरिस ओलंपिक की चैंपियन किनवेन ने 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## इमर्जिंग टीम एशिया कप में तिलक वर्मा करेंगे इंडिया ए की अगुवाई

मुंबई, एजेंसी

- 18 से शुरु होगा पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओमान में होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी गई है। 18 अक्टूबर से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे।

अब तक भारत के लिए चार एकदिवसीय और 16 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक के अलावा टीम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी टीम में जगह दी गई हैं। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वालो खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और यूएई भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। पांच संस्करण एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में भारत को फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

## शाहबाज-मुकेश ने यूपी को सस्ते में समेटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्राफी -तीसरा दिन**



अर्धशतक लगाकर बल्ला उठाए पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज सुदीप।

**अमृत विचार :** मुकेश कुमार व शाहबाज अहमद की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पश्चिम बंगाल ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया और पूरी पारी 293 रन पर समाप्त कर दी। पश्चिम बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोकर 141 रन बना लिये। इसके साथ ही अब उसकी कुल बढ़त को 160 रन पहुंच गई है। मुकेश व शाहबाज ने 4-4 विकेट लिए।

इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ने आज तीन विकेट पर 198 रन से आगे का खेल शुरू किया। कप्तान आर्यन जुयाल महज दो रन और जोड़कर मुकेश कुमार की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। पांचवा विकेट 207 रन के योग पर गिरा। लखनऊ के अनुभवी बल्लेबाज अक्शदीप नाथ बिना खाता खोले ही लौट गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने एक छोर तो संभाल लिया लेकिन दूसरे छोर से विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। 292 रनों के योग पर यूपी टीम सिमट गई।

सिद्धार्थ यादव ने 127 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। बंगाल की ओर से मुकेश ने 43 और शाहबाज ने 96 रन देकर 4-4 विकेट लिए। दूसरी पारी में पश्चिम बंगाल के लिए सुदीप चटर्जी और अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार शुरुआत की। खेल खत्म होने तक 36 ओवर के खेल में बिना विकेट खोए दोनों ने 141 रन बना लिए थे। अभिमन्यु 107 गेंदों पर 78 रन बना चुके हैं। वहीं सुदीप चटर्जी 109 गेंदों 59 रन बनाकर विकेट पर बने हुए हैं।

## खेल डायरी

### अदिति शंघाई टूर्नामेंट में संयुक्त 55वें स्थान पर

**शंघाई।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ रविवार को यहां एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नमेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। एलपीजीए पर यह यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी लेकिन चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। ये दोनों 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ यिन से छह शॉट पीछे रहीं।

### शुभंकर फ्रांस में कट में जगह बनाने से चूके

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण फ्रांस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर ने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने 75 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट में जगह बनाने से नाकाम रहे। यह टूर्नामेंट ले गोल्फ नेशनल में खेला जा रहा है जहां दो महीने पहले इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलंपिक में भाग लिया था। पहले दौर में चार बर्डी और पांच बोगी करने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की और इस तरह बड़े अंतर से कट में जगह नहीं बना पाए। कट एक अंडर पर गया। इस बीच स्वीडन के जेस्पर स्वेन्सन ने अंतिम दौर से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बढ़ा दिया।

### युवराज 13वें स्थान के साथ मकाऊ ओपन में शीर्ष भारतीय

**मकाऊ।** युवराज संधू रविवार को यहां 10 लाख डॉलर इनामी एसजेएल मकाऊ ओपन में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चंडीगढ़ के युवराज ने पहले दो दौर में 71 और 67 का स्कोर बनाने के बाद अंतिम दो दौर में 64 और 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 270 रहा। अंतिम दौर में संधू ने तीन बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर दो अंडर रहा। अन्य भारतीयों में अजितेष संधू (71-67-70-66) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 29वें जबकि सपतक तलवार (70-68-72-68) और खलिन जोशी (68-72-70-68) दोनों दो अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया (69-68-69-74) ने के स्कोर से संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के रतानोन वानारिचन ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल 20 अंडर के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन यह पहला अवसर है जबकि भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गईं थी लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था। पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 रन से हराया

**महिला टी-20 विश्वकप : हार नहीं टाल सका हरमनप्रीत का अर्धशतक**

शारजाह, एजेंसी



जीत के बाद जश्न मनातीं ऑस्ट्रेलिया की टीम। ● एजेंसी

ग्रेस हैरिस (40), कप्तान तालिया मैक्ग्रा (32) और एलिस पेरी (32) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के आखिरी ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के 18वें मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा। सोफी मोलिन्यू को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 151 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में शेफाली वर्मा (20) का विकेट गवां दिया। शेफाली को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद छठें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने स्मृति मंधाना (छह) को पगबाधा आउट किया। दीप्ति शर्मा ने 25 गेंदों में 29 रनों की जूझारू पारी खेली। ऋचा घोष (एक) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर की ने 47 गेंदों में (नाबाद 54) की अर्द्धशतकीय पारी खेली। आखिरी ओवर में यह अलाम था कि हरमनप्रीत कौर एक छोड़ पर खड़ी रह गयी और विकेट गिरते गये। भारत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सका और नौ रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने दो- दो विकेट लिये। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में 17 के स्कोर पर रेणुका सिंह ने एक के बाद एक दो विकेट झटके। बेथ मूनी (2) और जॉर्जिया वेयरहम (शून्य) पर आउट हुई। इसके बाद कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ग्रेस हैरिस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 62 रन जोड़े। दीप्ति ने ऐलिस पेरी (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (6) वस्त्रकर का शिकार बनी। ग्रेस हैरिस 40 को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) और सोफी मोलिन्यू (शून्य) पर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये। भारत की ओर से रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्रकर और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया महिला : 151/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ग्रेस हैरिस का मंधाना बो दीप्ति | 40 | 41 | 5/0 |
| बेथ मूनी का राधा बो रेणुका | 2 | 7 | 0/0 |
| जॉर्जिया वारेहैम पगबाधा बो रेणुका | 0 | 1 | 0/0 |
| तहलिया मैकग्रा स्ट ऋचा बो राधा | 32 | 26 | 4/0 |
| एलिसे पैरी का सब बो दीप्ति | 32 | 23 | 2/1 |
| एशले गार्डनर का राधा बो पूजा | 6 | 6 | 1/0 |
| फोबे लिचफील्ड नाबाद | 15 | 9 | 1/1 |
| अनाबेल सदरलैंड बो श्रेयंका | 10 | 6 | 2/0 |
| सोफी मोलिनू रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| मेगान शट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-24-2, श्रेयंका पाटिल 4-0-32-1, पूजा वस्त्राकर 3-0-22-1, अरुंधति रेड्डी 3-0-24-0, दीप्ति शर्मा 4-0-28-2, राधा यादव 2-0-14-1

**भारत महिला : 142/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली कैच सदरलैंड बोल्ड गार्डनर | 20 | 13 | 2/1 |
| स्मृति मंधाना पगबाधा मोलिन्यू | 6 | 12 | 0/0 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स कैच गार्डनर बोल्ड शूट | 16 | 12 | 3/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 54 | 47 | 6/0 |
| दीप्ति शर्मा कैच वेयरहम बोल्ड मोलिन्यू | 29 | 25 | 3/0 |
| ऋचा घोष रन आउट (लिचफील्ड) | 1 | 3 | 0/0 |
| पूजा वस्त्रकर बोल्ड सदरलैंड | 9 | 6 | 1/0 |
| अरुंधति रेड्डी रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| श्रेयंका पाटिल रन आउट (मूनी) | 0 | 0 | 0/0 |
| राधा यादव पगबाधा सदरलैंड | 0 | 1 | 0/0 |
| रेणुका सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : मेगन शूट 4-0-25-1, एश्ली गार्डनर 4-0-32-1, सदरलैंड 4-0-22-2, सोफी मोलिन्यू 4-0-32-2, वेयरहम 3-0-22-0, डार्सी ब्राउन 1-0-8-0

## टेक्सास में युवाओं को गुर क्रिकेट के सिखाएंगे सचिन

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी



भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है।

तेंदुलकर ने रविवार सुबह होने वाले कार्यक्रम से पहले कहा क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है। एनसीएल से कई दिग्गज क्रिकेटर जुड़े रहे हैं जिनमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचर्ड्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का समर्थन हासिल है।

## सूरमा हॉकी क्लब ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी



- हॉकी इंडिया लीग के हुई नीलामी टूर्नामेंट में उतरेंगी आठ फ्रेंचाइजी

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने इस स्टार ड्रैग फ्लिकर को 78 लाख रुपये में खरीदा। सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों की सेवाएं हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च की।

अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपये खर्च किए। अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपये की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। विदेशी गोलकीपर में आयरलैंड के डेविड हार्टे सबसे अधिक राशि में बिके। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा। जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग (हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये), नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये) और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश (सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपये में) पर भी टीमों ने मोटी रकम खर्च की। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपये और 15 लाख रुपये में खरीदा।

## महिला अंतर-विभागीय हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से

**नई दिल्ली।** चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जो 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 20 को, जबकि फाइनल और तीसरे-चौथे स्थान के मैच 21 को खेले जाएंगे। पूल ए में गत चैंपियन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स जबकि पूल बी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी - हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल सी में भारतीय खेल प्राधिकरण, यूको बैंक महिला हॉकी अकादमी और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जबकि पूल डी में सशस्त्र सीमा बल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड शामिल हैं।

## जयवर्धने फिर बने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच

**मुंबई।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था।

जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे। मुंबई इंडियंस ने 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया लेकिन इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा हमेशा विकास करने की रही है। 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक ग्रुप बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## बॉलीवुड हलचल



### परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा हेगड़े

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े श्रीलंका में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाएंगी। पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, पूजा अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका जा रही हैं। मुंबई में अपने परिवार के साथ दशहरा मनाने के बाद पूजा हेगड़े अपना जन्मदिन मनाने के लिए श्रीलंका जा रही हैं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है। वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आएंगी।

### वरूण-जैकी की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर बेबी जॉन में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जैकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। जैकी श्रॉफ के किरदार का नाम बब्बर शेर है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है। टीजर में जैकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है। वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है। वरूण धवन ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म बेबी जॉनका निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। बेबी जॉन को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है। बेबी जॉन 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने पहले वीकेंड पर कमाए 81 करोड़ रुपये

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

## रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

बार्सिलोना, एजेंसी



- स्पेन ने नेशंस लीग के मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया

यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप 4 फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए संघर्ष करते स्पेन के लैमिन यामल, दाएं और डेनमार्क के विक्टर क्रिस्टियनसेन। ● एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतर्राष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। डेनमार्क दूसरे स्थान पर है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में स्विट्ज़रलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# साईबाबा का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करेंगे परिजन

हैदराबाद, एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा के परिजनों ने रविवार को बताया कि साईबाबा की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जाएगा। पार्थिव शरीर 14 अक्टूबर को गांधी मेडिकल कॉलेज को सौंपा जाएगा।

माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में सात महीने पहले बरी किए गए साईबाबा का ऑपरेशन के बाद की समस्याओं के कारण शनिवार को सरकारी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 58 वर्ष



के थे। परिवार ने बताया कि निम्स के शवगृह में रखे गए साईबाबा के पार्थिव शरीर को 14 अक्टूबर को गन पार्क ले जाया जाएगा और वहां से उनके भाई के आवास पर ले जाया जाएगा तथा सार्वजनिक रूप से श्रद्धांजलि देने के लिए रखा जाएगा।

### जेल में अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के चलते हुई मौत

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड (एनपीआरडी) ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ गईं जो उनकी मृत्यु का कारण बनीं। एनजीओ ने साईबाबा के कारावास के दौरान सामने आई चुनौतियों और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया।

# गुजरात में पांच हजार करोड़ मूल्य की 518 किलो कोकीन बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एक पखवाड़े में 13,000 करोड़ मूल्य की कोकीन और 40 किलो मारिजुआना हुई है जब्त**

गुजरात के अंकलेश्वर में दिल्ली और गुजरात पुलिस ने रविवार को संयुक्त अभियान में पांच हजार करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की। साथ ही दिल्ली और गुजरात में एक पखवाड़े के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13,000 करोड़ रुपये मूल्य की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना जब्त की गई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और गुजरात पुलिस ने रविवार को अंकलेश्वर में एक दवा कंपनी में तलाशी के दौरान 518 किलोग्राम कोकीन बरामद करने का दावा किया। जब्त कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। विशेष प्रकोष्ठ ने एक अक्टूबर को दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम पर छापा मारकर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की दुकान से 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई थी। पुलिस को पता चला कि यह मादक पदार्थ एक कंपनी का था, जिसने इसे अंकलेश्वर की दवा कंपनी से प्राप्त किया था।

## तकनीक से कदमताल



रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र के दौरे के दौरान तकनीक को करीब से जानने और समझने की कोशिश में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## एक नजर

### मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगी गिरफ्तार

**शिमला।** अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में आशीष (33), सिकंदर ठाकुर (24), कुलवंत (42) और नारेह कुमार (36) है। सभी आरोपी शिमला जिले के रोहड़ू के निवासी हैं। शिमला एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि ये आरोपी महात्मा के मादक पदार्थ गिरोह में सक्रिय रूप से लिप्त थे। पुलिस के मुताबिक महात्मा को इस साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था और उसके 40 से अधिक सहयोगी हैं। पुलिस के मुताबिक वह साथियों के साथ मिलकर पांच-छह सालों से सेब के कारोबार की आड़ में मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहा था और इसके तार दिल्ली में नाइजीरियाई मादक पदार्थ गिरोह और हरियाणा के दूसरे गिरोहों के साथ जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका में विवि के पास गोलीबारी से एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एबीसी न्यूज ने पुलिस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। पहले बताया गया था कि गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन पीड़ितों या शूटरों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार, यह संभवत: एक गोलीबारी थी, जिसमें कई पीड़ित शामिल थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### जम्मू में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू में रविवार को मादक पदार्थों के तीन कथित तस्करों को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस ने उन्हें मीरां साहिब के निकट वाहन जांच के दौरान रोका। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### चटगांव बंदरगाह के पास जहाज में लगी आग

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर विस्फोट के बाद रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहे हल्के जहाज में आग लग गई। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार कुतुबदिया उपजिला के कार्यवाहक निर्बाही अधिकारी (उप-विभागीय कार्यकारी अधिकारी) मुहम्मद शहादत हुसैन ने कुतुबदिया प्वाइंट के पास हुई दुर्घघटना की पुष्टि की है। हुसैन ने कहा कि बंगलादेश नौसेना और तटरक्षक बल को इस घटना के बारे में सूचना दे दी गयी है। नौसेना जहाज में फंसे चालक दल के सदस्यों के निकासी का काम कर रही थी। आग बुझाने के लिए तटरक्षक बल और चटगांव बंदरगाह की नौकाओं ने भी नौसेना की मदद कर रही हैं।

### 25 अफगानिस्तानी कैदियों को इराक ने किया रिहा

**काबुल।** इराक में कैद कुल 25 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन कैदियों को कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण छह महीने तक इराक में कैद रखा गया था। रिहा होने के बाद वे निमरोज सीमा से होते हुए ईरान के रास्ते अफगानिस्तान लौट आए। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की जेलों से कम से कम 15 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया और वे अफगानिस्तान लौट आए।

# लेबनान पर इजराइली हमला तेज एक सदी पुराना बाजार किया ध्वस्त

## हमले में एक ही परिवार के आठ की लोगों की हुई मौत, छह बच्चे भी शामिल

- **इजराइली सेना बोली- कोशिश करते हैं हमलों में आम नागरिकों को न पहुंचे नुकसान**

दीर अल-बला, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में इजराइल के हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए गए इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में एक सदी पुराना बाजार नष्ट हो गया। दीर अल-बला स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि गाजा में शनिवार देर रात को नुसरत शरणार्थी शिविर में एक मकान पर हमला किया गया जिसमें माता-पिता और आठ से 23 साल की उम्र के उनके छह बच्चों की मौत हो गई। शवों को इसी अस्पताल में लाया गया था।

एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने शवों की गिनती की है। हमास के साथ युद्ध को एक साल से अधिक समय होने पर भी इजराइल के हमले जारी हैं और वह गाजा में लगभग हर दिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमलों में आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करती है तथा उनकी मौतों के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों से काम करने वाले हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों को दोषी ठहराती है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है और इस महीने की शुरुआत में हुए मिसाइल हमले के प्रतिशोध में उसके ईरान पर हमला करने की आशंका है लेकिन उसने यह नहीं बताया है कि वह कैसे या कब हमला करेगा। ईरान इन दोनों चरमपंथी समूहों का समर्थन करता है और उसने कहा है कि वह इजराइली हमले का जवाब देगा।

उत्तरी गाजा में इजराइल के हवाई और जमीनी बल जबालिया पर हमले कर रहे हैं, जहां उसके अनुसार आतंकवादी पुनः संगठित हो गए हैं। इजराइल ने गाजा सिटी समेत उत्तरी गाजा को पूरी तरह खाली करने का आदेश दिया है। युद्ध के शुरूआती सप्ताहों में जारी इन आदेश के बाद अनुमानतः 4,00,000 लोग उत्तरी गाजा में रह गए हैं। फलस्तीनियों को डर है कि इजराइल उत्तरी गाजा में आबादी को स्थायी रूप से खत्म करके वहां सैन्य अड्डे बनाना या यहूदी बस्तियां बसाना चाहता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि एक अक्टूबर से उत्तरी गाजा में कोई खाद्य सामग्री नहीं पहुंची है। सेना ने शनिवार को पुष्टि की कि अस्पतालों को भी खाली करने का आदेश दिया गया है, लेकिन उसने इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है।

### अब तक मारे गए हैं 42 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजराइल की बमबारी और उसके जमीनी आक्रमण में 42,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अधिकतर क्षेत्र बर्बाद हो गया है। इस बीच, इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में तुर्क काल का एक बाजार तबाह हो गया है। इजराइली हवाई हमलों ने रात भर दक्षिण नेबातियेह शहर में तुर्क काल का एक बाजार ध्वस्त कर दिया जिसमें एक से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सिविल डिफेंस ने कहा कि 1910 के बाजार में 12 रिहायशी इमारतों और 40 दुकानों पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है। एक अन्य घटना में लेबनानी रेड क्रॉस ने बताया कि अर्द्ध चिकित्सक दक्षिणी लेबनान में रविवार को इजराइली हवाई हमले में ध्वस्त एक मकान के मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### थाड तोपखाना, सैनिक भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल को एंटी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) और सैनिक भेजेगा, जबकि ईरान ने वाशिंगटन को अमेरिकी सैन्य बलों को इजराइल से बाहर रखने की चेतावनी दी है। पेंटागन के प्रवक्ता मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर थाड तोपखाने की तैनाती को मंजूरी दी है। राइडर ने कहा कि यह वायु रक्षा प्रणाली अप्रैल और अक्टूबर में इजराइल पर किये गए ईरान के मिसाइल हमलों के बाद, इजराइल की हवाई रक्षा को मजबूत करने में मदद करेगी।

# ब्रिक्स की सैन्य संगठन बनने की कोई योजना नहीं: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिक्स कभी भी सैन्य संगठन नहीं रहा है और न ही बनने की योजना बना रहा है, भले ही इसके विपरीत कोई आरोप क्यों न लगाया गया हो। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है।

- **अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं, समान विचार वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है**

ब्रिक्स एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है। द टाइम्स में सितंबर में प्रकाशित लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों (राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध) पर टिकी हुई है।

मंत्रालय ने कहा है कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं।

# सभी लोग देश के विकास के लिए काम करें : शहाबुद्दीन

ढाका, एजेंसी

- **बांग्लादेश के राष्ट्रपति बोले- धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र कल्याण के लिए होना चाहिए**



बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को सभी धर्मों के लोगों से देश को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। दुर्गा पूजा देशभर में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। देश को आगे ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

समाचार पत्र द डेली स्टार के अनुसार दुर्गा पूजा समारोह के मौके पर बंगभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहाबुद्दीन ने जाति या धर्म से परे सभी नागरिकों से एकजुट होकर विकसित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। हिंदू समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी बांग्लादेशी हैं और एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारे देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक के बीच भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि बदलती परिस्थितियों में बांग्लादेश को विकसित, समृद्ध और भेदभाव रहित देश बनाने के लिए पूर्ण सहिष्णुता, आपसी विश्वास और सहयोग के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि बंगाली परंपराएं और संस्कृति दुर्गा पूजा में घुली-मिली हैं, जो न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक त्योहार भी है।

सभी की सामूहिक भागीदारी ने इस त्योहार को सार्वभौमिक बना दिया है। इस बीच, रविवार को देशभर के जलाशयों में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। ढाका में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बुरीगंगा नदी के किनारे एकत्र हुए। पुलिस ने मूर्ति विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है।

# मुंबई में खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल से कार शेड में प्रवेश करते समय रविवार दोपहर खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे पश्चिमी रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 10 बजे हुई दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना से उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं, क्योंकि दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। अधिकारी ने बताया कि चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हुआ। हालांकि, परिचालन जारी रखने के लिए इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों को फास्ट लाइन पर भेजा गया। पटरी से उतरने के कारण कम से कम 60 ट्रेन रद्द कर दी गईं और कई अन्य के संचालन में देरी हुई। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि डिब्बों को पटरी पर लाने में करीब साढ़े तीन घंटे लग गए। दुर्घटना की वजह से डाउन स्लो लाइन और दक्षिणी छोर से महालक्ष्मी कारशेड की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। डिब्बों को पटरी पर लाने के करीब दो घंटे बाद शाम करीब 5 बजकर 35 मिनट पर डाउन स्लो लाइन पर सेवाएं बहाल कर दी गईं।

# पाकिस्तान के कुर्रम में हुई झड़पें, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि शनिवार सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई शुरू हुयी।

गोलीबारी से दो कंज अलीजई आदिवासी घायल हो गये। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार घटना के तुरंत बाद यात्रियों और अन्य कारों पर हमले हुए और लड़ाई तेजी से जिले के कई इलाकों तक फैल गई। घायलों को पाराचिनार के जिला अस्पताल लाया गया।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की रिपोर्ट जल्द जारी होने की उम्मीद

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था खजाना, कीमती सामानों की सूची का लिया जायजा**

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की तकनीकी सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द जारी होने की संभावना है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सितंबर में यह कवायद की थी, जिसमें रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ के खजाने का कक्ष) का ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रेडार (जीपीआर) सर्वेक्षण शामिल था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अगले तीन से चार दिनों में जीपीआर सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी अगर कीमती सामान का कोई छिपा हुआ भंडार पाया जाता है, तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अन्यथा, एएसआई रत्न भंडार की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा। रत्न भंडार को 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था, ताकि कीमती सामानों की सूची का जायजा लिया जा सके और रत्न भंडार की मरम्मत की जा सके।

खजाने के आंतरिक और बाहरी कक्षों से आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को मरम्मत कार्य के लिए मंदिर के अंदर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में संग्रहीत किया गया है। हरिचंदन ने कहा कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने और सूची तैयार होने के बाद कीमती सामान को रत्न भंडार में वापस रखा जाएगा।

# यौन उत्पीड़न के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पताल में महिला डॉक्टर का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के नेतृत्व में आप की महिला नेताओं का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आवास पर पहुंचा। सूत्रों के अनुसार उप-राज्यपाल कार्यालय को सूचित करने के बावजूद प्रतिनिधिमंडल को उनसे मुलाकात का समय नहीं दिया गया।

बयान अनुसार बिड़ला, आप विधायक धनवती चंदेला, प्रीति तोमर, वंदना कुमारी, भावना गौर एवं कई आप पार्षदों के साथ उपराज्यपाल के आवास के बाहर घंटों खड़ी रहीं, लेकिन उपराज्यपाल से मुलाकात नहीं हो सकी। बिड़ला ने कहा कि उपराज्यपाल महिला विरोधी हैं। हम महिला डॉक्टर के लिए न्याय की गुहार लेकर आए हैं, जिसका एक साल से उत्पीड़न हो रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय, डॉक्टर का तबादला कर दिया गया और उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया।



# दक्षिणी मिस्र में ट्रेनों की टक्कर में 20 लोग घायल

काहिरा। दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में रविवार तड़के लोकोमोटिव और ट्रेन में हुई टक्कर में 20 लोग घायल हो गये, हालांकि अब तक किसी की मौत नहीं हुई है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मिस्र के रेलवे प्राधिकरण ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब लोकोमोटिव दक्षिणी प्रांत असवान से राजधानी काहिरा की ओर जा रही ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गया, जिससे ट्रेन के दो डिब्बे अलग हो गए। परिवहन मंत्री कामेल अल-वज़ीर ने टक्कर के तकनीकी कारणों का पता लगाने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया है।

**मिलेगी सुविधा** | बुजुर्गों पर केंद्रित अधिक स्वास्थ्य पैकेज एबी-पीएमजेएवाई में जोड़े जाने की संभावना

# छह करोड़ वृद्धों को मिलेगा स्वास्थ्य पैकेज का लाभ

- **एबी-पीएमजेएवाई की कार्यान्वयन एजेंसी एनएचए आवश्यकता का कर रही है आकलन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की ओर से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू करने की तैयारी के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) बुजुर्गों के लिए और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आकलन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विस्तारित योजना इस माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर निर्णय लेने वाली समिति और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। यह योजना वर्तमान में व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कैंसर और हृदयरोग जैसी 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। लाभार्थियों को अस्पताल की सेवाएं, जिनमें दवाएं (अस्पताल से छुट्टी के बाद 15 दिनों की दवाइयां शामिल हैं), डायग्नोस्टिक सुविधाएं (भर्ती से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। सूत्र ने बताया कि अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पतालों में भर्ती भी वर्तमान योजना के अंतर्गत आती हैं। सूत्र ने कहा कि जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए दोबारा आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी दोबारा पूरा करना होगा।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा पहले से ही एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों से संबंधित लोगों को अपने लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा, जिसे उन्हें 70 वर्ष से कम आयु के अन्य परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा। अधिकारियों ने पूर्व में बताया था कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे भी इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

हालांकि, जो लोग पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं, जैसे कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी-पीएमजेएवाई का विकल्प चुन सकते हैं।

### हर वर्ग के वृद्ध होंगे मुफ्त इलाज के लिए पात्र

चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, उच्च-मध्यम वर्ग हो या अमीर हो, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने और विस्तारित योजना के शुरू होने पर एबी-पीएमजेएवाई-सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पात्र होगा। एक सितंबर तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया था, जिसे वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होगा। सूत्रों ने बताया कि यह एक आवेदन आधारित योजना है और लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान ऐप पर पंजीकरण कराना होगा।